CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 23°C

मुजफ्फरनगर, रविवार 27 जुलाई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 195 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 1 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र भाजपा प्रमुख की रेस: ब्राह्मण-ओबीसी समीकरण में उलझी पार्टी
पेज 2



एशिया कप यूएई में खेला जाएगा
खेल टाइम्स



अमेरिका कोर्ट से ट्रम्प को फिर बड़ा झटका
पेज 11



दर्शकों को खूब पसंद आ रही सैयारा
बॉलीवुड

# ऑपरेशन सिंदूर से पाक को दिया सीधा संदेश: आर्मी चीफ

**श्रीनगर, वार्ता**



**सेना प्रमुख** जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कारगिल विजय दिवस की वर्षगांठ पर शनिवार को यहां कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल सैन्य कार्रवाई नहीं बल्कि भारत का संकल्प, संदेश और पाकिस्तान को निर्णायक जवाब था कि आतंकवाद को सहारा देने वाले अब नहीं बचेंगे।

जनरल द्विवेदी ने लद्दाख के द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद कहा कि वर्ष 1999 में भारतीय सेना ने ऑपरेशन विजय के अंतर्गत कारगिल की चोटियों पर अद्वितीय विजय प्राप्त की थी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेनाओं ने उस समय स्पष्ट कर दिया था कि उसकी सीमाओं के भीतर किसी भी नापाक इरादे को सफलता नहीं मिलेगी। भारत की एकता और -शेष पृष्ठ दो पर

- **आतंकवाद के समर्थकों को बख्शा नहीं जाएगा, कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी**

## कारगिल विजय दिवस पर मुर्मू ने सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 1999 के कारगिल युद्ध के वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की और इस दिन को देश की संप्रभुता की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले भारतीय सैनिकों के असाधारण पराक्रम, अटूट साहस और सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक बताया। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने संदेश में लिखा कि कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मैं मातृभूमि के लिए प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं।

## खड़गे, सोनिया गांधी ने कारगिल नायकों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और संप्रग की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान प्राणों की आहुति देने वाले बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को बरसों तक 'भारत के इतिहास में वीरता का स्वर्णिम अध्याय' बताया जो पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। राज्यसभा में विपक्ष के नेता श्री खड़गे ने 'एक्स' पर लिखा कि कारगिल विजय दिवस पर हम अपने सशस्त्र बलों के बहादुर सैनिकों, पूर्व सैनिकों, उनके परिवारों और सभी साथी भारतीयों को हार्दिक बधाई देते हैं।

# हमारे बहादुर जवानों की कुर्बानी प्रेरणा देती रहेगी: पीएम



**नई दिल्ली।** कारगिल विजय दिवस पर पीएम मोदी ने 1999 के कारगिल युद्ध में प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को शनिवार को श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रधानमंत्री ने इस दिन को भारत के उन वीरों के अद्वितीय साहस और अदम्य साहस की याद दिलाने वाला बताया जिन्होंने सर्वोच्च चोटियों पर राष्ट्र के सम्मान की रक्षा की। श्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखे एक पोस्ट में कहा कि कारगिल विजय दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। यह अवसर हमें भारत माता के उन वीर सपूतों के अद्वितीय साहस और पराक्रम की याद दिलाता है, जिन्होंने राष्ट्र के गौरव की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

## 50 करोड़ कीमत की 10 किलो हेरोइन जब्त, आठ गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब में सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए, अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस और काउंटर इंटेलिजेंस ने पाकिस्तान स्थित तस्करों से सीधे जुड़े एक सुसंगठित हेरोइन तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है तथा उनके पास से 50 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की 10 किलो हेरोइन बरामद की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में एक किशोर सहित आठ तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से दस किलो एक सौ ग्राम हेरोइन बरामद की है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत लगभग 50 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

## झारखंड के डैम में डूबने से चार युवकों की मौत

**नई दिल्ली।** झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में चेक डैम में डूबने से चार युवकों की मौत हो गई। सभी दलाईकला गांव के रहने वाले थे और डैम में नहाने आए थे। इनमें दो युवक बेस्ट फ्रेंड थे, जबकि दो आपस में रिश्तेदार थे।

### बेबाकी से कहा सीजेआई ने

# सरकार और अदालतों में एक जैसी लालफीताशाही

**अमरावती, वार्ता**

**भारत के** मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने जनता के घर-द्वार तक न्याय

**न्यायपालिका का विकेंद्रीकरण हो: गवई**

पहुंचाने के लिए न्यायपालिका के विकेंद्रीकरण का सुझाव दिया। वे अपने पैतृक जिले अमरावती के दरियापुर कस्बे में कोर्ट बिल्डिंग का उद्घाटन करने पहुंचे थे।

सीजेआई गवई ने कहा कि न्यायिक अवसंरचना समिति के प्रमुख के रूप में उन्होंने नए तालुका और जिला न्यायालयों की स्थापना का एक मॉडल तैयार किया है। उनके प्रस्ताव पर काम हो रहा है, लेकिन अदालतों और सरकार में लालफीताशाही एक जैसी है। हालांकि उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस, एकनाथ शिंदे, उद्धव ठाकरे न्यायिक अवसंरचना कार्यों के प्रति सकारात्मक रहे हैं। आज भी पर्याप्त फंड दिया जा रहा है। सीजेआई ने कहा कि वह दरियापुर में -शेष पृष्ठ दो पर

## पुराने वाहन मामले में राहत के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची दिल्ली सरकार



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने एनसीआर में 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों पर प्रतिबंध में ढील देने की मांग करते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ इस मामले में सोमवार को सुनवाई करेगी। सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण के मद्देनजर अपनाए गए कड़े उपायों और बड़ी संख्या में लोगों होने वाली परेशानियों का हवाला देते हुए शीर्ष अदालत से 2018 के प्रतिबंध से संबंधित अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है। याचिका में कहा गया है कि प्रतिबंध से प्रदूषण मानकों का पालन करने वाले वाहनों के मालिकों को व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। सरकार ने 'एमसी मेहता बनाम भारत सरकार' मामले में एक आवेदन के जरिये शीर्ष अदालत से यह गुहार लगाई है।

## भगदड़ मामला: आरसीबी, इवेंट कंपनी और राज्य क्रिकेट संघ को जिम्मेदार बताया

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की विक्ट्री डे परेड पर हुई भगदड़ को लेकर कर्नाटक सरकार की ओर से बनाए गए जस्टिस जॉन माइकल कुन्हा आयोग की रिपोर्ट सामने आई। इसमें स्टेडियम को बड़े आयोजनों के लिए असुरक्षित बताया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्टेडियम की डिजाइन ऐसी नहीं है कि वहां बड़ी संख्या में लोग सुरक्षित तरीके से इकट्ठा हो सकें।

## एनआईए ने आईएसआईएस की विचारधारा फैलाने वाले के खिलाफ किया आरोपपत्र दायर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कुख्यात आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) की कट्टरपंथी विचारधारा फैलाने और षड्यंत्र मामले के एक मुख्य आरोपी के खिलाफ तमिलनाडु में शनिवार को आरोपपत्र दायर किया।

एनआईए के अनुसार अलफसिथ नाम का यह आरोपी तमिलनाडु के मयिलादुथुराई का रहने वाला है और उसके खिलाफ खिलाफ पूनमल्ले (तमिलनाडु) स्थित एनआईए की विशेष अदालत में भारतीय दंड संहिता की धारा 153 ए और 505 तथा गैर कानूनी गतिविधि (निवारण) अधिनियम की धारा 13 और 39 के तहत आरोपपत्र दायर किया गया है। अलफसिथ आईएसआईएस के कट्टर समर्थकों मोहम्मद आशिक और साथिक बच्च के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ था। ये दोनों तमिलनाडु में आतंकवाद से संबंधित कई मामलों में शामिल थे।

Transform your DREAMS into REALITY @
Shri Ram College
Parikarma Marg, Muzaffarnagar
Approvals | Affiliations
src_mzn@rediffmail.com www.srgcmzn.com
UNIVERSITY GRANT COMMISSION A++ NAAC UGC

First "Autonomous" College of the Universities of Western Uttar Pradesh
Ranked among the "Top 25 NAAC Accredited Colleges of India" by NAAC (UGC)



Hon'ble Smt Anandiben Patel, Governor of UP felicitating Dr S C Kulshreshtha, Founder Chairman, SRC for getting "NAAC A++ Award"



Prof Vimala Y, VC, MS University, Saharanpur felicitating Dr Poonam Sharma, President & Sankalp Kulshreshtha, Secretary, Management Committee, SRC for getting "Autonomous Status"

Benefits to Study in Autonomous College
- Flexible & Future Ready Next Generation Programmes.
- Redesigned Multistream Existing Courses as per NEP-2020.
- Internship & Apprenticeship Based Programmes with Collaboration of Industries.
- For Dual Program New Certificate & Diploma Courses Tailored as per need of Industries & Market.
- Dual Programmes with International & National Collaborations.
- Courses with Enhanced Employability and Job Prospects.
- Own Admission Portal. No involvement of the University.
- Hi-tech and Hybrid Mode Teaching Pedagogies.
- Industry-Institution-Interface Forum (I3F).
- Performance Based Transparent Assessment.
- On Time, Grievances free and Syllabus Aligned Exams & Higher Credits for Internal Assessment.
- Declaration of Results in time and Transparent Evaluation Process.
- Industry & Market Ready Training with Excellent Placement.
- Mark Sheets and Certificate/ Diploma will be Issued by the College under its Seal and Degree by the Parent State University.

Scholarship more than ₹ 10 Crores Available

Maa Shakumbhari University
Saharanpur
Letter of Appreciation to
Shri Ram College, Muzaffarnagar

Maa Shakumbhari University, Saharanpur is overwhelmed and feels proud for Shri Ram College, Muzaffarnagar which has become the only college certified with A++ grade by NAAC in the entire state of Uttar Pradesh.

It is equally an unprecedented and historical achievement for Maa Shakumbhari University that its affiliated college Shri Ram College, Muzaffarnagar has become "Autonomous College" not only the first college of the University but also the first college of universities of Western Uttar Pradesh. The management, faculty members, staff and students deserve great appreciation for this achievement.

Maa Shakumbhari University expresses its appreciation towards the efficient leadership of Shri Ram College and hopes that the college will also illuminate other educational institutions of the University with its aura.

With best wishes for the bright future of the college,

Date- 28th March 2025
Place- Muzaffarnagar
* Excluding Tech University

(Professor Vimala Y)
Vice Chancellor

Note: Being Autonomous College, Shri Ram College is not available at M S University Admission Portal

Courses Offered
BCA | BBA | BCom | MCom | BFA | MFA | BSc- Agri | MSc-Agronomy | MSc- Agri Chem & Soil Sc
BSc-Phy, Chem, Maths, Zoology, Botany | MSc- Maths, Chem, Zoology, Botany | BSc- Biotech | MSc- Biotech
BSc- Microbio | MSc- Microbio | BSc- Clinical Nutrition & Dietetics | MSc- Home Mgmt, Food & Nutrition, Clothing & Textile | BAJMC | MAJMC | BPES | BPEd | BEd | MEd | BScBEd | BComBEd | BABEd (under ITEP)
Apprenticeship Embedded Degree Programs (AEDP)- BCom- Banking, Financial Services & Insurance
BSc- Tourism & Hospitality Management
Certificate Courses * Professional Communication & Public Speaking * Computer Hardware & Networking * Landscaping & Ornamental Gardening * Protected Cultivation * Tally * Chemistry Laboratory Technique * Applied Physics for Renewable Energy System * Writing Skills for Modern Media * Bio-Entrepreneurship in Industrial Biotechnology & Microbiology * Beautician Course * Early Child Care & Education * Digital Marketing
Diploma * Journalism * Fashion Design * Jewelry Design * Nutrition & Dietetics * Sports Mgmt * Cyber Security & Digital Forensics * Data Analytics
P G Diploma * Educational Management & Administration | Advance Diploma * Software & Web Development

For SRGC Students One Certificate course is FREE and 75% Discount for additional Certificate and Diploma courses.

For Admission
Scan QR code
or
Register on
www.srcmzn.com
by clicking the link
Apply for
Registration: 2025-26

For Further Information Please Contact @
Business Administration: 9927729646; Agriculture: 9412192801; Computer Application: 9358348700; Bioscience: 9456895886; Sciences: 9411275100; Commerce & AEDP: 9917160786; Edu.: 8394930091; Phy Edu.: 7817861855; Fine Arts: 9719402220; Journalism: 9927668855; Home Sc. & AEDP: 8800538281

# डेमोक्रेटिव ग्लोबल लीडर रेटिंग में मोदी टॉप पर

**नई दिल्ली, वार्ता**

- **दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति दूसरे स्थान पर**
- **टैरिफ वॉर की वजह से ट्रम्प को आठवां स्थान मिला**

**पीएम मोदी** ने शनिवार को जारी डेमोक्रेटिव ग्लोबल लीडर अप्रूवल रेटिंग में टॉप स्थान प्राप्त किया है। उन्हें 75 फीसदी अप्रूवल रेटिंग मिली है।

दूसरे स्थान पर दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग हैं। जे म्युंग को 59 फीसदी अप्रूवल रेटिंग मिली है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को अंडर 5 में जगह नहीं मिली है। ये आंकड़े अमेरिका स्थित व्यवसायिक खुफिया फर्म मार्निंग कंसल्ट जारी करती है। ट्रम्प को 45 फीसदी से कम अप्रूवल रेटिंग के साथ आठवां स्थान मिला है। यह ताजा ग्लोबल लीडर अप्रूवल रेटिंग 4 से 10 जुलाई 2025 के बीच की है।

## 17 सांसद संसद रत्न से सम्मानित

**नई दिल्ली।** लोकसभा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 17 सांसदों को संसद रत्न पुरस्कार 2025 के लिए चुना गया है। इनमें एनसीपी शरद गुट की सुप्रिया सुले, भाजपा के रविकिशन और निशिकांत दुबे और शिवसेना यूबीटी के अरविंद सावंत का नाम शामिल है। संसद रत्न बनने वाले सांसदों में सबसे ज्यादा 7 सांसद महाराष्ट्र से हैं। इनके अलावा 4 स्पेशल जूरी अवॉर्ड भी शामिल हैं। इनमें भाजपा के भर्तृहरि महताब, क्रांतिकारी समाजवादी पार्टी के एनके प्रेमचंद्रन, एनसीपी शरद गुट की सुप्रिया सुले और शिवसेना के श्रीरंग अप्पा बार्ने शामिल हैं। इन सभी ने 16वीं लोकसभा के बाद से लगातार अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखा है। बाकी सांसदों में भाजपा की स्मिता उदय वाघ, शिवसेना के नरेश म्हस्के, कांग्रेस की वर्षा गायकवाड़, भाजपा की मेधा कुलकर्णी, प्रवीण पटेल, विद्युत बरन महतो और दिलीप सैकिया भी शामिल हैं।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फक्कीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट
जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### छांगुर के भतीजे सबरोज के ठिकाने पर चला बुलडोजर

बलरामपुर। अवैध धर्मांतरण के सरगना छांगुर उर्फ जमालुद्दीन के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई जारी है। शनिवार को छांगुर के भतीजे सबरोज के ठिकानों पर प्रशासन का बुलडोजर गरजा और सरकारी जमीन पर बने अवैध निर्माण को ढहा दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे। गैंडास बुजुर्ग थाना क्षेत्र के रेहरा माफी में सबरोज का ठिकाना सरकारी जमीन पर बनाया गया था। वहीं छांगुर के करीबियों पर प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई भी जारी है। अवैध मकान को ढहाने की स्थिति का जिला. धिकारी व पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि नवीन परती की जमीन पर सबरोज ने मकान बनाया था।

### कर्नाटक के दो अधिकारियों के बीच मारपीट में चले जूते

नई दिल्ली/बेंगलुरु। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित कर्नाटक भवन में तैनात राज्य सरकार के दो वरिष्ठ अधिका. रियों के बीच हुई बहस के बाद मारपीट होने की खबर सामने आई है। उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के विशेष अधिकारी एच. अंजनेया ने सहायक स्थानीय आयुक्त एवं मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के विशेष अधिकारी सी. मोहन कुमार पर जूते से उन पर हमला करने का आरोप लगाया है। यह घटना नई दिल्ली स्थित कर्नाटक भवन के कार्यालय परिसर में घटी और तब प्रकाश में आई, जब अंजनेया ने स्थानीय आयुक्त इमकोंगला जमीर के समक्ष औपचारिक शिकायत दर्ज कराते हुए कुमार के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की मांग की। अंजनेया ने अपनी शिकायत में कहा कि मुझे जूते से पीटा गया और मेरे सम्मान एवं गरिमा को ठेस पहुंची है।

# उप्र भाजपा प्रमुख की रेसः ब्राह्मण व ओबीसी समीकरण में उलझी पार्टी



लखनऊ, वार्ता

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई में नए अध्यक्ष को लेकर मंथन जारी है। संगठन के सूत्रों की मानें, तो छह नामों की एक सूची राष्ट्रीय नेतृत्व को भेजी गई है, उसमें दो ब्राह्मण, दो पिछड़े समुदाय से और दो दलित समुदाय से हैं। इन नामों पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। जल्द ही शीर्ष नेतृत्व द्वारा इसका ऐलान भी कर दिया जाएगा।

दरअसल भारत के सबसे ज्यादा आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में अगले साल पंचायत चुनाव होने हैं। वहीं 2027 की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और राज्य इकाई प्रमुख का चुनाव इन बातों को ध्यान में रखकर ही किया जाएगा। राज्य में लोकसभा चुनाव में मिली हार को पलटकर लखनऊ में लगातार तीसरी बार जीत हासिल करना चाहेगी। भाजपा ने 37 में से 25 से ज्यादा संगठनात्मक इकाइयों में राज्य प्रमुखों का चयन कर लिया है। अपने अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम की भी तैयारी कर रही है। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि सुझाए गए नामों में पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा और बस्ती के पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी (दोनों ब्राह्मण), उत्तर प्रदेश के मौजूदा मंत्री धर्मपाल सिंह और मौजूदा केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा (दोनों ओबीसी), और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामशंकर कठेरिया और मौजूदा एमएलसी विद्यासागर सोनकर (दोनों दलित) शामिल हैं। भाजपा नेता ने कहा कि संगठन ने अपनी ओर से केंद्रीय नेतृत्व को उपयुक्त नाम सुझाए हैं, जिन पर उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पद के लिए विचार किया जा सकता है और नेतृत्व सक्रिय रूप से उनका मूल्यांकन कर रहा है। अगले दो हफ्तों में और संभवतः उससे भी पहले कोई फैसला होने की संभावना है। अपनी साफ-सुथरी छवि और शैक्षणिक योग्यता के लिए जाने जाने वाले ब्राह्मण नेता शर्मा को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और शीर्ष नेतृत्व का विश्वास प्राप्त है। द्विवेदी भी ब्राह्मण हैं और युवा तथा संसदीय अनुभव लेकर आते हैं।

# आरओ-एआरओ परीक्षा यूपी के २३८२ केंद्रों पर आज

## यूपीपीएससी के इतिहास की सबसे बड़ी परीक्षा पर पर निगरानी के लिए व्यापक इंतजाम किए गए

प्रयागराज, वार्ता

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) के इतिहास की सबसे बड़ी परीक्षा समीक्षा अधिकारी (आरओ)/सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 पर निगरानी के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। यह परीक्षा 27 जुलाई को प्रदेश के 2382 केंद्रों पर होगी।

इससे पूर्व 1। फरवरी 2024 को हुई इसी परीक्षा में पेपर लीक हो गया था और उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग को परीक्षा निरस्त करनी पड़ी थी। यह परीक्षा अब डेढ़ साल बाद होने जा रही है और इस दौरान परीक्षा की पारदर्शिता व निगरानी के लिए कई बड़े निर्णय लिए गए। आरओ/एआरओ परीक्षा पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की निगरानी में होगी। किसी भी गड़बड़ी की आशंका पर कंट्रोल रूम को सीधे अलर्ट मिल जाएगा और गड़बड़ी को रोका जा सकेगा। परीक्षा कक्ष में अगर कोई अभ्यर्थी उधर-उधर देखता है या धीमे से भी कुछ बोलता है, तो एआई तकनीकी मदद से उसे तुरंत चिह्नित कर लिया जाएगा। सिर्फ अभ्यर्थी ही नहीं बल्कि कक्ष निरीक्षकों पर भी एआई की निगरानी होगी, ताकि किसी भी तरह से गड़बड़ी की कोई आशंका न रह जाए। आरओ/एआरओ के 411 पदों पर भर्ती के लिए 1076004 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं। आयोग को पहली बार इस परीक्षा के लिए प्रदेश के सभी जिलों में केंद्र बनाने पड़े हैं। प्रयागराज में कुल 106 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के दौरान प्रवेश/निकास द्वार पर किसी भी तरह की हलचल का पता चलने पर अलर्ट रहेगा। कक्षाओं के अंदर फर्नीचर ठीक से व्यवस्थित न होने पर अलर्ट, कैमरे ऑफलाइन होने या मास्किंग या ब्लैक स्क्रीन द्वारा छेड़छाड़ किये जाने पर अलर्ट, परीक्षा से एक घंटे पहले या बाद में कक्षाओं में किसी भी तरह की हलचल होने पर भी अलर्ट रहेगा। 27 जुलाई को आरओ/एआरओ की भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए रेलवे आठ कोच की मेमू ट्रेन का संचालन बनारस से प्रयागराज जंक्शन होते हुए कानपुर तक करेगा। गाड़ी संख्या 05187 बनारस से 26 जुलाई की शाम 6.00 बजे रवाना होकर रात 8.32 बजे प्रयागराज रामबाग, 8.52 बजे प्रयागराज जंक्शन एवं रात 11.40 बजे कानपुर पहुंचेगी। दूसरी ओर यूपी रोडवेज द्वारा ऑन डिमांड अतिरिक्त बसों का संच. लन किया जाएगा।



■ यूपी में परीक्षा पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की निगरानी में होगी

## भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता के सरकार के दावे खोखलेः राहुल

# विफलता सिर्फ सड़े हुए सिस्टम का आईना

नई दिल्ली, वार्ता



■ देशभर में लीक हो रहे पेपर माफियाओं पर नकेल कसने में सरकार विफल

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि देश में बड़े स्तर पर पेपर लीक हो रहे हैं और उम्मीदवारों के सैकड़ों किलोमीटर यात्रा कर परीक्षा केंद्र तक पहुंचने पर परीक्षाएं रद्द होने की सूचना मिलती है जिससे युवाओं में निराशा है, लेकिन मोदी सरकार तंत्र की इस विफलता को तोड़ने में नाकाम साबित हो रही है।

गांधी ने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि मोदी सरकार परीक्षाओं में पारदर्शिता की बात करती है, लेकिन देश भर में बड़े स्तर पर पेपर लीक की घटनाएं हो रही है और सरकार माफियाओं पर नकेल कसने में पूरी तरह से विफल रही है। कांग्रेस नेता ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) फेज़-13 की परीक्षा में सामने आ रही गड़बड़ियां सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि मोदी सरकार के विफलता और सड़े हुए सिस्टम का आईना हैं। अभ्यर्थी 400-500 किलोमीटर दूर से परीक्षा देने केंद्र पर पहुंचता है पता चलता है कि उनकी परीक्षा रद्द कर दी गई है। उन्होंने कहा कि सिस्टम की खामियों के कारण लगातार पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने की घटनाएं हो रहे हैं, जिसके कारण लाखों युवाओं और उनके परिवार के लोगों की मेहनत, समय और उम्मीदें बर्बाद हो रही हैं। पिछले 10 साल में नीट, एसईटी, यूपीपीएससी, बीपीएससी और बोर्ड परीक्षाओं सहित 80 से ज्यादा पेपर्स में खुलेआम धांधली हुई है। सिर्फ इस साल की धांधली से 85 लाख बच्चों का भविष्य प्रभावित हुआ है, लेकिन इन्हें रो. कने में सरकार नाकाम रही है और भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता तथा सुधार के बड़े-बड़े उनके वादे खोखले साबित हुए हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि पेपर लीक की घटनाएं सरकार के निकम्मेपन, प्रशासनिक भ्रष्टाचार और परीक्षा माफियाओं के गठजोड़ का नतीजा है। युवाओं के सपनों के साथ यह विश्वासघात बंद होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने एक अखबार और समाचार चैनल की खबर को भी पोस्ट किया है, जिसमें पेपर लीक के संकट का विस्तृत विवरण दिया गया है।

## कथावाचक अनिरुद्धाचार्य के महिला विरोधी विवादित बयान पर भड़की कांग्रेस

लखनऊ। कथावाचक अनिरुद्धाचार्य महिलाओं को लेकर दिये गये विवादास्पद बयान के बाद लोगों के निशाने पर हैं और इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भी उन पर आज जमकर निशाना साधा। कांग्रेस ने कहा कि अनिरुद्धाचार्य का महिलाओं के प्रति दिया बयान बहुत ही निंदनीय है। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय सेवक संघ को निशाने पर लेते हुए कहा कि भाजपा और आरएसएस ऐसे लोगों का बचाव करती है, जो महिलाओं के प्रति अपमानजनक टिप्पणी करते हैं, क्योंकि भाजपा-आरएसएस महिलाओं का सम्मान नहीं करती, उन्हें महिलाओं का अपमान करने वाले पसंद हैं।

# संवैधानिक हक दिलाने में कांग्रेस विश्वासपात्र नहीं रहीः मायावती

लखनऊ, वार्ता



बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष द्वारा ओबीसी वर्ग के हितों को लेकर दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि ओबीसी के हित व संवैधानिक हक दिलाने के मामले में कांग्रेस कभी विश्वासपात्र नहीं रही है। यह दिल में कुछ व जुबान पर कुछ जैसी स्वार्थ की राजनीति ज्यादा लगती है।

बसपा प्रमुख ने शनिवार को अपने सोशल एकाउंट पर एक्स करते हुए लिखा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष द्वारा यह स्वीकार करना कि देश के विशाल आबादी वाले अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) समाज के लोगों की राजनीतिक व आर्थिक आशा, आकांक्षा व आरक्षण सहित उनका संवैधानिक हक दिलाने के मामलों में कांग्रेस पार्टी खरी व विश्वासपात्र नहीं रही है। यह कोई नई बात नहीं है। बल्कि यह दिल में कुछ व जुबान पर कुछ जैसी स्वार्थ की राजनीति ज़्यादा लगती है। सुश्री मायावती ने कहा कि वास्तव में उनका यह बयान उसी तरह से है जैसा कि देश के करोड़ों शोषित, वंचित व उपेक्षित एससी/एसटी समाज के प्रति रहा है। जिसके चलते इन वर्गों के लोगों को अपने आत्म- सम्मान व स्वाभिमान तथा अपने पैरों पर खड़े होने के लिए अलग से अपनी पार्टी बहुजन समाज पार्टी बनानी पड़ी है।

सेंसेक्स 82184.17 निफ्टी 25062.10 सोना रु. 98280 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट) अर्थ व्यापार चांदी रु. 113400 प्रति किलो

# मुंबई में रोडशो के जरिये योगी सरकार ने दिखाई औद्योगिक ताकत

लखनऊ, वार्ता



उत्तर प्रदेश को निवेश और निर्यात के राष्ट्रीय केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में मुंबई में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो का जोरदार रोडशो आयोजित किया गया।

देश की आर्थिक राजधानी में आयोजित इस आयोजन के माध्यम से टीम योगी ने महाराष्ट्र के व्यापार जगत, सोर्सिंग एजेंसियों और संस्थागत खरीदारों को न केवल आकर्षित किया, बल्कि उत्तर प्रदेश के साथ औद्योगिक साझेदारी को नया आयाम भी दिया। वालचंद हीरा. चंद हॉल में आयोजित इस रोडशो में उत्तर प्रदेश सरकार के एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाराष्ट्र सरकार और देश के प्रमुख उद्योग संगठनों के शीर्ष अधिकारी भी शामिल हुए। इस अवसर पर राकेश सचान ने कहा कि यूपीआईटीएस केवल एक व्यापार मेला नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की प्रतिभा और परंपरा का वैश्विक मंच है। ओडीओपी और पीएम विश्वकर्मा जैसी योजनाएं प्रदेश के एमएसएमई और कारीगरों को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिला रही हैं। आयुक्त उद्योग वी. पांडियन ने बताया कि 25 से 29 सितंबर 2025 तक ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाला यह मेला फूड प्रोसेसिंग, वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स, इंजीनियरिंग और ओडीओपी उत्पादों समेत कई क्षेत्रों को जोड़ने वाला बड़ा सोर्सिंग प्लेटफॉर्म होगा। उन्होंने बताया कि विशेष बी2बी बैठकें, अंतरराष्ट्रीय खरीदार प्रतिनिधिमंडल और निर्यात क्लस्टर यूपी की औद्योगिक शक्ति को दर्शाएंगे। ईपीसीएच अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने कहा कि भारतीय कारीगरों के उत्पादों का वैश्विक निर्यात देश की सामाजिक-आर्थिक तरक्की के लिए अत्यंत आवश्यक है। यूपीआईटीएस इसी दिशा में मजबूत कदम है। महाराष्ट्र चैंबर ऑफ कॉमर्स, बीएआई और इंडिया एक्सपो मार्ट के प्रतिनिधियों ने यूपी सरकार के इस दूरदर्शी प्रयास की सराहना की और राज्य के साथ मजबूत व्यापारिक संबंधों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। सीईओ सुदीप सरकार ने यूपीआईटीएस 2025 की विस्तारित विशेषताओं, ओडीओपी शोकेस, एमएसएमई पवेलियन, बी2बी ज़ोन और निर्यात क्लस्टर की जानकारी दी।

## सोने -चांदी के दाम में रही गिरावट

नई दिल्ली। देशभर में पिछले कई दिनों से ऊपर चढ़ रहे सोने के भाव पिछले एक हफ्ते में खूब तेजी से उतार-चढ़ाव से गुजरे हैं। जहां पिछले एक हफ्ते में सोना 1 लाख पार हो गया था, इसी बीच आज सोना 710 रुपए सस्ता हुआ है। आज देश में सोने का दाम 98,280 रुपए प्रति 10 ग्राम रहा। बीते दिन यह 99,030 रुपए प्रति 10 ग्राम था। वहीं शनिवार को चांदी का भाव 1,13,400 रुपए प्रति 1 किलो रहा। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के सर्राफा में आज सोने के भाव में 750 रुपए की मंदी दिखी है, तो वहीं चांदी 2,250 रुपए सस्ती हुई है।

अगर आप सोने के गहने खरीदने जा रहे हैं, तो कभी भी गुणवत्ता से समझौता न करें। हॉलमार्क देखकर ही गहने खरीदें, क्योंकि यही सोने की सरकारी गारंटी है। भारत में ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड्स हॉलमार्क का निर्धारण करता है। हर कैरेट के हॉलमार्क अंक अलग होते हैं, जिसे ध्यान से देखकर ही सोना खरीदें। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं, तो आपके सोने में मिलावट भी हो सकती है।

# चावल, गेहूं नरम, दालें सस्ती, अधिकतर खाद्य तेल महंगे



नई दिल्ली। घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल और गेहूं के भाव टूट गए। चीनी में तेजी रही। दालों में नरमी देखी गई। मूंगफली तेल को छोड़कर अन्य तेलों के दाम बढ़ गये। घरेलू थोक बाजारों में चावल की औसत कीमत 41 रुपये घटकर 3,795.97 रुपये प्रति क्विंटल पर रह गई।

गेहूं भी तीन रुपये रुपये टूटकर 2,828.56 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा करीब छह रुपये सस्ता होकर 3,282.98 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। मूंगफली तेल की कीमत 149 रुपये प्रति क्विंटल उतर गयी। अन्य खाद्य तेलों में तेजी रही। सरसों तेल में 142 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया। सोया तेल में 43 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़त दर्ज की गयी। वनस्पति करीब आठ रुपये प्रति क्विंटल और सूरजमुखी तेल 46 रुपये प्रति क्विंटल ऊपर रहा। पाम ऑयल में चार रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। दाल-दलहनों में तेजी रही। दलहन बाजार में मसूर दाल में औसतन आठ रुपये की बढ़त दर्ज की गई रही। चना दाल भी 20 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल 32 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल में 12 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी देखी गयी। दाल मूंग नौ रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। गुड़-चीनीः बाजार में गुड़ के औसत भाव करीब 15 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वहीं चीनी छह रुपये प्रति महंगी हुई। सरक. ारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहः

दाल-दलहनः दाल चना 7858.38, मसूर काली 8030.88, मूंग दाल 10137.40, उड़द दाल 10466. 24, अरहर दाल 10880.35 रुपये प्रति क्विंटल। अनाजः (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2828.56 रुपये और चावल 3795.97 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी.गुड़ः चीनी एस 4271.36 और गुड़ 4890.58 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेलः सरसों तेल 17378.72 रुपये, मूंगफली तेल 17579.46 रुपये, सूरजमुखी तेल 15314.85 रुपये, सोया रिफाइंड 13798.52 रुपये, पाम ऑयल 12257.66 रुपये और वनस्पति तेल 14479. 35 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

### ऑपरेशन सिंदूर...

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नहीं, बल्कि निवासी के रूप में आए हैं। उन्होंने कहा कि दरियापुर कोर्ट यह सुनिश्चित अखंडता पर कोई आंच नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर, ऑपरेशन विजय की कड़ी में दुश्मन को करारा जवाब है। उन्होंने कहा कि हमने शांति को असवर दिया, पर कायरता का उत्तर केवल पराक्रम से दिया। ऑपरेशन सिंदूर हमारा संकल्प है, संदेश भी और उत्तर भी। पहलगाम हमले को कायरतापूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि इस बार भारत ने ठान लिया था कि अबकी बार निर्णायक जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि देशवा. सियों का अटूट विश्वास और सरकार द्वारा दी गई रणनीतिक स्वतंत्रता से भारतीय सेना ने एक सुनियोजित, सटीक और निर्णायक जवाब दिया। सेना प्रमुख ने कहा कि यह केवल जवाब नहीं था, यह स्पष्ट संदेश था कि आतंकवाद को सहारा देने वाले अब नहीं बचेंगे। जनरल द्विवेदी ने कहा कि 7 से 9 मई के बीच की पाकिस्तान की सैन्य कार्रवाईयों का भारतीय सेना ने नपा-तुला और सटीक जवाब दिया। उन्होंने कहा कि हमारी वायु रक्षा प्रणाली एक अजेय दीवार बनकर सामने खड़ी रही जिसे कोई ड्रोन या मिसाइल नहीं भेद सकी। यह सब संपूर्ण राष्ट्र के एक समान दृष्टिकोण के कारण संभव हो सका जहां सेना, वायु सेना, नौसेना और अन्य सरकारी विभाग मिलकर एक साथ खड़े रहे। इसमें सख्त संदेश दिया गया कि जो भी राष्ट्र की संप्रभुता, अखंडता या जनता को क्षति पहुंचाने की योजना बना रहे हैं उन्हें करारा जवाब दिया गया है और आगे भी दिया जाएगा। सेना प्रमुख ने कहा कि भारतीय सेना तेजी से आधुनिक और भविष्य की शक्ति में बदल रही है इसके अंतर्गत 'रुद्र' के रूप में नई ब्रिगेड का गठन किया जा रहा है जिनमें इन्फेंट्री, मकैनाइज्ड इन्फेंट्री, बख्तरबंद यूनिट, तोपखाना, स्पेशल फोर्स और ड्रोन जैसी लड़ाकू इकाइयों का एकीकरण किया जा रहा है। इन्हें विशेष रूप से तैयार लॉजिस्टिक और कॉम्बैट स्पोर्ट से मदद दी जाएगी।

### सरकार और...

करेगा कि न्याय समाज के सबसे आखिरी व्यक्ति तक पहुंचे। सीजेआई गवई ने नए लॉ ग्रेजुएट्स को सलाह दी कि वे वकीलों से जुड़े पद और प्रतिष्ठा को अपने दिमाग पर हावी न होने दें। इस दौरान उन्होंने जूनियर वकीलों को सलाह दी कि वे अपना करियर बनाने से पहले प्रशिक्षुता हासिल करें। अगर कोई बिना किसी अनुभव के अदालतों में बहस करना चाहता है और छह महीने में मर्सिडीज या बीएमडब्ल्यू का मालिक बनना चाहता है, तो उसे अपने इरादे समझने की जरूरत है। सीजेआई बोले कि मैंने जूनियर वकीलों को अपने सीनियर को सीट देते हुए देखा है। इसी तरह, एक ऐसा मामला भी आया जब एक जूनियर वकील अदालत में बेहोश हो गया जब उसे जज ने बख्शने का दिया। जज और वकील दोनों बराबर के भागीदार हैं। कुर्सी लोगों की सेवा के लिए होती है और इससे जुड़ी शक्ति को हावी नहीं होने देना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश अपने पिता आरएस गवई की 10वीं पुण्यतिथि पर आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। आरएस गवई केरल और बाद में बिहार के राज्यपाल भी रहे।

# 'घात के विरुद्ध प्रतिघात' भारत का नया नियमः जेपी नड्डा

नई दिल्ली। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने कहा है कि भारत कभी भी विस्तारवाद की नीति पर नहीं चला है, लेकिन मोदी सरकार के आने के बाद देश ने घात करने वाले पर प्रतिघात का एक नया नियम जरूर बना दिया है।

भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 'करगिल दिवस' के उपलक्ष्य में राजधानी में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जबसे मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में देश का कार्यभाल संभाला है, तबसे यह स्पष्ट हो गया है कि उधर से गोली चलेगी, तो इधर से गोला चलेगा। उन्होंने उरी, पुलवामा और पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमलों और उन पर पीएम मोदी की प्रतिक्रियाओं और भारत की कार्रवाइयों का जिक्र करते हुए कहा कि भारत विस्तारवादी नहीं है, घात करने वाले पर प्रतिघात अब नया नियम हो गया है। कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, 1999 में पाकिस्तान के साथ हुए करगिल युद्ध के कई शहीदों के परिजन, भूतपूर्व सैनिक, भाजपा के पदा. धिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नड्डा ने करगिल की लड़ाई में भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को याद करते हुए उस लड़ाई में प्राणोत्सर्ग करने वाले वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि उरी में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों के हमले में 18 जवानों की मौत के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था, पाकिस्तान तुमने बड़ी गलती कर दी है। इसका परिणाम भुगतना पड़ेगा।

## कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को योगी ने दी श्रद्धांजलि

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर लखनऊ के शहीद स्मृति वाटिका में शहीद जवानों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके परिजनों को सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के महान वीर जवानों ने देश को ऐतिहासिक विजय दिलाई थी। आज उनको याद करने का दिन है।

पाकिस्तान ने धूल चटाकर दुनिया को हैरान कर दिया था। योगी ने कहा कि हम भारत के उन वीर सपूतों को नमन करते हैं। आज का दिन भारत की सेना के शौर्य का भी प्रतीक है। कारगिल युद्ध पाकिस्तान ने भारत पर थोपा था जिसका मुंहतोड़ जवाब हमारे वीर जवानों ने दिया था।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना कोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिले या फोन करें
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरानगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सूचना दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी विज्ञापन जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह या कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेगा। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई या असत्यता नहीं देता तथा यह किसी विज्ञापन से किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए विज्ञापन दाता ही होगा।

# कुटेसरा के युवक की मध्य प्रदेश में करंट लगने से दर्दनाक मौत

## पिता की हो चुकी है मौत, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** चरथावल क्षेत्र के गांव कुटेसरा के युवक की मध्य प्रदेश में करंट लगने से दुखद मौत हो गई। जैसे ही यह खबर परिवार वालो को लगी तो यहां कोहराम मच गया और गांव में भी शोक छा गया। परिजन व ग्रामीण शव लेने के लिए मध्य प्रदेश में रवाना हो गए है।

ग्राम कुटेसरा निवासी 22 वर्षीय शाहबाज पुत्र निक्का सवा माह पूर्व सऊदी अरब से छुट्टी पर आया था। बताया जाता है कि तभी से वह अपने गांव में रह रहा था और कांवड के बाद तीन दिन पूर्व शाहबाज सहारनपुर के एक ठेकेदार के साथ मध्य प्रदेश में काम करने गया था। शुक्रवार को परिवार के लोगों को सूचना मिली कि उनके बेटे के साथ


मृतक शाहबाज की फाइल फोटो।

दुखद घटना हो गई है। जिसके बाद परिवार में हड़कंप मच गया, लेकिन उस वक्त परिवार में कोहराम मच गया जब शाहबाज की मौत की खबर यहां पहुंची। परिजनों ने शाहबाज के ठेकेदार से सम्पर्क किया तो शाहबाज की मौत की खबर पुष्टी हो गई।

यह खबर कुछ ही देर में पूरे गांव में फैल गई तो यहां शोक छा गया। परिवार के लोग कुछ जिम्मेदार ग्रामीणों के साथ मध्य प्रदेश के लिए रवाना हुए। रात्रि तक भी परिजन व ग्रामीण मध्य प्रदेश नहीं पहुंचे थे। ग्राम प्रधान का कहना है कि रविवार की रात्रि तक ही शाहबाज का शव गांव में पहुंचेगा, इसके बाद ही उसको सुपुर्दे खाक किया जाएगा। फिलहाल शाहबाज की मौत के बाद से ग्रामीणों की भीड़ पीडित परिवार के घर लगी हुई है।

ग्रामीणों का कहना है कि शाहबाज के पिता निक्का की काफी समय पूर्व मौत हो चुकी है और वह शाहबाज सहित सात भाई है।

## कार में हुआ ब्लास्ट लगी भयंकर आग

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड अलमासपुर चौराहे के निकट व्यापारी की गाडी में अचानक ही ब्लास्ट होने के बाद भयंकर आग लग गई। व्यापारी नेता ने किसी तरह कूदकर जान बचाई, लेकिन कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई जिसमें करीब तीन लाख का नुकसान बताया गया।

नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के जानसठ रोड स्टेट बैंक कॉलौनी निवासी दीपक बंसल का पैंट का कारोबार है। शनिवार को वह अपनी वैगनार कार के द्वारा किसी काम से चले थे। जैसे ही वह कार स्टाट करके आगे बढे तो अचानक कार की बौनट में ब्लास्ट हो गया। व्यापारी ने किसी तरह कार से कूदकर जान बचाई, लेकिन गाडी धूं-धूं करके जलने लगी और आग की लपटे ऊंचे-ऊंचे उठ गई। कुछ ही देर में कार मलवे में तब्दील हो गई व्यापारी का कहना है कि तरीब 3 लाख का नुकसान है।

# प्रतिबंधित प्लास्टिक बेचने पर पालिका ने जुर्माना वसूला

**अभियान में 5.5 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक की जब्त**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक को प्रभावी बनाने को नगरपालिका टीम ने भगत सिंह रोड पर सघन अभियान चलाया। अधिशासी अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सिंह के निर्देशन में चले इस अभियान के दौरान दुकानदारों को शासन की मंशा से अवगत कराया गया और सिंगल यूज प्लास्टिक जैसे प्लास्टिक के गिलास, चम्मच, थर्माकोल के बर्तन व पॉलीथिन थैलियों के उपयोग व बिक्री पर सख्ती बरती गई।

नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों से न केवल प्रतिबंधित सामग्री जब्त की गई, बल्कि उन पर जुर्माना लगाकर स्पष्ट कर दिया गया कि अब नगर में प्लास्टिक प्रदूषण को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिशासी अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप के निर्देशानुसार शासन के आदेशों के क्रम में शनिवार को भगत सिंह रोड पर सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित किया गया। अभियान के दौरान दुकानदारों को शासन के दिशा-निर्देशों के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक जैसे प्लास्टिक के गिलास, चम्मच, थर्माकोल के बर्तन, एवं एक बार उपयोग में आने वाली पॉलीथिन थैलियों का उपयोग न करने तथा इन्हें न बेचने के लिए जागरूक किया गया। टीम द्वारा दुकानदारों को समझाया गया कि ऐसे प्लास्टिक उत्पादों का उपयोग न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि यह शासन द्वारा प्रतिबंधित भी है। नगरपालिका द्वारा यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे, और प्रतिबंधित प्लास्टिक उत्पादों का प्रयोग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगरवासियों से अपील की गई है कि वे पर्यावरण हित में सहयोग



करें और वैकल्पिक, पुनः उपयोग योग्य विकल्पों को अपनाएं। इस दौरान मोहम्मद अली, मोहम्मद सलमान और नरेंद्र कुमार नामक तीन दुकानदारों से कुल 5.5 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त की गई। संबंधित दुकानदारों पर 10,000 रूपये का जुर्माना भी वसूल किया गया।

इस अभियान में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय प्रताप शाही, सफाई निरीक्षक प्लाक्षा मैनवाल एवं वैशाली सोती, कार्यवाहक कर अधीक्षक पारुल यादव, राजस्व निरीक्षक अमरजीत सिंह और अमित कुमार, स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े लिपिक आकाशदीप एवं रुचि शर्मा, कर विभाग के बिल संग्रहक मनीष, शोभित, विकास शर्मा, मनीष और वसीम तथा आई.टी.सी. मिशन सुनहरा कल से दीपक सैनी रहे।

# कैंपस प्लेसमेंट में छात्रों ने हासिल की सफलता

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में कॉलेज के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चयनकर्ताओं को प्रभावित किया।

प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 42 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कैपजेमिनी, नोएडा में चयन प्रक्रिया के पहले चरण में कॉलेज के 3 विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जिन्हें अब दूसरे राउंड में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। सिल्वरलिंक आईटी सॉल्यूशंस में भी कॉलेज के 8 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। चयनितों ने कॉलेज प्रबंधन, शिक्षकों व प्लेसमेंट सेल को इस उपलब्धि का श्रेय देते हुए धन्यवाद व्यक्त किया। संस्थान के सचिव अनुभव कुमार ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। कॉलेज के प्लेसमेंट सेल द्वारा




विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। विशेष रूप से कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एवं इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग के विद्यार्थियों के लिए आने वाले दिनों में कई प्रमुख आईटी कंपनियों को भी कैंपस में आमंत्रित किया जाना प्रस्तावित है। जिससे छात्रों को राष्ट्रीय व बहुराष्ट्रीय कंपनियों में करियर बनाने का सुनहरा अवसर प्राप्त हो सके। निदेशक डा. सिद्धार्थ शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि हमारे विद्यार्थी लगातार मेहनत और लगन से अपनी क्षमताओं को साबित कर रहे हैं। प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन यह दर्शाता है कि एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ ही विद्यार्थियों के करियर निर्माण पर भी विशेष ध्यान देता है।

# कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कारगिल विजय दिवस पर नुमाईश मैदान स्थित शहीद स्थल पर कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिकों को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। उधर शहीद लांस नायक बचन सिंह की प्रतिमा पर उनकी पत्नी कामेश बाला , बेटा हेमंत और हितेश सहित अन्य परिजनों ने पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। नुमाइश मैदान स्थित शहीद स्मारक स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में जिला पूर्व सैनिक अधिकारी, जिलेभर के शहीद परिवारों के सदस्य एवं पूर्व फौजी एकत्रित हुए। वक्ताओं ने कारगिल शहीदों की वीर गाथाओं का बखान किया ।

इसके अलावा कारगिल विजय दिवस (शौर्य दिवस) के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा के बाद कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की वीर नारियों एवं अशक्त सैनिकों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर 88 यूपी एनसीसी बटालियन के नौजवान कैडेट्स ने भी शहीदों को नमन कर श्रद्धांजलि दी। बता दें कि कारगिल युद्ध में जिले के पांच जवान शहीद हुए थे।

इन सभी शहीद सैनिकों के परिवारजन को कार्यालय परिसर में आंमंत्रित किया गया तथा सभी वीर नारियों के साथ जलपान तथा जिला सैनिक कल्याण एव पुनर्वास अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया।


मुजफ्फरनगर: नुमाईश ग्राउंड स्थित शहीद स्मारक पर शहीदों को नमन करते लोग।

# सत्ता में बैठे लोग संविधान को कमजोर कर रहे: इकरा हसन

## बोलीं-मुजफ्फरनगर मेरे वालिद की कर्मभूमि, एडीएम द्वारा किए गए दुर्व्यवहार का मुद्दा भी उठाया कहा प्रदेश में अफसर शाही हावी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कैराना सांसद इकरा हसन ने संविधान के मूल्यों और लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति जनचेतना को मजबूत करने के उद्देश्य से कार्यकर्ताओं में जागरूक करते हुए कहा कि संविधान आज देश की जनता के लिए गंभीर विषय है। सपा सांसद ने कहा कि मुजफ्फरनगर से लगाव बहुत पुराना है। ये धरती मेरे वालिद की राजनी. तिक कर्मभूमि रही है। उस दौर के चुनाव में आपने मेरे वालिद को भरपूर प्रेम देकर जिताने का काम किया था, जब टीवी वाले उनको चुनावी बिसात पर चौथे नम्बर पर बता रहे थे। यहां से जिताकर आपने संसद में भेजा और सेवा का अवसर दिया। आज के दिन ही हमें संविधान मिला था। आज जो लोग सत्ता में बैठे वो लगातार ये प्रयास कर रहे हैं कि जनता को मिले संवैधानिक अधिकारों को कमजोर किया जाये। वो सामने से या पीछे दरवाजे से ऐसी योजना लाने का प्रयास कर रहे हैं। ये संविधान ही हम जैसे देश के पिछड़ों, दलितों शोषितों और वंचितों की सुरक्षा की गारंटी है। यह नहीं रहेगा कि हम सभी की सुरक्षा कोई नहीं कर पायेगा। सांसद इकरा ने ऐसा संविधान देने के लिए डॉ. भीमराव अम्बेडकर को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने देश के हर वर्ग को संविधान के रूप में अधिकारों का एक सुरक्षा कवच दिया है। इस सरकार ने संवैधानिक संकट पैदा किया है और ऐसे में हमें सोचना होगा कि बदलाव लाया जाये। महावीर चौक स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर शनिवार को संविधान मान स्तंभ दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची इकरा हसन ने बिहार में एसआईआर को बैकडोर की एनआरसी बताते हुए कहा कि ये सरकार मतदाता पहचान के नाम पर देश में रहने और देश का नागरिक होने का प्रमाण बिहार के लोगों से मांग रही है। खुद उनके मंत्री को अपने पूर्वजों के कागज नहीं मिल रही है। ये लोग जनता को वोट के अधिकार से भी वंचित कर रही है। उन्होंने कहा कि यूपी में सरकार स्कूल मर्ज के नाम पर अधिकारों से वंचित कर रही है। गरीब अपने बच्चों को शिक्षा दिलाने से वंचित होगा। इस सरकार को जनसरोकारों से कोई लेना देना नहीं है। इकरा ने कहा कि आज इस सरकार को बदल कर संविधान के मूल्यों का संरक्षण करने वाली सरकार को लाने का संकल्प लेना होगा। लगाव की यह डोर तभी से हमारे परिवार से जुड़ी है। 2024 में हमने कैराना, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर की लोकसभा सीटें जीती हैं। मुजफ्फरनगर में भले ही सपा का केवल एक विधायक है, तो ये भी याद रखो कि यहां भाजपा का भी एक ही विधायक है और जो दूसरे जीते हैं, उसमें सपा की ही जीत छिपी हुई है। ऐसे में समीकरण साफ है कि इस जिले की सभी छह सीटें हम जीत सकते हैं। कार्यकर्ता अपनी ताकत को समझकर मेहनत करे और खींचतान में दूसरों को अपने बीच में स्थान नहीं देना है। सोच और दिल बड़ा रखते हुए सभी एकजुटता के साथ पार्टी के लिए काम करें। टिकट को भी मिले, लेकिन कार्यकर्ता केवल एक ही लक्ष्य बनाकर काम करे कि हमें अपनी सरकार बनानी है। इस दौरान जिला अध्यक्ष जिया चौधरी, महानगर अध्यक्ष बोबी त्यागी, विधायक पंकज मलिक, पूर्व सांसद कादिर राणा, बृजराज सैनी, धर्मेंद्र सिंह नीटू आमिर कासिम एडवोकेट, तहसीन मंसूरी, धनवीर कश्यप इमलाक प्रधान रमेश चंद शर्मा, चौधरी यशपाल सिंह, अभिषेक गोयल एडवोकेट सचिन पाल, डॉ इसरार अल्वी, नदीम मलिक प्रधान सर्वेंद्र राठी कृष्णपाल सिंह पाल, सचिन पाल, सपा नेत्री हिमानी सिंह नावेद रंगरेज रजनीश यादव पवन पाल सुमित पंवार बारी विनोद कुमार शर्मा, मुकीम प्रधान नासिर खान, इसरार बालियान, पवन पाल, प्रदीप डबास, नवाब इम्तियाज कुरैशी, इमलाक प्रधान, सभासद सत्तार मंसूरी सभासद अन्नू कुरैशी सभासद नदीम खान सभासद सुंदर सिंह, डॉ नूर हसन सलमानी, योगेश प्रधान, अनेश निर्वाल, हाजी वसीम सिद्दीकी, पंकज सैनी, गुलशेर गुड्डू, गगन बालियान, मोनू जैदी सहित अनेक पदाधिकारी कार्यकर्ता व हजारों लोग मौजूद रहे।

# ग्रेन चेम्बर स्कूल में मना हरियाली तीज महोत्सव

**मुजफ्फरनगर।** ग्रेन चेम्बर पब्लिक स्कूल, नई मंडी में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, महिला विंग की ओर से हरियाली तीज महोत्सव रंगारंग कार्यक्रम बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। महिलाएं हरी रंग-बिरंगी साडी पहनकर सज धज कर सोलह सिंगार करके कार्यक्रम में पहुंची।

भारतीय पारंपरिक वेशभूषा व श्रृंगार के साथ सभी महिलाओं ने बहुत सुंदर मेहंदी रचा रखी थी। महिलाओं ने सावन के गीत पर नृत्य किया झूले का आनंद लिया तंबोला, सांस्कृतिक कार्यक्रम व तीज क्वीन, गिफ्ट दिए गये। मुख्य अतिथि ममता अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष महिला विंग ने सावन महीने पर विशेष प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि उक्त सभी पर्व हमारी संस्कृति से जुडे हैं यह पर्व शिव पार्वती के मिलन का प्रतीक है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ अनु अग्रवाल पत्नी कपिल देव अग्रवाल राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा किया गया। नीति अग्रवाल जिला अध्यक्ष ने कहा की श्रावण मास में अधिक से अधिक पौधे लगाकर हमें पर्यावरण की संरक्षण करना चाहिए व अपने देश के प्रति प्रेम व स्वयं की रक्षा करने के लिये भी महिलाओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रेखा मित्तल,दीपा अग्रवाल,आशा सिंघल, शशि रही। प्रदेश चैयरमेन रेनू गर्ग व प्रदेश उपाध्यक्ष बबीता गुप्ता कार्यक्रम को सराहा। रेनू सिंगल, अलका अग्रवाल कार्यक्रम संयोजिका व रीना गोयल, पूजा मित्तल सहसंयोजिका रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में वनिता गर्ग महामंत्री, पारुल गर्ग, प्रधानाचार्य ममता चौहान, सीमा गर्ग, प्रिया गर्ग, अनीता राजवंशी, मिथिलेश गोयल, शिखा सौम्या गोयल गरिमा रहे।

# ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के बयान पर भड़का वैश्य समाज

**प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा की कथित अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में संयुक्त वैश्य मोर्चा ने प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में ऊर्जा मंत्री के दिये गये बयान' यह बनिये की दुकान नहीं है जो पैसे लेकर माल नहीं देतीश पर कडा विरोध जताया गया। संयुक्त वैश्य मोर्चा ने मांग की है कि मंत्री को सार्वजनिक रूप से अपने बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए अन्यथा समाज सात दिन में बडा



आंदोलन शुरू करेगा, जिसकी जिम्मेदारी व्यक्तिगत रूप से मंत्री की होगी। संयुक्त वैश्य मोर्चा के अध्यक्ष कृष्ण गोपाल मित्तल ने कहा कि यह बयान न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि पूरे वैश्य समाज का अपमान है। उन्होंने कहा कि अगर किसी वैश्य व्यापारी ने मंत्री को माल न देकर पैसे ले लिए हों, तो वह नाम बताएं, समाज उसका एक-एक पैसा लौटाने को तैयार है। संस्थापक एवं मुख्य संयोजक शलभ गुप्ता एडवोकेट ने कहा कि वैश्य समाज सरकार को सर्वाधिक कर देने वाला, धार्मिक आयोजनों में सबसे आगे, और सौहार्द में विश्वास रखने वाला समाज है, जिसे अपमानित करना किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है। ज्ञापन में राज्यपाल से अनुरोध किया गया कि ऊर्जा मंत्री के बयान पर संवैधानिक एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए, ताकि समाज की भावनाएं संतुष्ट हो सकें। कार्यक्रम का संचालन कृष्ण गोपाल मित्तल, शलभ गुप्ता एडवोकेट और सुनील तायल ने संयुक्त रूप से किया गया। ज्ञापन सौंपने के अवसर पर बडी संख्या में वैश्य समाज के प्रतिनिधि एवं प्रमुख संगठन शामिल हुए। इनमें कांति राठी (महेश्वरी सभा), राजेन्द्र प्रसाद गर्ग (राजवंश सभा), रोहिताश कर्णबाल एडवोकेट (कर्णवाल महासभा), मयंक बंसल (कविमी सभा), सुरेन्द्र अग्रवाल (अखिल भारतीय अग्रवाल महासम्मेलन), पवन, श्रवण अग्रवाल (वैश्य अग्रवाल महासभा), सचिन अग्रवाल (अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन), जनार्दन स्वरूप गर्ग सहित अनेक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान मनोज खंडेलवाल, दीपक मित्तल सर्राफ, विपिन गुप्ता, आर.के. गोयल, आक. श अग्रवाल, कपिल एडवोकेट, शोभित सभासद, संजीव कंसल एडवोकेट, नरेश बघरा सहित सैकडों वैश्य समाज के लोग उपस्थित रहे।


मुजफ्फरनगर: तीज महोत्सव में शामिल महिलाएं।

# भाजपा नेता की शिकायत लेकर थाने पहुंचे लोग

**समाधान दिवस में एसएसपी से मिलकर सुनाई पीड़ा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर कोतवाली के रूडकी रोड के कुछ लोगो ने शहर कोतवाली पहुंचकर यहां चल रहे समाधान दिवस पर समस्या सुन रहे जनपद के पुलिस मुखिया को अपनी पीड़ा सुनाते हुए उसके निस्तारण की गुहार लगाई है उन्होने एक भाजपा नेता पर गम्भीर आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग भी की।

शनिवार को शहर कोतवाली में समाधान दिवस के दौरान पीड़ितों की समस्याओं को सुन रहे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा के सामने शहर के रूड़की रोड निवासी श्रीपाल जैन कुछ लोगों के साथ यहां



पहुंचे। उन्होने एसएसपी को बताया कि एक भाजपा नेता और उसके परिवार के लोग उनके साथ दुर्व्यवहार कर रहे है।

उन्होने बताया कि 2020 में आरोपियों से एक दुकान खरीदी थी इसके बाद से ही आरोपी पक्ष और उनका परिवार उन्हे प्रताडीत कर रहा है। कुछ दिन पहले इन लोगों ने एक दीवार तोडकर और उसका प्लास्तर उखाड दिया था और इसके बाद भी शुक्रवार की रात दुसरी दीवार भी तोड डाली आरोप लगाया कि उक्त लोग उनकी दीवार पर कब्जा करना चाहते है और उन्हे कई बार धमकी भी मिल चुकी है। एसएपी ने इस मामले को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारी को जांच कर कार्यवाही के आदेश भी दिए है।

# ज्ञान की नहीं कोई मजहबी सरहद

## अब्दुल अहद ने संस्कृत परीक्षा में पाया तीसरा स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय विद्या भवन द्वारा संचालित अखिल भारतीय सरल-संस्कृत परीक्षा में मुस्लिम छात्र अब्दुल अहद की विशिष्ट उपलब्धि ने समाज में एक नई सोच को जन्म दिया है। संस्कृत भाषा की इस प्रतिष्ठित परीक्षा में कुल 3824 प्रतिभागियों के बीच अब्दुल अहद ने तीसरी रैंक प्राप्त कर न केवल अपनी मेधा का परिचय दिया, बल्कि यह भी सिद्ध किया कि ज्ञान की कोई मजहबी सरहद नहीं होती। परीक्षा पूरे देश के विभिन्न केन्द्रों से आयोजित की गई थी। यह केवल किसी विशिष्ट आयु वर्ग या कक्षा तक सीमित नहीं थी, बल्कि भाषा में रुचि रखने वाले सभी छात्रों के लिए खुली थी। अब्दुल अहद ने श्री शंकराचार्य संस्कृत महाविद्यालय, नई दिल्ली केंद्र से परीक्षा में भाग लिया और प्रमाणपत्र प्राप्त किया। जिस



पर जिले के लोगों ने खुशी का इजहार किया है।

**परिवार की प्रतिक्रिया:** अब्दुल के पिता व देश के जाने माने वरिष्ठ पत्रकार अब्दुल माजिद निजामी ने इस अवसर पर कहा-यह सफलता केवल मेरे बेटे की नहीं, बल्कि उस साझा भारतीय विरासत की जीत है जहाँ संस्कृत जैसी प्राचीन भाषा और मुस्लिम छात्र का संगम भारतीय संस्कृति की व्यापकता को दर्शाता है। अगर शिक्षा को संकीर्णता से मुक्त किया जाए, तो छात्र अपनी प्रतिभा से हर क्षेत्र में नई पहचान बना सकते हैं।

**छात्र की सोच:** अब्दुल अहद का कहना है कि संस्कृत उनके लिए सिर्फ एक विषय नहीं बल्कि भारत की सांस्कृतिक आत्मा का परिचायक है। वे भविष्य में संस्कृत भाषा पर शोध करना चाहते हैं ताकि इसकी व्यापकता और समावेशिता को और गहराई से समझ सकें।यह उपलब्धि उस विचारधारा को चुनौती देती है जो भाषा और पहचान को सीमित दायरे में देखती है। संस्कृत में मुस्लिम छात्र की सफलता दर्शाती है कि भारत की विविधता उसकी सबसे बडी ताकत है।

शिवा ग्रुप ऑफ कॉलेज
COURSE OFFERED
D. PHARMA (डी. फार्मा) C.C.-1491
POLYTECHNIC (ELECTRICAL, CIVIL, MECHANICAL, FASHION DESIGNING) (डिप्लोमा) C.C.-1183
ITI (आई0टी0आई) C.C.-3978 (ELECTRICIAN, FITTER, COPA, FASHION DESIGING)
इण्टर कॉलेज (PCM, PCB, COMM., ART) C.C. 1339
पता:- NEAR NH-58, जौली रोड, बिलासपुर, मुजफ्फरनगर
Ph. 9690731170, 9411449915, 9927075234, 8077158717

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी, दहेज का मुकदमा दर्ज

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** थाना रतनपुरी क्षेत्र के गांव फुलत में शनिवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से गांव में सनसनी फैल गई। मृतका के मायके पक्ष ने ससुरालियों पर दहेज की मांग को लेकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी। इस बीच मृतका के ससुराल और मायके पक्ष के बीच जमकर मारपीट हुई, जो देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लाठी फटकार कर बमुश्किल हालातों को काबू में किया। गंभीर रूप से घायल आधा दर्जन से अधिक लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**दो साल पहले हुई थी शादी**

जानकारी के अनुसार, मीरापुर निवासी अजमल की पुत्री शमा की शादी करीब दो वर्ष पूर्व गांव फुलत निवासी अनस पुत्र यामीन के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही शमा के ससुराल पक्ष के लोग उस पर दहेज के लिए दबाव बनाते आ रहे थे। परिजनों का आरोप है कि शादी के कुछ महीनों बाद ही पति, जेठ, जिठानी और ननद आदि उसे लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे थे। बीच में एक बार शमा को उसके ससुराल वालों ने मायके भी छोड़ दिया था। कुछ दिन पूर्व मायके पक्ष ने एक लाख रुपये देकर शमा को फिर से ससुराल भेजा, लेकिन वहां भी उसे चौन नहीं मिला।

**घर में मिली संदिग्ध हालत में लाश**

शनिवार को शमा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जब गांव के लोगों को इसकी सूचना मिली तो उन्होंने मृतका के मायके वालों को जानकारी दी। मृतका के परिजन जैसे ही गांव फुलत पहुंचे, तो बेटी की लाश देख उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने सीधे-सीधे शमा के पति अनस, जेठ, जिठानी, ननद समेत पांच लोगों पर हत्या का आरोप लगाया और कहा कि ससुराल वाले लगातार 5 लाख रुपये की अतिरिक्त दहेज की मांग करने का आरोप लगाया।

**पोस्टमार्टम को लेकर हुआ विवाद, मारपीट में कई घायल**

शमा की मौत की सूचना मिलने पर रतनपुरी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने की कार्रवाई शुरू की, लेकिन मृतका के ससुराल पक्ष ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। इसी दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई, जो कि खूनी संघर्ष में तब्दील हो गई। लाठी-डंडे से हुई इस मारपीट में दोनों पक्षों के करीब आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए लाठी फटकार कर स्थिति को नियंत्रण में लिया और सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

**पांच नामजद पर हत्या का मुकदमा दर्ज**

मृतका के भाई शहजाद ने रतनपुरी थाने में तहरीर देते हुए शमा के ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ दहेज का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस घटना के बाद मृतक महिला के ससुराल के पांच लोगों के खिलाफ दहेज का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, पोस्टमार्टम रिपॉर्ट आने के बाद महिला की मौत के कारण का पता चल पाएगा,,जांच की जा रही है ।**रतनपुरी एसओ तेजसिंह**

# चोरों के आतंक से सहमा खतौली नगर और देहात क्षेत्र

## सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए चोर, ग्रामीणों ने पुलिस और तहसील प्रशासन से मांगी सुरक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली नगर और आस.पास के देहात क्षेत्रों में इन दिनों चोरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। लगातार चार रातों से नगर और ग्रामीण इलाकों में सक्रिय चोरों का गिरोह स्थानीय लोगों में दहशत का कारण बन गया है। स्थिति इतनी भयावह हो गई है कि ग्रामीण रात भर जागकर स्वयं लाठी.डंडों के साथ पहरा दे रहे हैं ताकि अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा कर सकें।

शेखपुरा गांव में शुक्रवार की रात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया। गांव लौट रहे एक युवक को कुछ अज्ञात चोरों ने घेर लिया और उससे लूटपाट करने की कोशिश की। युवक के शोर मचाने पर पहले तो चोरों ने उसकी पिटाई कीए लेकिन जैसे.तैसे वह खुद को छुड़ाकर भाग निकला। युवक ने तुरंत गांव में पहरा दे रहे अन्य ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद ग्रामीणों ने पूरे गांव में लाठी.डंडे लेकर चोरों की तलाश कीए परंतु चोरों का कोई सुराग नहीं मिल पाया।

**गिरोह की हरकतें सीसीटीवी कैमरे में कैद**

शेखपुरा ही नहीं, मोहद्दीनपुर और सद्दीकनगर जैसे आस-पास के क्षेत्र में भी बीते दिनों चोरों की गति. विधियां देखी गई हैं। कई घरों और दुकानों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में कुछ संदिग्ध लोगों की गति. विधियां कैद हुई हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यह गिरोह देर रात घुमते हुए मकानों और दुकानों की रेकी करता है और मौका मिलते ही चोरी की घटना को अंजाम देता है। स्थानीय पुलिस को जब इन घटनाओं की सूचना दी गई तो पुलिस टीम ने कुछ स्थानों के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरों की पहचान कर उन्हें पकड़ लिया जाएगा।

**विद्युत विभाग पर भी उठे सवाल**

इन चोरी की घटनाओं को लेकर ग्रामीणों ने विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि रात के समय घंटों तक बिजली की आपूर्ति बाधित रहती है जिससे गांव अंधेरे में डूब जाता है। ऐसे में चोरों को अपनी योजना को अंजाम देने में बेहद आसानी होती है। अंधेरे का फायदा उठाकर चोर न केवल चोरी की वारदात करते हैं बल्कि पहचान में भी नहीं आ पाते। ग्रामीणों ने इस संबंध में स्थानीय तहसील प्रशासन से शिकायत की है और मांग की है कि विद्युत विभाग को निर्देशित किया जाए कि रात के समय बिजली आपूर्ति सुचारू रखी जाएए ताकि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

**ग्रामीणों की सुरक्षा में उठाए जाएं ठोस कदम**

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि गांवों में नियमित गश्त कराई जाए, अस्थाई पुलिस चौकियां बनाई जाएं और रात में संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती की जाए।

साथ हीए सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने और स्ट्रीट लाइट्स को दुरुस्त करने की भी मांग की गई है। अगर समय रहते प्रशासन और पुलिस ने ठोस कदम नहीं उठाए तो चोरों के हौसले और बुलंद हो सकते हैं और हालात और अधिक बिगड़ सकते हैं। फिलहाल गांवों में असुरक्षा और भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण खुद अपने स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था संभालने को मजबूर हैं।

**सूचना**

मेरा पुत्र अभिषेक मेरे व परिवार के कहने सुनने से बाहर है गलत संगत में बैठने के कारण मेरे व परिवार वालो के साथ गाली गलौच व लडाई झगडा रखता है। समझाने के बाद भी गलत संगत छोडने को तैयार नहीं है। उसकी गलत हरकत एवं संगत को देखते हुए मैने उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उनसे संबंध विच्छेद कर लिए हैं उसके किसी भी कृत्य व लेन देन की मेरी या मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। अपने वाद विवाद व लेन देन का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**देवेन्द्र कुमार पुत्र राजपाल सिंह**
**निवासी-244, नसीरपुर थाना तितावी तहसील सदर,**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि फरवरी 2025 में हमारा आफिस दूसरी जगह शिफ्ट हुआ था, जिसमें हमारा एक ओरिजिनल बायर एग्रीमेंट जो आम्रपाली ड्रीम वैली (फ्लैट नंबर B-4, 1508 ) का था कही खो गया है। यदि किसी को भी यह एग्रीमेंट मिलता है तो वह निम्न पते पर पहुंचाने का कष्ट करे। उचित इनाम दिया जायेगा।

**कमर सिद्दीकी पुत्र खुर्शीद अख्तर सिद्दीकी केयर ऑफ Q & M एक्सपोर्ट्स 2ND फ्लोर सिटी सेंटर मार्किट, मुजफ्फरनगर, पिन कोड 251002 उत्तर प्रदेश**
**मोबाइल नंबर 9897733377**

# रामराज क्षेत्र में संदिग्ध ड्रोन की उड़ान से ग्रामीणों में दहशत का माहौल

**रामराज।** क्षेत्र के ग्राम हाशमपुर में शुक्रवार देर रात संदिग्ध ड्रोन देखे जाने की खबर से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रात करीब 11 बजे एक ड्रोन आकाश में उड़ता दिखाई दिया, जो खादर क्षेत्र की दिशा से आया था। ड्रोन में दो लाल और दो नीली लाइट जल रही थीं, जो स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही थीं। यह ड्रोन रामराज होते हुए हाशमपुर गांव की ओर बढ़ा और कुछ देर तक गांव के ऊपर मंडराने के बाद पुन: खादर क्षेत्र की ओर चला गया। ग्रामीणों के अनुसार, यह पहला मौका नहीं है जब इस प्रकार के ड्रोन देखे गए हैं।

बीते कुछ दिनों में रात के समय कई बार ऐसे ड्रोनों के देखे जाने की चर्चा हो चुकी है, जिससे क्षेत्र में अफवाहों का बाजार गर्म है। कुछ लोगों का मानना है कि यह चोरों द्वारा भेजे जाने वाले ड्रोन हो सकते हैं, जिनके माध्यम से घरों की निगरानी कर चोरी की योजना बनाई जाती है। हालांकि, कुछ लोग इसे अफवाह भी बता रहे हैं और स्थानीय प्रशासन की ओर से अभी तक इस मामले में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। फिर भी गांव में रात के समय उड़ने वाले इन ड्रोनों को लेकर भय का माहौल बना हुआ है और लोग अपने घरों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से उचित जांच की मांग की है।

**सूचना**

मेरे पुत्र का नाम Axar Kumar कागजो मे गलत दर्ज है जबकि वास्तविक(सही) नाम Akshar Kumar है भविष्य में उसे Akshar Kumar से जाना व पहचाना जाए

Rajeev Kumar Gaur
S/O Sh. Krishan Kumar Sharma
Geeta Enclave,
Jansath Road,
Muzaffarnagar.

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 6114/ 16/06/19 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम दिव्यांश तोमर अंकित नही कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जाएगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा हैं।

**मोहित कुमार,**
**निवासी- गांव मीरापुर लछेरा बाईपास, जिला मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र क्रमशः स.6958/ 21/10/05, 9376/04/10/11 मे गलती से नाम सिमर व सुरवीन, पिता का नाम सतप्रीत दुआ अंकित करा दिया गया, जबकि वास्तविक नाम क्रमशः सिमर दुआ,सुरवीन दुआ व पिता का नाम सतप्रीत सिंह दुआ है और भविष्य मे भी इन्ही नाम से जाना जायेगा।

**हरप्रीत कौर**
**पत्नी सतप्रीत सिंह दुआ**
**निवासी- 99 ग्रीन् सिटी**
**गंगा नगर मेरठ**

# माता के मेले में दुकान लगाने को लेकर खूनी संघर्ष में दोनों युवक घायल

**खतौली।** थाना खतौली क्षेत्र के गांव चाँदसमन में आयोजित माता रानी के एक दिवसीय मेले में प्रसाद की दुकान लगाने को लेकर दो युवकों के बीच जमकर खूनी संघर्ष हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में लाठी.डंडे चल गएए जिसमें दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद दोनों घायल युवक खतौली कोतवाली पहुँचे और एक.दूसरे के खिलाफ तहरीर दी।प्राप्त जानकारी के अनुसारए फलावदा क्षेत्र के गांव बातनोर निवासी विक्रम पुत्र जयसिंह एवं उज्वल पुत्र महेंद्र शनिवार को चांदसमन गांव में लगे माता रानी के मेले में प्रसाद की दुकान लगाने पहुंचे थे। दुकान लगाने को लेकर दोनों में कहासुनी हो गईए जो देखते ही देखते खूनी झड़प में बदल गई। विवाद के दौरान दोनों पक्षों ने एक.दूसरे पर लाठी.डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने किसी तरह बीच.बचाव कर मामला शांत कराया। इसके बाद दोनों घायल युवक खतौली कोतवाली पहुँचे और एक.दूसरे के खिलाफ मारपीट की तहरीर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है और दोनों पक्षों से पूछताछ कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हम दोनो मे आपसी पारिवारिक समझौते के तहत दिनांक 10.06.2025 को तलाक ए घोषणा / समझौतानामा के द्वारा तलाक ए अहसन की पद्धति से तलाक हो गया है जिसको अनुच्छेद 29 तलाक की लिखित भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 के तहत दोनो पक्षगणो के निशानी अंगूठे/हस्ताक्षर व रूबरू गवाहान की उपस्थिति मे हो गया है अब दोनो पक्षगण स्वतन्त्र है जहां चाहे जिस तरह चाहे अपना जीवन यापन कर सकते हैं।

**मौ. आबिद पुत्र मौहम्मद हनीफ**
**निवासी- मकान नम्बर 859**
**मौहल्ला महमूदनगर थाना**
**सिविल लाईन तहसील सदर**
**जिला मुजफ्फरनगर**
**एंव**
**श्रीमति फरजाना पत्नी मौ. आबिद**
**पुत्री श्री स्व. असगर**
**निवासी- ग्राम चंदना कोली मस्ट**
**थाना देवबन्द तहसील देवबन्द**
**जिला सहारनपुर**

# सर सैयद इंटर कॉलेज में प्रबंधक शारिक राना के इंतकाल पर शोक सभा आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** शनिवार को सर सैयद इंटर कॉलेज खतौली में कॉलेज के प्रबंधक जनाब शारिक राना साहब के इंतकाल पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज कमेटी के सभी सदस्य, समाजसेवी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

सभा में जनाब शारिक राना साहब को खिराजे अकीदत पेश किया गया और उनकी रूह की मगफिरत के लिए कुरान शरीफ की तिलावत कर दुआएं की गईं। सभा में कमेटी के सदर एवं पूर्व सांसद सईदुज्जमा साहब, नायब सदर सैयद मोहम्मद नईम, स्वर्गीय राना साहब के सुपुत्र पठान अली राना साहब, हाजी इजहार अहमद, हाजी हसीमुद्दीन, डॉ. मंसूर उल हक, जईम हसन कादरी, हाजी लईक अहमद, काजी मोहम्मद नईम एडवोकेट, मुबाशिर हाशमी, असद जमाल, काजी अदील अहमद, मिर्जा कौसर जमाल, हाजी अखलाक कुरैशी, हाजी महबूब अंसारी, कारी मोहम्मद फुरकान, प्रिंसिपल सैयद आजाद नासिर, मास्टर शमशाद, मास्टर उस्मान, मिर्जा जमील अहमद व मिर्जा समीर अहमद समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।सभा में वक्ताओं ने कहा कि जनाब शारिक राना साहब की शिक्षण संस्था के प्रति सेवाएं और समर्पण अविस्मरणीय हैं। उनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी। उनका योगदान समाज और शिक्षा जगत के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा।सभा का समापन सामूहिक दुआओं के साथ किया गया जिसमें उनके दर्जात बुलंद होने की दुआ की गई।

# कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुजफ्फरनगर

पत्रांक- मु.चि.अ/एन.एच.एम./पी.एम.-अभीम/भ.कि./ विज्ञप्ति/2025-26/392 दिनांक-26-7-25

**-:विज्ञप्ति:-**

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ.प्र. लखनऊ के पत्रांक- SPMU/NUHM/PM&ABHIM/U&AAM/2024-25/87/963 दिनांक 28.05.2025 एंव जिला स्वास्थ्य रामिति में अनुमोदन दिनांक 01.07.2025 को हो जाने के तदोपरान्त नगर क्षेत्र में लोगों को उनके घर के समीप प्राथमिक सेवायें उपलब्ध कराने की दृष्टि से जनपद के 15000 से 20000 हजार की जनसंख्या को आच्छादित्त (PM-ABHIM) योजना के अन्तर्गत 13 नवीन अर्बन आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों को स्थापित किया जाना है।

**13. नवीन अर्बन आयुष्मान आरोग्य मन्दिर ( यू.- ए.ए.एम. ) नगरीय/ब्लॉक क्षेत्र में निम्नवत् स्थापित किये जाने है:-**

| क्र. सं. | मण्डल का नाम | जनपद का नाम | शहर/कस्बा का नाम | अर्बन आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों आवंन्टन की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 01 | सहारनपुर | मुजफ्फरनगर | नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर अन्तर्गत समस्त मोहल्लों से | शहर में -09 केन्द्र |
| 02 | सहारनपुर | मुजफ्फरनगर | नगर पंचायत खतौली व बुढ़ाना अन्तर्गत आने वाले समस्त मोहल्लो से | खतौली में-02 केन्द्र<br>बुढ़ाना में-02 केन्द्र |
| **योग** | | | | **13** |

**भवन का चिन्हीकरण के मानक -**

1. अर्बन आयुष्मान आरोग्य मन्दिर हेतु भवन को चिन्हित करते समय यह ध्यान दिया जायें कि इकाई आच्छादित जनसंख्या (लगभग 15,000 से 20,000) के अन्तर्गत मलिन बस्तियों में या उनके करीब हो जिससे आस-पास में रहने वाली गरीब जनता को उसके घर के समीप स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध हो सके।

2. राज्य स्तर पर लिये गये निर्णय के क्रम में अर्बन आयुष्मान आरोग्य मन्दिर हेतु ऐसे भवन का चयन किया जायें जिसमे कम से कम 04 कमरे हो एंव जिनका न्यूनतम क्षेत्रफल निम्न तालिका अनुसार होना चाहियें:-

| क्र. सं. | सुविधा | आवश्यक न्यूनतम कौरपेट एरिया ( स्क्यावर फिट में ) |
|---|---|---|
| 1 | ओ.पी.डी. रूम | 100 |
| 2 | औषधि भण्डार एव वितरण | 80 |
| 3 | टीकाकरण/काउन्सिलिंग रूम | 80 |
| 4 | स्टॉफ नर्स कक्ष एव परीक्षण कक्ष | 100 |
| 5 | वेटिंग रूम व पंजीकरण | 210 |
| 6 | शौचालय 02 नग | 60 |
| 7 | वेलनेस कक्ष | 250 |
| 8 | डे केयर रूम | 220 |
| | **योग** | **1101 फुट** |

3. कारपेट एरिया का न्यूनतम 25 से 30 प्रतिशत और दीवार एव सरकुलेशन का होता है। इस प्रकार भवन का कुल क्षेत्रफल लगभग 1400 वर्ग फुट होना चाहिये।

**4. भवन चिन्हीकरण के समय ध्यान रखने वाली बातें-**

(क)- अर्बन आयुष्मान आरोग्य मन्दिर हेतु ऐसे भवन का चयन किया जाना है, जहाँ से काई भी नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र से 03 किलोमीटर की दूरी के भीतर नहीं होना चाहिए।

(ख) **उक्त के क्रम में जनपदों द्वारा यथासम्भव अर्बन आयुष्मान आरोग्य मन्दिर की स्थापना ऐसी जगह निर्धारित करें, जहाँ से कोई भी नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र 2 से 3 किलोमीटर की दूरी के भीतर नहीं हों, अगर जनसंख्या घनत्व एवं क्षेत्रफल दृष्टिगत ऐसी जगह नही मिलती है तों जिला स्वास्थ्य समिति के अनुमोदनोपरान्त अर्बन आयुष्मान आरोग्य मन्दिर की स्थापना नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र 2 किलोमीटर की दूरी से कम पर भी किया जा सकता है।**

(ग)- भवन हवादार एव सूर्य प्रकाशमय होना चाहिये।

(घ)- भवन में मरीजों के बैठने हेतु स्थान एवं कक्षा के अतिरिक्त 02 शौचालय होना चाहियें।

(ड)- भवन में विद्युत कनेक्शन हो तथा बिजली एवं पानी की नियमित आपूर्ति होना चाहियें।

(च) - मरीजो हेतु एम्बुलेन्स आदि वाहनों के आने-जाने का प्रर्याप्त रास्ता होना चाहियें।

(छ)- आवश्यकतानुसार रैम्प की व्यवस्था होनी चाहियें।

(ज)- किराये के भवन में रंगाई-पुताई, पानी, शौचालय, बाथरूम विधुत वायरिंग एव फिटिंग, टूट-फूट भवन स्वामी द्वारा कराया जायेगा।

(झ)- किराये के भवन का ग्रहकर, जलकर, एवं अन्य निर्धारित कर भवन स्वामी द्वारा देय होगा।

(ञ)- किराये के भवन को किसी भी समय 03 माह का नोटिस देकर भवन खाली कराया जा सकता है।

(ट) - द्वितीय पक्ष भवन को चिकित्सालय के रूप में साज-सज्जा करने, प्रचार-प्रसार सामग्री का उपयोग कर सकेगा इसमें भवन स्वामी को कोई आपत्ति नहीं होगी।

**2 भवन किराया:-**

प्रत्येक अर्बन आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के भवन के किराये हेतु भवन का किराया, उस क्षेत्र के **डी.एम. सर्किल रेट ( 08 रू. प्रति स्क्वायर फुट ) या रू. अधिकतम 50000/- जो कम हो जिला स्वास्थ्य समिति के अनुमोदन उपरान्त देय होगा।** इच्छुक पात्र भवन स्वामी के द्वारा अपना आवेदन पत्र (भवन के पूर्ण पते भवन का नक्शा एवं बैनामा की कॉपी तथा अपने भवन स्थल के डी.एम. सर्किल रेट की कॉपी के साथ) कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुजफ्फरनगर के डिस्पैच में उपलब्ध कराया जाना है।

**नोट:**-इच्छुक भवन स्वामी उक्त दिनांक से 10 दिवस के अन्दर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में प्रार्थना पत्र के साथ सम्पर्क करें।

**( डा. सुनील तेवतिया )**
**मुख्य चिकित्सा अधिकारी**
**मुजफ्फरनगर।**

# छात्रों ने मेहंदी व पोस्टर प्रतियोगिता में लिया हिस्सा

**बुढ़ाना।** कस्बे के दयानन्द इण्टर कालेज बुढाना परिसर मे आज शनिवार के दिन हरियाली तीज त्यौहार का स्वागत करते हुए यहीं पर अध्यनरत दर्जनों प्रतिभागी छात्र और छात्राओं ने बड़े ही उत्साह के साथ मेहंदी और पोस्टर प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान सभी ने तीज का पर्व बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ धूमधाम से मनाया। नन्हे मुन्ने बच्चे इस अवसर पर रंग बिरंगी वेशभूषा पहनकर कालेज मे पहुंचे थे। जिनमें से कुछ विद्यार्थियों ने आपस में समूह बनाकर तीज से सम्बन्धित पोस्टर बनाये तो वहीं दूसरी और छात्राओं ने एक दूसरे के हाथों पर अलग अलग डिजाइन की मेहन्दी लगाकर सभी के मन को मोह लिया। इस अवसर पर यहां मुख्य रूप से कालेज के प्रबंधक तेजपाल सहरावत, संचालिका उमेश सहरावत, रश्मि आर्य, प्रधानाचार्य संजीव कुमार, सहायक अध्यापक सोनू कुमार के साथ अनिता त्यागी, सीमा एवं समस्त स्टाफ की मौजूदगी रही। इस कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

# वैश्य समाज ने तहसीलदार को सौंपा उर्जा मंत्री के विरुद्ध ज्ञापन



**बुढ़ाना।** आज शनिवार के दिन वैश्य समाज बुढाना के सैंकड़ों लोगों ने श्री महाराजा अग्रसैन युवा समिति बुढ़ाना के सौजन्य से समिति के अध्यक्ष राजेश संगल के नेतृत्व में कस्बे में पैदल मार्च कर शांतिपूर्ण तरीके से बुढ़ाना तहसील परिसर मे पहुंचकर एसडीएम कार्यालय के सामने उर्जा मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। समिति अध्यक्ष राजेश संगल ने कहा कि प्रदेश सरकार के उर्जा मंत्री एके शर्मा ने वैश्य समाज के प्रति बहुत ही अशोभनीय टिप्पणी की है। जिससे वैश्य समाज में उनके खिलाफ पूरा आक्रोश है। यह समाज भाजपा का कोर वोटर है। कोरोना काल में वैश्य समाज के लोगों ने सरकार का पूर्ण सहयोग किया था यह सभी को पता है। उन्होंने कहा कि उर्जा मंत्री को उनके पद से बर्खास्त किया जाए। उर्जा मंत्री माफी मांगकर अपनी टिप्पणी वापस लें नहीं तो वैश्य समाज कोई बड़ा निर्णय लेगा। वैश्य समाज के लोगों ने तहसीलदार एमएस यादव को ज्ञापन दिया। यहां कश्यप समाज की खाप के चौधरी डाक्टर सोनू कश्यप ने वैश्य समाज को अपना समर्थन दिया। ज्ञापन देने वालों में सुशील तायल, शरद गोयल, अमरीश बंसल, योगेश मित्तल, पंकज जिंदल, हिमांशु संगल, अनुराग संगल, अनुज संगल, नीरज गर्ग, मनीष मित्तल, चिंटू गोयल, विनीत मित्तल, राहुल संगल, चिराग सिंघल, नितिन गोयल, अनूप गर्ग, पंकज गोयल, विपुल सिंघल, प्रवीण संगल, तुषार कंसल, अर्चित सिंघल, गौरव अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, हर्षित मित्तल, सौरभ मित्तल, भव्या मित्तल, देव मित्तल, अक्षत मित्तल आदि लोग मौजूद रहे।

# स्मारक पर कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि देकर किया नमन



**मोरना।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कारगिल शहीद स्मारक शुकतीर्थ में शनिवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गयाए जिसमें पूर्व सैनिको, भाजपा नेताओं, साधु संतो, सहित अनेक लोगो ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया व भारत माता की जयघोष की।

शुकतीर्थ मे गंगा घाट पर स्थित कारगिल शहीद स्मारक पर शनिवार को पूर्व सैनिको द्वारा कारगिल विजय दिवस मनाया गया।जिसमें पूर्व सैनिको की राष्ट्रीय संस्था के जिलाध्यक्ष सूबेदार अशोक सिंह ने कहा की कारगिल युद्ध मे शहीद हुए सैनिक अमरेशपाल व मेजर आसाराम के परिवारो को सम्मानित किया गया है।जिसके बाद शुक्रताल मे कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके शौर्य को सेल्यूट किया गया। संस्था के प्रबंधक मांगेराम फौजी ने कहा की कारगिल के दुर्गम स्थान पर जहां दुश्मन पकिस्तान की कायर सेना ऊँचे स्थान पर थी। हमारे वीर सैनिको ने अदमय साहस के साथ दुश्मन सेना को ढ़ेर कर विजय प्राप्त की इस विजय अभियान मे हमारे 537 सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए थे। जिन्हे श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया गया है। महामण्डलेश्वर स्वामी गोपालदास महाराज ने कहा की सैनिको का सम्मान सर्वोपरि है। राष्ट्र सेवा से बढ़कर कोई परोपकार नहीं है। सभी वीर सैनिको को शत शत नमन।इस अवसर पर मुख्य रूप से शुक्रताल चौकी प्रभारी रणवीर सिंह, कैप्टन राजेंद्र सिंह, हवलदार सुधीश कुमार, स्वामी भजनानन्द महाराज, राजेंद्र राठी मंडल अध्यक्षए प्रदेश सचिव परमेन्द्र सिंह, बिन्नू राठी, गुड्डू फौजी,सुनील कुमार, बृजवीर सिंह, राजकुमार, जयपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# हरियाली तीज पर छात्राओं ने हाथों पर सजाई मेंहदी

**मोरना।** स्वामी कल्याण देव ओमानंद गर्ल्स डिग्री कॉलेज में हरियाली तीज के अवसर पर मेंहदी और राखी मेकिंग कंपटीशन का आयोजन किया गयाए जिसमें छात्राओं ने बढ़.चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मंतशा, द्वितीय स्थान पर तहरीमा, तृतीय स्थान पर मुस्कान रही। राखी मेकिंग प्रतियोगिता में खुशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि ईरम द्वितीय और अलीजा तृतीय स्थान पर रहीं।वहीं छात्राओं ने झूला झूलकर लोकगीतों की प्रस्तुति दी। महाविद्यालय के प्रबंधक अमित पंवार ने कहा की हरियाली तीज का त्यौहार संस्कृति की झलक को प्रस्तुत करता है। इस अवसर पर प्राचार्य पवन कुमार और अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। जिन्होंने छात्राओं की प्रतिभा की सराहना की और उन्हें प्रोत्साहित किया।

# भूमि अधिग्रहण के खिलाफ तीन गांव के किसानों ने भरी हुंकार

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 22 जुलाई को लखनऊ में आयोजित 36वें उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान स्थापना दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में कहा था कि गांवों से पलायन नहीं होना चाहिए, बल्कि कृषि को ही खुशहाली का माध्यम बनाया जाए। इस वक्तव्य से प्रदेश के किसानों में नई आशा जगी, लेकिन जमीनी हकीकत इससे उलट नज़र आ रही है। जनपद मुजफ्फरनगर की तहसील सदर के ग्राम शेरनगर, बिलासपुर और धन्धेड़ा के किसानों ने मुख्यमंत्री के इस वक्तव्य को अपनी भूमि की वर्तमान स्थिति से जोड़ते हुए गंभीर सवाल उठाए हैं।

इन तीनों गांवों की लगभग 4200 बीघा बहुफसली कृषि भूमि को एक आवासीय योजना के अंतर्गत अधिग्रहण की प्रक्रिया में शामिल किया गया है, जिसमें अकेले ग्राम शेरनगर की लगभग 3700 बीघा अति उपजाऊ और सिंचित भूमि है। यह भूमि लंबे समय से गन्ना, गेहूं, धान, दलहन, बागवानी, सब्जियों और पशुपालन जैसे ग्रामीण जीवन के मूल स्तंभों की आधारशिला रही है।

आशु मुखिया के यहाँ ग्राम शेरनगर में आयोजित एक संयुक्त बैठक में तीनों गांवों के सैकड़ों किसानों ने भाग लिया और प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण के खिलाफ एकजुट होकर विरोध जताया। बैठक में तीनों गांवों के प्रधान भी मौजूद रहे। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि किसी भी परिस्थिति में, किसी भी प्रकार के मुआवज़े या सरकारी दबाव के बावजूद किसी भी किसान की एक इंच भूमि भी नहीं दी जाएगी।

बैठक में मुख्यमंत्री से सीधे संपर्क करने, लखनऊ में ज्ञापन सौंपने, न्यायालय का दरवाज़ा खटखटाने, शांतिपूर्ण धरने और कानूनी विकल्पों पर आगे बढ़ने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही किसानों ने विभाग द्वारा की जा रही तेज़ और एकतरफा कार्यवाही पर भी गहरी आपत्ति जताई। बिना किसी खुली सुनवाई, जन-सहमति या ग्रामसभा की वैधानिक अनुमति के अचानक सर्वेक्षण और नोटिस भेजना एक प्रकार की मनोवैज्ञानिक दबाव नीति के अंतर्गत किया गया कृत्य प्रतीत होता है। किसानों ने मुख्यमंत्री से इस संपूर्ण प्रक्रिया की उच्च स्तरीय जांच कराने की भी मांग की है।

किसानों ने यह भी चेतावनी दी कि यदि यह अधिग्रहण हुआ, तो तीनों गांवों में विस्थापन और पलायन एक निश्चित सत्य बन जाएगा। युवा रोज़गार के लिए शहरों की ओर निकल जाएंगे, बुजुर्ग व महिलाएं पीड़ा में रहेंगी और गांव केवल कागजों में शेष रह जाएंगे।

बैठक में किसानों ने प्रशासन और नीति-निर्माता एक बहुत ही अहम और तथ्यात्मक सवाल भी उन्हान बताया कि शेरनगर और बिलासपुर क्षेत्र में पहले से ही दुर्जनों निजी हाउसिंग कॉलोनियां विकसित की जा चुकी हैं, जिनसे हजारों प्लॉट और फ्लैट आज भी खाली पड़े हैं। इनमें द्वारिका सिटी, ओम पैराडाइज़, गोकुल सिटी, न्यू गोकुल सिटी, सुरेन नगर, वृंदावन सिटी, वेदांता, पारस एंक्लेव, ड्रीम सिटी, नासल टाउन, आदि प्रमुख हैं। इन कॉलोनियों में आधारभूत सुविधाएं होते हुए भी अधिकांश निर्माण अधूरे है या लोग निवास नहीं कर रहे।

किसानों ने सवाल उठाया कि जब इन इलाकों में पहले से हज़ारों भूखंड व भवन उपलब्ध हैं, तो फिर बार-बार शेरफ्ख क्षेत्र को ही क्यों लक्ष्य बनाया जा रहा है?

किसानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की कि इस भूमि अधिग्रहण को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए़ा और गांवों को बहुफसली क्षेत्र घोषित करते हुए संरक्षित किया जाएगा।

पंचायत में मुख्य रूप मनोज गुर्जर, फोजू, प्रमोद राठी, सीता सैनी मनीष पाल, राधेश्याम शर्मा, विनोद शर्मा, 1, युसुफ चौधरी अब्दुल सत्तार, सुकेश एडवोकेट, मेहरदीन, अनिल गुर्जर सुरेन्द्र गुर्जर, चौधरी अमजद अली, प्रमोद प्रमोद कुमार, रविन्द्र सैनी अंकित पाल, दाऊद एडवोकेट, राजेन्द्र कुमार, सागर सैनी, नाज़िम अली, तौसीन चौधरी, प्रधान पात इकराम अंसारी, प्रधान पति बिलासपुर) अबरार अली, कुनाल राठी, अभिषेक शमी अमित पाल, रोहन सैनी आवी सैकड़ों किसानों ने भाग लिया।

## सीओ ने शराब ठेकों पर मारा छापा ओवररेटिंग और नकली शराब की जांच

**खतौली।** नगर में देर रात शराब के ठेकों पर पुलिस विभाग की बड़ी कार्रवाई देखने को मिली। सीओ रामआशीष यादव शुक्रवार की रात खतौली क्षेत्र की गंगनहर स्थित इंग्लिश वाइन शॉप पर पहुंचे। मौके पर पहुंचते ही उन्होंने ठेके पर उपस्थित ग्राहकों से सीधा संवाद किया और पूछा कि कहीं उनसे निर्धारित दर से अधिक मूल्य तो नहीं वसूला जा रहा। कुछ ग्राहकों द्वारा संदेह जताए जाने पर सीओ ने मौके पर मौजूद बिलों और रेट लिस्ट का मिलान करते हुए ओवररेटिंग की गंभीरता से जांच की।

निरीक्षण के दौरान सीओ ने वाइन शॉप में रखे शराब स्टॉक की भी गहनता से जांच की। स्टॉक रजिस्टर और बिक्री का अवलोकन करते हुए उन्होंने ठेके के प्रबंधक और सेल्समैन से स्टाफ की तैनाती और उनकी कार्य पद्धति के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान ठेके पर लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति भी जांची गई। कैमरों की फुटेज और उनकी स्थिति को लेकर सीओ ने जरूरी निर्देश दिए। गंदगी देख भड़के सीओए कैंटीन संच. ालक कोकड़ी फटकार लगाई। सीओ के अचानक ठेके पर पहुंचने की सूचना जैसे ही अन्य शराब विक्रेताओं तक पहुँचीए नगर के तमाम शराब ठेकों के संचालकों के बीच खलबली मच गई।

# ट्रैक्टर लूट की झूठी सूचना पर पुलिस में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक कार में सवार युवकों ने ओवरटेक करने के चक्कर ट्रैक्टर चालक की पिटाई कर दी। इस मामले में बुढाना पुलिस ने घायल चालक को हस्पताल में भर्ती कराकर जांच शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव रसूलपुर दभेडी का रहने वाला इखलाक अहमद पुत्र जुल्फकार अली बीती शुक्रवार की देर रात के समय शामली जनपद से वाया बुढ़ाना कराना को निकलकर अपने गांव रसूलपुर दभेडी में जा रहा था। तब मेरठ वाया करनाल हाइवे पर वाया बुढ़ाना थाना क्षेत्र में गांव सराय के समीप ओवरटेक करने को लेकर कार सवार युवकों का इखलाक अहमद से विवाद हो गया। जिसमें ट्रैक्टर चालक इखलाक अहमद का आरोप है कि कार सवार युवकों ने उसकी पिटाई की तथा उसका ट्रैक्टर भी लूट लिया।

इखलाक की इस सूचना पर बुढ़ाना पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के दौरान पुलिस को ट्रैक्टर की चाबी चालक इखलाक अहमद की जेब में ही मिली तथा कथित तौर पर लूटा गया ट्रैक्टर मेरठ वाया करनाल हाइवे पर पैट्रोल पंप के पास खड़ा हुआ मिला। उधर लूट की झूठी सूचना देने पर बुढाना पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को हिरासत में लिया है और उससे ट्रैक्टर लूट की झूठी सूचना देकर पुलिस को गुमराह करने के बारे में पूछताछ शुरु कर दी है।

## एसडी इंजीनियरिंग मं कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एसडी कॉलेज ऑफ इंजी. नियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में हाल ही में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में कॉलेज के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 42 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कॉलेज प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, कैपजेमिनी, नोएडा में चयन प्रक्रिया के पहले चरण में कॉलेज के 3 विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जिन्हें अब दूसरे राउंड में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही सिल्वरलिंक आईटी सॉल्यूशंस में भी कॉलेज के 8 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। चयनित छात्रों व उनके अभिभावकों ने कॉलेज प्रबंधन शिक्षकों व प्लेसमेंट सेल को इस उपलब्धि का श्रेय देते हुए धन्यवाद व्यक्त किया।

## जेई के माफ़ी मांगने पर भाकियू ने धरना किया समाप्त

**बुढ़ाना।** टोडा बिजलीघर पर बीते शुक्रवार से शुरू हुआ भाकियू का धरना प्रदर्शन जेई के माफ़ी मांगने के बाद शनिवार की सायं समाप्त कर दिया गया। दरअसल भाकियू जिला उपाध्यक्ष अनुज बालियान और तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार को गांव टोडा बिजलीघर से जुड़े किसानों की शिकायत मिल रही थी कि टोडा बिजलीघर पर जो जेई है वो सभी किसानों के साथ अभद्र व्यवहार करने से बाज नहीं आ रहा है। तब भाकियू कार्यकर्ताओं ने जेई को अपने व्यवहार में सुधार लाने को कहा तो आरोप है कि जेई ने अपना व्यवहार ज्यूं का त्यूं ही रखा। जिससे क्षुब्ध होकर भाकियू कार्यकर्ताओं ने बीते शुक्रवार को टोडा बिजलीघर पर अनिश्चित काल के लिए धरना प्रदर्शन शुरु करने की घोषणा कर बिजलीघर पर धरना शुरु कर दिया था । आज के धरने में फिर दोबारा भाकियू जिला उपाध्यक्ष अनुज बालियान, तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार, नगर अध्यक्ष इसरार अहमद और जिला संगठन मंत्री विकास त्यागी प्रधान ठाकुर तमसीर सोम, आसिफ सलमानी मौजूद रहे।

# बहन से झगड़ा कर युवती ने खाया जहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** थाना सिविल लाइन की एक कॉलोनी में रहने वाली एक युवती ने छोटी बहन से झगड़ कर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। परि. जनों ने बिना कानूनी प्रक्रिया को पूरे किए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

शुक्रवार देर रात एक कॉलोनी में रहने वाली 21 वर्षीय युवती का किसी बात को लेकर अपनी छोटी बहन के साथ विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों का पता चला तो वह बेटी को जिला अस्पताल ले गए। वहां गंभीर हालत देख कर उसे मेरठ के लिए रेफर कर दिया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

परिजन शव को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। इसके बाद परिजन शव घर लेकर चले गए। सिविल लाइन थाना पुलिस ने बताया कि घटना के बारे में सुबह जानकारी मिली थी। टीम युवती के घर पहुंची तो पता चला कि परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए शुक्रताल ले गए है। पुलिस टीम वहां पहुंची तो अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी। परिजनों ने इस मामले में किसी भी प्रकार की कार्रवाई कराने से इन्कार करते हुए पुलिस को लिख कर दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### इस्लाम धर्म पर गलत टिप्पणी करने वाले युवक के विरुद्ध आक्रोश

**बुढ़ाना।** शनिवार के दिन जमियत उलेमा ए हिंद तहसील बुढाना के अध्यक्ष हाफिज शेरदीन ने अन्य पदाधिकारियों को साथ लेकर बुढ़ाना कोतवाली पहुंचकर इस्लाम धर्म पर अभद्र टिप्पणी करने वाले युवक के विरुद्ध गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी इंचार्ज को एक तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है। तहरीर में लिखा है कि सोशल मीडिया पर चलाई जा रही एक वीडियो जो सूरज बसन नामक चौनल पर अपलोड है। वीडियो में दिख रहा व्यक्ति मुस्लिम समाजए उनकी धार्मिक किताबए विश्वविख्यात मौलाना अरशद मदनी ओर इस्लाम धर्म पर अशोभनीय टिप्पणी कर मौलाना अरशद मदनी की गर्दन काटने के लिये कह रहा है। जिससे मुस्लिम समाज की धार्मिक भावनाए आहत हो रही हैं तथा मुस्लिम समाज में दहशत अराजकता का माहौल तैयार कराया जा रहा है। जिससे मुस्लिम समाज में रोष है। समय रहते उक्त व्यक्ति के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही कर सोशल मीडिया से उक्त विडियो को डिलीट किया जाना समाज हित के लिये जरुरी है। इसलिए सोशल मीडिया पर सूरज बसन नामक चौनल पर वीडियो अपलोड करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही कर उक्त वीडियो को सोशल मीडिया से डिलीट करा दें।

### आज बंद रहेगी महावीर चौक बिजली घर से आपूर्ति

**मुजफ्फरनगर।** एडिक्शन अभियंता मनोज कुमार यादव ने 33є11 केवी उपकेन्द्र महावीर चौक के सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को अवगत कराया है कि 33є11 केवी उपकेन्द्र महावीर चौक से निर्गत 11 केवी सरकूलर फीडर की अतिभारित ध् लाईन में अत्यधिक ट्रिपिंग को कम करने हेतु एक अतिरिक्त फीडर का निर्माण किया जाना हैए जिस कारण दिनांक 27.7.2025 को प्रात: 07:00 बजे से प्रात: 10:00 बजे तक सरकूलर रोडए आर्यसमाज रोडए रेलवे रोडए प्रकाश रोड, फक्करशाह चोक आदि की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। अत: उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि असुविधा से बचने हेतु आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था ( पानी/अन्यद्ध पूर्व में ही कर लें।

### भाजपाइयों ने कारगिल शहीदों को किया नमन

**मोरना।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुकतीर्थ स्थित कारगिल स्मारक में अमर बलिदानियों को पुष्प अर्पित किये।

डा. निर्वाल ने अमर बलिदानियों को स्मरण करते हुए कहा कि हमारे सैनिकों ने विपरीत परिस्थितियों में भी दुश्मन को अपने शौर्य के दम पर शिकस्त दी और कारगिल में इतिहास रचा था । अमर बलिदानियों का सर्वोच्च बलिदान सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है । राष्ट्र के प्रति त्याग और समर्पण हर भारतीय का कर्तव्य है । इस अवसर पर अमित राठी क्षेत्रीय मंत्री किसान मोर्चाएजिला प्रचारक आर एस एस नृपेंद्र, एरामपाल सिंह किसान संघ, अरुण पाल मंडल अध्यक्ष, रामकुमार शर्मा जिला संयोजक, ब्रजवीर सिंह किसान मोर्चा, विनोद शर्मा, नीरज रॉयल, अनुज गोयल, रवि आर्य, अनिल प्रजापति, मोनू पाल, सतेंद्र प्रजापति, विकास जाटव, आयुष भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

### वेदांता पब्लिक स्कूल में मनायी गई हरियाली तीज

**मंसूरपुर।** वेदांता पब्लिक स्कूल में कारगिल विजय दिवस व हरियाली तीज बड़े धूमधाम से मनाई गई। विद्यालय के प्रबंधकसुशील सिंह आर्य जी ने बच्चों के समक्ष कारगिल विजय दिवस के विषय में बताते हुए कहा . यह दिन भारत के शौर्यए साहस और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। इस दिन हम हमारे वीरों के अदम्य साहस और बलिदान को याद करते हैं। जय हिंदए जय भारतए शहीदों को शत.शत नमन के रूप में सभी के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यालय की कोऑर्डिनेटर सुनीता सैनी, गुंजन तोमर, कीर्ति ने विद्यार्थियों को हरियाली तीज के विषय में भी बताया कि. यह त्यौहार प्रकृति के सौंदर्य का उत्सव है। चारों ओर फैली हरियालीए वर्षा की फुहारे और मिटी की खुशबू का त्यौहार है। विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक चौधरी ने भी विद्यालय को कारगिल दिवस और हरियाली तीज के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि. हमें शहीदों के बलिदान को कभी भूलना नहीं चाहिए। विद्यालय के नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों ने रंग बिरंगी वेशभूषा पहनकर झूले.झूलकर तीज मनाई। विद्यालय के चारों सदनों में मेहंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। विद्यालय के विद्यार्थी मनिकाए श्रुति ने भी कारगिल दिवस व हरियाली तीज के विषय में जानकारी दी। विद्यालय की अध्यापिका श्रीमती बबीता गुप्ता व तनु शर्मा ने भी बच्चों को हरियाली तीज के उत्सव पर बधाई दी और कारगिल विजय दिवस के विषय में जानकारी दी। विद्यालय की कोऑर्डिनेटर कीर्ति रानी, गुंजन तोमर, सुनीता सैनी ने भी बच्चों को कारगिल युद्ध में जिले के शहीद वचन सिंह, शहीद रिजवान त्यागी, शहीद नरेंद्र राठी, शहीद सतीश कुमार आदि के नारे लगवाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### भाजपाइयों द्वारा स्नातक वोट बनाने का कार्य शुरु

**बुढ़ाना।** मेरठ और सहारनपुर मंडल स्नातक विधान परिषद चुनाव 2025-26 जिला मुजफ्फरनगर की 11 बुढ़ाना विधानसभा भारतीय जनता पार्टी के निर्देश अनुसार बीती शुक्रवार की देर रात स्नातक वोट बनाने का कार्य भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जितेंद्र त्यागी के कैंप कार्यालय बुढ़ाना नगर से शुरु किया गया। जिसमें बुढ़ाना नगर पंचायत के सभासद अजय संगल, सभासद योगेश प्रजापति, पूर्व मंडल महामंत्री प्रेम त्यागी, मंडल उपाध्यक्ष सोनू रुहेला, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष विनीत शर्मा मास्टर, नीरज गर्ग मास्टर, गन्ना समिति डायरेक्टर रणधीर सैनी, अवनीश त्यागी, बिटू जैन, पंकज चौधरी, नवाब कुरैशी, खालिद कुरैशी और चिराग गोयल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यहां भारतीय जनता पार्टी बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के सह संयोजक ने कार्य कर सभी से जल्द से जल्द नई वोट बनवाने का आग्रह किया।

### करंट से गौवंश की मौत

**मीरापुर।** ग्राम सिखरेड़ा में शुक्रवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई जब जलभराव वाले क्षेत्र में करंट की चपेट में आकर एक बैल की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल है और उन्होंने पीड़ित किसान को मुआवजा दिलाने की मांग उठाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम सिखरेड़ा निवासी सुरेश पुत्र प्रभु अपनी बैलगाड़ी लेकर खेत से लौट रहे थे। जैसे ही वे गांव के पास पहुंचे, रास्ते में जलभराव था। नरेश जैसे ही बैलगाड़ी को लेकर पानी में उतरे, अचानक बैल तड़पने लगा और कुछ ही क्षणों में जमीन पर गिर गया। सुरेश ने शोर मचाकर लोगों को बुलाया और किसी तरह बैलगाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। शोर सुनकर सैकड़ों ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और बैल को बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बताया गया कि सड़क किनारे खड़े एक विद्युत खंभे में करंट दौड़ रहा था, जो जलभराव के पानी तक फैल गया और उसी में उतरने से बैल करंट की चपेट में आ गयझ्र घटना की सूचना मिलते ही बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और विद्युत आपूर्ति बंद कराकर मृत बैल को पानी से बाहर निकाला। ग्रामीणों ने विभागीय अधिका. रियों से किसान को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। वहीं, अधिकारियों ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है।

### सूरज ने गोल्ड जीतकर समाज और देश का नाम रोशन किया है: मदन भैया

**जानसठ।** खतौली विधायक मदन भैया ने मंतोड़ी में थाईलैंड से देश के लिए गोल्ड जीतकर लाये खिलाड़ी सूरज के घर पहुंच कर विधायक मदन भैया ने बधाई दी। उन्होंने मुख्यमंत्री से वार्ता कर सूरज को आगे बढ़ाने के लिए आश्वासन दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक मदन भैया का स्वागत किया इसके अलावा कस्बे के मोहल्ला मंगल बाजार में सतीश के आवास पर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी।पिमोडा में नदीम मुखिया के आवास पर ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत किया। और मोनिश के आवास पर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। इसके अलावा क्षेत्र के चित्तोड़ा , जन्धेडी खन्नुपुर सहित अन्य गांवों में भी ग्रामीणों के सुख-दुख में शामिल हुए। इस दौरान उनके साथ जानसठ नगर पंचायत चौयरमेन डॉ आबिद हुसैन, सुमित चपराना, अमित पवार, लव कुश त्यागी, सभासद कोमल वर्मा, श्री वीर, सुभानी प्रधान, राहुल प्रधान, डा नूर मोहम्मद आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# मुज़फ़्फ़रनगर को उत्तर प्रदेश हेल्थ डैशबोर्ड रैंकिंग में दूसरा स्थान

**मुज़फ़्फ़रनगर।** चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा इस माह में जारी स्वास्थ्य डैशबोर्ड रैंकिंग में जनपद मुज़फ़्फ़रनगर ने पूरे उत्तर प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जनस्वास्थ्य क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश के 75 जिलों में से मुज़फ़्फ़रनगर का कंपोजिट स्कोर 0.72 रहा है। प्रदेश में इस माह प्रथम स्थान हाथरस जनपद का है जिसका कंपोजिट स्कोर 0.72 ही है लेकिन अल्फाबेट के हिसाब से हाथरस का नाम पहले आता है इसलिए हाथरस को प्रथम स्थान पर रखा गया है। इस उपलब्धि पर जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहारू यह उपलब्धि जनपद के



स्वास्थ्य विभाग की समर्पित टीम, सभी स्वास्थ्यकर्मियों, आशा कार्यकर्ताओं, और जनता के सहयोग का परिणाम है। पिछले माह जनपद की प्रथम रैंक आई थी,हम सभी को गर्व है कि हम प्रदेश स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं में अग्रणी बनकर निरंतर उभर रहे है।

# विद्युत आपूर्ति की बदहाल स्थिति पर फेडरेशन भवन में आयोजित हुई अहम बैठक

**मुजफ्फरनगर ।** फेडरेशन ऑफ मुज़फ्फरनगर कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के फेडरेशन भवन पर विद्युत आपूर्ति की दयनीय स्थिति को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विद्युत विभाग के चीफ इंजी. नियर पवन अग्रवाल उपस्थित रहे। बैठक का संचालन फेडरेशन के सह सचिव आशीष गर्ग द्वारा किया गया, जबकि अध्यक्ष नीलकमल पुरी ने चीफ इंजीनियर का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया।

बैठक में उपस्थित उद्यमियों ने चीफ इंजीनियर के समक्ष बिजली आपूर्ति से जुड़ी गंभीर समस्याएं रखते हुए बताया कि बार-बार की ट्रिपिंग और अनिश्चितकालीन शटडाउन के कारण उत्पादन कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग के अधिकारी समस्याएं सुनने को तैयार नहीं हैं और न ही फोन उठाते हैं, जिससे स्थिति और भी विकट हो जाती है। आर्थिक मंदी के दौर में यह बिजली संकट उद्योगों के लिए दो. हरी मार जैसा है।

समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए चीफ इंजीनियर पवन अग्रवाल ने आश्वासन दिया कि विद्युत आपूर्ति की समीक्षा कर आवश्यक सुधार किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अत्यधिक गर्मी के कारण फीडर्स पर अत्यधिक लोड था, जिसे सामान्य करने का प्रयास किया गया है। साथ ही, उद्यमियों की दीर्घकालिक मांग कृ 132 केवीए विद्युत सबस्टेशन कृ को शासन स्तर पर स्वीकृति मिल गई है, और जल्द ही मुज़फ्फरनगर में इसका निर्माण कार्य प्रारंभ होगा।

चीफ इंजीनियर ने एसडीओ को निर्देशित किया कि दि 1 अगस्त 25 में प्रतिदिन प्रात: 5:00 बजे से 9:00 बजे तक विशेष शटडाउन रखकर एलटी लाइन के औद्योगिक फीडर से संबंधित समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

फेडरेशन अध्यक्ष नीलकमल पुरी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के कार्यकाल में भी जब बिजली की स्थिति खराब हुई थी, तब उद्यमियों ने ऊर्जा मंत्री को फैक्ट्री की चाबियाँ सौंपकर प्रदर्शन किया था, जिसके बाद आपूर्ति सुचारू हुई थी।आईआईए के चेयरमैन अमित जैन ने बैठक में बताया कि विद्युत अधिनियम की धारा 64 के अनुसार उद्योगों में टब्ठ द्धटंबननउ ब्पतबनपज ठतमांमतऋ लगाना अनिवार्य नहीं है, अत: विभाग उद्यमियों को इसके लिए बाध्य नहीं कर सकता।

बैठक में विद्युत विभाग की ओर से अधीक्षण अभियंता मनोज यादव, अधिशासी अभियंता अंकुर सिंह, एसडीओ दिनेश गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं फेडरेशन ओर से उपाध्यक्ष अश्वनी मित्तल, राकेश जैन, सचिव अभिषेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आशीष बंसल, पूर्व अध्यक्ष अंकित संगल, अंकुर गर्ग, अरविंद गुप्ता, पंकज जैन, रजनीश त्यागी, दीपक सिंघल, सोम प्रकाश कुछल, मनीष भाटिया, राहुल मित्तल एवं यतीश वत्स सहित कई उद्यमी उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन सिंदूर में शामिल वीर सैनिक का हुआ भव्य स्वागत

मोरना। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर जहां प्रत्येक देशवासी गौरान्वित है।वहीं सैनिको का जोश देखते बनता है।ऑपरेशन सिंदूर मे शामिल वीर सैनिक बीएसएफ के जवान आनंदवीर सिंह मलिक का गांव ककरौली मे पहुँचने पर भव्य स्वागत किया गया। जहां जिला पंचायत अध्यक्षए क्षेत्रीय विधायकएपंचायत प्रमुखए पुलिस क्षेत्राधिकारी ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी।

ककरौली मे पूर्व प्रधान प्रकाशव. ीर सिंह के आवास पर ऑपरेशन सिंदूर मे शामिल रहे गांव निवासी सीमा सुरक्षाबल की 125 वीं बटालियन के सैनिक आनंदवीर सिंह मलिक का स्वागत आरती व तिलक कर किया। इसके पूर्व ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर व पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया।साथ ही महान स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह की फोटो भेंट कर शॉल पहनाकर किया गया।डॉण् वीरपाल निर्वाल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की सामरिक ताकत का परिचायक है। आज देश की सेना दुश्मनों के घर में घुस कर मारती है ।ऑपरेशन सिंदूर के समय मात्र दो दिन में ही भारतीय सेना ने पाक को घुटनों पर ला दिया और वह सीज फायर की गुहार लगाने लगा।

विधायक मिथलेश पाल और ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र सिंह ने वीर सैनिक को बधाई देते हुए कहा कि गर्व का विषय है कि ऑपरेशन सिंदूर में हमारे क्षेत्र का सैनिक भी शामिल रहा है ।सेना ने अदम्य साहस का प्रदर्शन किया है। सीओ डॉण् रविशंकर मिश्रा ने कहा की फ्रंट लाइन पर जाकर कड़ी चुनौतीयों का सामना करने का अवसर भी प्रत्येक को नहीं मिलता है। ऑपरेशन सिंदूर की



सफलता पर पूरा देश गौरान्वित है। ऑपरेशन मे शामिल सैनिको को बारम्बार बधाई।

सैनिक आनन्दवीर सिंह ने कहा की आठ व नो मई की रात उनकी बटालियन द्वारा सात उग्रवादी तीन पाक आर्मी परसन, व उनके दस समर्थकों को ढ़ेर किया गया था।परिवार माता शान्ति देवीए पत्नी ममता पुत्र अक्षय पुत्री स्वाति व प्रीति भाई योगेन्द्र, बहन विमला देवी व प्रकाशवीर ने तिलक कर आरती की।अध्यक्षता सुक्रम पाल व संचालन रविन्द्र चौधरी ने किया। इस अवसर पर संदीप कुमार, जयकरण गुर्जर, गुढ्ढू चौधरी, रामकुमार शर्मा,कृष्णपाल सिंह,ऋषिपाल सिंह, नियाज मेंहदी एस आई शिवचरण तोमर, दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# वीर नारियों व भूतपूर्व सैनिकों ने मनाया विजय दिवस

**मुजफ्फरनगर।** कारगिल विजय दिवस जिला जिला सैनिक कल्याण पुनर्वास कार्यालय में मनाया गया,जिसमें जिला सैनिक कल्याण एंव पुनर्वास अधिकारी मु.नगर एंव अन्य भूतपूर्व सैनिक सैनिक अश्रितों ने प्रतिभाग किया। जिले के शहीद स्मारक पर भावभीनी श्रृद्धांजलि एंव माल्यार्पण कर जिले के शहीदों को याद किया। इस अवसर पर 88 यू पी एन सी सी बटालियन के नौजवान कैडिटस ने भी शहीदों को नमन किया एंव श्रृद्धांजलि दी। मु.नगर जिले में कुल 05 कारगिल शहीद के परिवार निवास करते है। कारगिल शहीद दिवस पर इन सभी शहीद सैनिकों के परिवारजन को कार्यालय परिसर में आंमंत्रित किया गया तथा सभी वीर नारियों के साथ जलपान तथा जिला सैनिक कल्याण




एव पुनर्वास अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया।

# रहमत पब्लिक स्कूल में मनाया गया ग्रीन डे



**मुजफ्फरनगर।** रहमत पब्लिक स्कूल में ग्रीन डे मनाया गया। इस उपलक्ष्य में स्कूल चेयरमैन डॉ कामिल सांडा और मैनेजर उस्मान सांडा ने वृक्षारोपण का महत्व बच्चों को बताया और प्रधानाचार्य संदीप गर्ग के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया। बच्चों ने बढ़चढ़ कर पेड़ लगाए और सभी स्टाफ का सहयोग रहा। मतलूब और शाहनवाज ने कार्यक्रम की बागडोर संभाली। आकांशा, एरीना, शहीम,अंजना, ओर फराह ने भरपूर सहयोग किया।

# भाविप ने मनाया इन्द्र धनुष हरियाली मनोहारी तीज महोत्सव

**मुजफ्फरनगर।** संजय मिश्रा अध्यक्ष भारत विकास परिषद मैन शाखा ने बताया हरियाली तीज जैसे त्योहार महिलाओं को बहुत अधिक उत्साह के साथ सामूहिक रूप से मनाने चाहिए यह त्यौहार भारतीय संस्कृति से जुड़े हैं इससे बच्चों को भी अपनी संस्कृति व त्यौहारों की परंपरा के बारे में पता चलेगा। श्रावण मास में हरियाली तीज त्यौहार भगवान शिव व माता पार्वती के पुनर्मिलन के शिवरात्रि पर्व के पश्चात मनाया जाता इसका हिन्दू धर्म में काफी महत्व है इस कार्यक्रम को दो सत्र में संपन्न कराया गया। प्रथम सत्र में शाखा की महिला सदस्यों का तीज कार्यक्रम शुरू हुआ जिसमें सावन के गीतए लोक नृत्य, लोकगीत और ढोलक की प्रतियोगिता कराई गई । साथ ही तीज क्वीन और तीज महारानी का चयन किया गया। प्रथम सत्र में ही सभी ने चटपटी चाट और गोलगप्पे का आनंद लिया । द्वितीय सत्र में कपल गेमए बच्चों की शानदार प्रस्तुतिए और वंदना शर्मा द्वारा गानो पर आधारित कुछ प्रश्नोत्तरी करवाई गई। निर्णायक मंडल में और सुनीता शाह वंदना शर्मा द्वारा तीज क्वीन रंजना कुशवाहा को चुना गया कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष संजय मिश्रा, शाखा संरक्षक हर्षवर्धन जैन, अशोक सिंघल ओ डी शर्मा डॉ दीपक कुमार गर्ग, शाखा सचिव नवनीत गुप्ता, शाखा कोषाध्यक्ष नीरज सिंघल, मनीष गर्ग विनित गुप्ता डॉ ए डॉ बिर्जेश आत्रेय, ब्रजमोहन शर्मा प्रितवधर्न शर्मा के पी राठी, आशुतोष अग्रवाल, आशु अग्रवाल, राहुल कुशवाहा, मनोज गुप्ता, सुखवीर सिंह, मनोज गोड, आर के सैनी, पुरषोत्तम सिंघल, राजकुमार गुप्ता, अरुण मित्तल, विरेन्द्र कुमार, शिवम गर्ग, ब्रजभूषण गुप्ता, प्रमोद कुमार सपरिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में शाखा की तरफ से महिला सदस्यों को तीज का उपहार दए कार्यक्रम का संचालन डॉ अंजलि गर्ग



द्वारा किया गया। कार्यक्रम संयोजिका सुनीता शाह वंदना शर्मा ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के अंत में संजय मिश्रा आयोजित तीज महोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित सभी सम्मानित जनों को शुभकामनाएँ प्रेषित की। और कहा यह रंगारंग कार्यक्रम नारी सशक्तिकरण, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक समरसता का अनुपम संगम रहा। पारंपरिक लोक गीतोंए मनोहारी प्रस्तुतियों और उत्साहपूर्ण वातावरण ने सभी को आनंदित किया। सभी ने स्वादिष्ट भोजन का स्वाद लिया।

## गोल्डन बेल्स स्कूल में कारगिल विजय दिवस व तीज उत्सव मनाया गया

**जानसठ।** गंग नहर स्थित गोल्डन बैल्स पब्लिक स्कूल में कारगिल विजय दिवस, एवं तीज का उत्सव मनाया गया। शनिवार को गंग नहर स्थित गोल्डन बैल्स पब्लिक स्कूल में कारगिल विजय दिवस एवं तीज पर्व का उत्सव धूमधाम से मनाया गया।इस दौरान कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कक्षा-8 एवं कक्षा -9 की छात्रा (सुहाना, जीविका, एजंल एवं रिद्धि ने शहीदो को अपनी कविता द्वारा श्रद्धाजंली दी, एवं कारगिल विजय दिवस की विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही स्कूल प्रागंण मेंश तीज के अवसर पर मेहन्दी प्रतियोगिता (कक्षा-8 कक्षा-12) का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 8 सुहाना प्रथम स्थान कक्षा 8 रितिका ने द्वितीय स्थान व कक्षा 10 वंतिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान प्रथम द्वितीय तृतीय आने वाली छात्राओं का स्कूल प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य द्वारा उत्साहवर्धक किया गया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।


थानाभवन


शामली बीएसएम


शामली रोटरी क्लब


शामली जैन कन्या इंटर कॉलेज

# नन्हे बच्चों व महिलाओं ने जिलेभर में धूमधाम से मनाया तीज महोत्सव

**शाह टाइम्स टीम**

**थानाभवन।** हरियाली तीज महोत्सव पर विद्यालयो मे सास्कृतिक कायक्रमो का आयोजन कर पर्व मनाया गया,लिटिल स्टार पब्लिक स्कूल में हरियाली तीज का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया जिसमें प्ले, नर्सरी व के जी बच्चे रंगीन परिधान पहनकर स्कूल आए और रैंप वॉक व ग्रुप डांस में भाग लिया जिसमें क्लास नर्सरी से अभिमन्यु और नायरा तीज किंग व तीज क्वीन चुने गए, क्लास के जी से हानियां तीज क्वीन चुनी गई।

क्लास फर्स्ट के बच्चों के लिए रैंप वॉक और तीज क्विज का आयोजन किया गया जिसमें मानया तीज क्वीन चुनी गई क्लास सेकंड से फिफ्थ तक के बच्चों के लिए ज्वेलरी मेकिंग, कड़ा मेकिंग, फोटोफेम मेर्ि. कंग और वॉल हैंगिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने अपनी माता के लिए सुंदर-सुंदर ज्वेलरी, फोटो फेम और झूमर आदि बनाए। क्लास 6 से 8 है तक की बालिकाओं के लिए मेहंदी कंपटीशन रखा गया जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और सुंदर-सुंदर मेहंदी लगाकर सभी का मन मोह लिया इस प्रोग्राम में सभी बच्चे लो. कगीतों पर थिरके, प्रोग्राम में स्कूल की प्रधानाचार्य मती पूजा राणा ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया तथा बच्चों को घेवर और मिठाइयां बांटी।

होली मदर अकैडमी में सभी

अध्यापिकाएं अध्यापिका व छात्राओं ने सुंदर कार्यक्रम किया और अपनी पूर्ण आस्था से भगवान शिव से सुख समृद्धि की प्रार्थना की इसी बीच स्कूल प्रबंधक संगीत गोयल ने बच्चों व समस्त अध्यापिकाओं को 30 त्यौहार के विषय में बताते हुए हरियाली तीज का महत्व समझाया कि जब सावन में संपूर्ण प्रकृति हरि ओढ़नी से अच्छादित होती है,जो सुख, समृद्धि का प्रतीक है । और ऐसा माना जाता है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को प्राप्त करने के लिए कठिन तपस्या की थी इसी उपलक्ष्य में हरियाली तीज का त्योहार प्रतिवर्ष मनाया जाता है। और प्रबंधक संगीत गोयल ने शिक्षण पाठ्ड्क्रम के साथ-साथ सामाजिक धार्मिक सभी प्रकार के कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए बच्चों को प्रेरणा दी। सभी छात्राओं ने अद्‌भुत प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया वह हरियाली के पावन तीज त्योहार पर निम्न छात्रों ने भाग लिया ताजिया, अवनी शगुन अनुष्का आरुषि जज आयशा आराध्या मानवी वालिया अभिया, सदिया और इशिका मानवी नारंग तीज क्वीन घोषित की गई। अन्य सभी छात्रों को प्रबंधक जी उपहार देते हुए बच्चों का उत्साह वर्धन किया। प्रधानाचार्य सुभाष आर्य ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की और आगामी समय में भी होली मदर अकैडमी हमेशा सभी प्रकार की शिक्षा देने में प्रतिबद्ध है और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की सभी अध्यापक गण उपस्थित रहे शिखा राणा अंजू रानी मंजू रानी ललिता रानी अनुष्का रानी नेहा अग्रवाल साक्षी रानी सोनिया,स्वाति,आदि सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

**शामली।** शहर के बीएसएम स्कूल प्रांगण में हरियाली तीज के पावन अवसर पर हरियाली उत्सव एवं फेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और पर्यावरण के प्रति जागरूक करना रहा। शनिवार को कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह और उप प्रधानाचार्या आशु पंडित द्वारा किया गया। त्पश्चात विद्यालय में आयोजित हरियाली तीज के पावन अवसर पर कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के विद्यार्थियों के लिए अल्फाबेटिकल ग्रीन थीम रैंप वॉक, पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन में बच्चे हरे रंग की थीम के अनुसार विभिन्न वस्तुओं और जीवों की पोशाकों में सज कर मंच पर रैंप वॉक करते हुए उपस्थित हुए। कार्यक्रम में नन्हे बच्चों ने अपनी रचनात्मक, आत्मविश्वास और उत्साह से सभी का मन मोह लिया। नर्सरी कक्षा के छात्र ऋषभ ने मगरमच्छ का भेष धारण करते हुए शानदार प्रस्तुति दी और प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर अक्षिता रही, जिन्होंने नाशपाती बनाकर सबका ध्यान अपनी और आकर्षित किया वहीं दक्ष ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेहंदी प्रतियोगिता में वॉरियर हाउस प्रथम, अवेंजर हाउस द्वितीय और इनोवेटर हाउस तीसरे स्थान पर रहा। हरियाली तीज के अवसर पर कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों के लिए फेशर पार्टी कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम विद्यार्थियों के बीच आत्मीयता, सौहार्द और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करने हेतु आयोजित किया गया।

**शामली।** रोटरी क्लब शामली स्टार्स द्वारा गत शुक्रवार देर रात्रि शहर के दिल्ली रोड़ स्थित एक बारातघर में हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन किया। जिसमें क्लब की 45 फैमिली की सभी महिला सदस्यों ने भाग लिया।

क्लब की फर्स्ट लेडी ऑफ क्लब मनिता गर्ग के तत्वाधान में बहुत ही सुंदर आयोजन किया गया, जिसमें सभी महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। क्लब की महिलाओं के लिए तरह-तरह के गेम्स रखे गए। कार्यक्रम संयोजिका डा। नीलम शुक्ला, राशि आर्य ने सभी को हरियाली तीज की महत्वता एवं उसकी जानकारी प्रदान की। मौके पर मनीता गर्ग, नीलम शुक्ला, अनामिका जैन, शिवानी तायल ने प्रतियोगिता का आयोजन कराया। विजेता महिलाओं को आकर्षक उपहार भी दिए गए। कार्यक्रम में रशिवानी तायल, मनीषा तायल, स्वाति तायल, सुगंधा बंसल, देविका चौधरी, हिना तायल, पिंकी गर्ग, प्रिया मित्तल, अंचल बंसल, साक्षी जैन, इति जैन, रिया जैन, प्रियंका ऐरन, प्रिया मित्तल, रिधि गोयल, अर्चना आदि मौजूद रही।

**शामली।** शहर के जैन कन्या इंटर कालेज में शनिवार को तीज महोत्सव के अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता अंतर सदन प्रतियोगिता रही। प्रधानाचार्या डा। रूचिता ढ़ाका ने बताया कि छात्राओं ने एक दूसरे को मेहंदी लगाई। जिसमें गार्गी सदन से अलीशा प्रथम, गार्गी सदन से ही बुशरा द्वितीय, अपाला सदन से सानिया तीसरे स्थान पर रही। उन्होने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि हरियाली तीज का उत्सव महिलाओं का उत्सव है। यह श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीय को मनाया जाता है। जब सम्पूर्ण प्रकृति हरी ओढ़नी से अच्छादित होती है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में इसे कजली तीज के रूप में भी मनाया जाता है। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में निधि जैन, हरविन्द्र कौर, अल्का संगल रही। मौके पर इंदू शर्मा, मुन्नी सिंह, पूजा मित्तल, बीना रानी, मो. निका बंसल आदि मौजूद रही।

**शामली।** भारतीय योग संस्थान द्वारा तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। शनिवार सवेरे शहर के चौधरी चरण सिंह बारातघर में तीज महोत्सव का आयोजन पारंपरिक हर्ष और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन योग केंद्र प्रमुख शिमला पांचाल ने किया, जो स्वयं महिलाओं को नियमित रूप से योग का प्रशिक्षण देती हैं। तीज के इस अवसर पर लोकगीतों, पारंपरिक नृत्य, खेलों और श्रृंगार प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इस दौरान तीज क्वीन का ताज सुमन निर्वाल और राकेश निर्वाल को प्रदान किया गया। सभी प्रतिभागी महिलाओं को सांत्वना पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। मौके पर शिखा, मृदुला जैन, जुली, रुचि अंजलि, मुकेश, सपना, सुनीता, सरिता, ममता, सरला आदि मौजूद रही।

**शामली।** शनिवार को शहर के रॉक गोल्ड अकादमी में तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने हरे रंग के सुंदर कपड़े पहनकर कार्यक्रम में भाग लिया।

शनिवार को शहर के रॉक गोल्ड अकादमी में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य अनिता सिवाच ने किया। तीज महोत्सव पर बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और सबने आइसक्रीम पार्टी का आनंद लिया। विद्यालय परिसर में झूले लगाए गए, जिनका बच्चों ने खूब आनंद लिया। प्रधानाचार्या अनीता सिवाच एवं अध्यापिकाओं ने बच्चों को तीज महोत्सव के बारे में विस्तार से जानकारियां दी। पूरा वातावरण गीत-संगीत और खुशियों से सराबोर रहा। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सुनील गोयल, शिखर गोयल आदि मौजूद रहे।

**झिंझाना।** क्षेत्र के स्कूलों में हरियाली तीज पर मेहंदी प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस कंपटीशन आदि का आयोजन किया गया।

सेंट आरसी स्कूल पिंडौरा में कक्षा तीन से कक्षा 12वीं तक के अधिकांश छात्राओं ने मेहंदी प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया, जूनियर वर्ग में अनुप्रिया, शिवानी, ख्याति तथा सीनियर वर्ग में काव्य, रुद्राक्षी तथा अनुष्का ने क्रमश प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक स्तर पर जिसमें प्ले से कक्षा 2 तक के छात्रों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें लड़कों में गर्वित, अविक की ड्रेस मनमोहक रही। लड़कियों में प्रणवी काशी वीरा, लवि आदि ने मनमोहक ड्रेस पहनकर सभी को अपनी ओर आकर्षित किया।

विद्यालय प्रबंधक देवेंद्र कुमार, प्रधानाचार्या मोनिका चौधरी, सुमन चौधरी, दीपा चौधरी, प्रिया गोयल , वर्षा, प्रीति चौधरी ने सभी प्रतिभागी छात्रों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

डीएवी पब्लिक स्कूल एवम् डी ए वी किड्स जोन में हरियाली तीज का उत्सव ग्रीन डे के रूप में मनाया गया, जिसमें नन्हें मुन्ने ग्रीन कलर की वेशभूषा में नजर आए। कार्यक्रम का आरंभ स्कूल प्रबंधक आशीष मित्तल ने दीप जलाकर किया साथ ही बच्चों को तीज के त्यौहार का महत्व बताया साथ ही अपने आस पास का वातावरण हरा भरा रखने की सलाह दी। कार्यक्रम में विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्या रेशू बेदी के साथ अध्यापिका नीतू कश्यप, दर्खशा सिद्दीकी, फरहीन सिद्दीकी प्रेरणा राजवंशी, सोनिया आदि का विशेष सहयोग रहा।


झिंझाना


शामली योग संस्थान


गढ़ीपुख्ता


कैराना

एसडीएस कॉन्वेंट स्कूल में हरियाली तीज पर मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राथमिक वर्ग में अनुसूया प्रथम, रिया द्वितीय तथा गुरवीर सिंह तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग में मानवी प्रथम, अमृता द्वितीय तथा यश तृतीय स्थान पर रहे। सीनियर वर्ग में जिया प्रथम, आइशा द्वितीय तथा प्रीतम तृतीय स्थान पर रहे। इस मौके पर प्रधानाचार्य सतीश कुमार भटनागर चेयरमैन लोकेश तोमर सहित ऋतिक चौहान सुमित चौहान संस्कार सिंघानिया राधिका, अलका सैनी, प्रियंका राठी, स्वाति गर्ग, पूजा मित्तल, पंकज गर्ग, भुज्वीर आदि समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

बलवती देवी कन्या इंटर कॉलेज में छात्राओं द्वारा हरियाली तीज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्राओं ने मेंहदी प्रतियोगिता के आयोजन में जूनियर वर्ग में रानी ने प्रथम व आईना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में रुखसार प्रथम व राखी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।सभी अध्यापिकाओं व छात्राओं ने झूला झूलकर तीज का त्यौहार मनाया इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा

डी सेंट पब्लिक स्कूल झिंझाना में हर वार्ष की भाती इस वर्ष भी हरियाली तीज महोत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया कक्षा प्रथम से तीन के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कक्षा चतुर्थ से 12 तक मेंहदी कंपटीशन का आयोजन किया गया यू के जी नर्सरी के बच्चों ने ड्रेस कांतिशन में भाग लिया इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी को धन्यवाद किया।

**कैराना।** भास्कर इंटरनेशनल स्कूल में हरियाली तीज के त्यौहार के उपलक्ष में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भास्कर इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन हाजी नसीम कुरैशी ङ्कएडवोकेटङ्क ने की। उन्होंने कहा कि भारत विविध संस्कृतियों का देश है,जिसमें सभी व्यक्ति आपस में मिलजुल कर प्रेम पूर्वक विभिन्न प्रकार के त्यौहार मनाते हैं,जो भारतीय संस्कृति की एक अनूठी पहचान है,जो विश्व में हमारे देश को अलग पहचान देती हैं। जो आपस में भाईचारे की भावना उत्पन्न करती है,आदि शब्दों के साथ चेयरमैन ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर भास्कर इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल नौशाद ने बच्चों को प्रतियोगिता में भागीदारी लेने पर प्रोत्साहित किया और बच्चों को विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता में भाग लेने के महत्व को समझाया। जो कि बच्चों के सर्वांगिक विकास के लिए एक अहम भूमिका निभाता है।

बच्चों ने विभिन्न - विभिन्न प्रकार के डिजाइनों को हाथों पर मेहंदी के द्वारा बनाया। प्रतियोगिता में मेहंदी के बहुत ही आकर्षक और सुंदर डिजाइन बनाए गए। जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। इस प्रतियोगिता में बच्चों को भी बहुत ही खुशी और उत्साह का अनुभव हुआ। भास्कर इंटरनेशनल स्कूल के निद. ेशक फैसल कुरैशी ने बच्चों के मेहंदी के डिजाइनों को देखकर उनकी बहुत प्रशंसा की और भविष्य में भी बच्चों को इसी प्रकार से प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कि यह बच्चे के लिए एक अवसर के रूप में आता है,जिसमें बच्चों को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है।

क्योंकि यह उनके मानसिक एवं शारीरिक विकास में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भास्कर इंटरनेशनल स्कूल के सचिव मुशब कुरैशी ने बच्चों के सुंदर मेहंदी के डिजाइनों की प्रशंसा की और भविष्य में बच्चों को अपने इस कौशल को और अधिक विकसित करने की सलाह दी। इस अवसर पर भास्कर इंटरनेशनल स्कूल के सचिव मुशब कुरेशी, प्रिंसिपल नौशाद, वाहाब, प्रदीप, आयुष, आंचल, राधे, प्रियंका, प्राची, मेहरदीन, विशाल, आजाद सिंह आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

**गढ़ीपुख्ता।** गढ़ी अब्दुल्ला खान स्थित एसडीएस पब्लिक स्कूल में हरियाली तीज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के लिए रंगारंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

विद्यालय में ग्रीन ड्रेस, मेहंदी और ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ग्रीन ड्रेस प्रतियोगिता में अनाया, अलियार, लुभाबा, अमूल्या, अमायरा, सार्थक, हलीमा, अतुबा, अर्पित, वेदिका, वंश, जोया, वैष्णवी, दक्षिता और आराध्या ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं, ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता में अवनी, अब्दुस समद, मितुल, दीपाली और मनुज ने प्रतिभा दिखाई। मेहंदी प्रतियोगिता में रितु, यशस्वी, रूमान, किंजल, कनक और सना ने पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन से वासर चौहान, प्रधानाचार्य फिरोज चौधरी, निक्की चौधरी, रूबी निर्वाल, नीरज देओल, सपना सैनी और अंजली चौधरी मौजूद रहे।

## वैज्ञानिक प्रफुल्ल राय की जयंती व तीज महोत्सव मनाया

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हरियाली तीज व भारतीय वैज्ञानिक प्रफुल्ल चंद्र राय की जयंती के उपलक्ष में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

शनिवार को प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार व गीता रानी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात विद्यालय की बालिका अदिति व दिव्या ने हरियाली तीज से संबंधित लोकगीत प्रस्तुत किया। गीता रानी ने कहा कि यह भगवान शिव और पार्वती के पुनर्मिलन की खुशी में मनाया जाता है। इस तिथि के दिन मां पार्वती ने बरसों की कड़ी तपस्या के उपरांत भगवान शिव को प्राप्त किया। इस दिन महिलाएं उपवास रखकर अपने पति के दीर्घायु होने की कामना करती हैं। झूला झूलती हैं और लोकगीतों का आनंद लेती हैं। रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा 11 व 12 की बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। बालिकाओं ने हृदय, चंद्रयान, कृत्रिम उपग्रह और परमाणु जैसी आकृतियां रंग-बिरंगे रंगों से तैयार की जिसमें राधिका शगुन ने प्रथम, हंसा अनुष्का ने द्वितीय, अंशिका, रुखसार, श्रुति, वंशिका, दिव्या, वंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार एवं विज्ञान विभाग के प्रमुख संजीव कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर अमित कुमार, मोहित कुमार, विकास कुमार, दिव्या रानी, उपासना, सुरभि, संदीप, कविता, अनीता, कपिल, अश्विनी, राहुल, धर्मेंद्र, पंकज, मोनिका, साक्षी आदि मौजूद रहे।

## हरियाली तीज पर छात्राओं ने लगाई सुंदर मेहंदी

**कैराना।** हरियाली तीज के अवसर पर नगर एवं क्षेत्र के विद्यालयों में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने मेहंदी के पारंपरिक डिजाइनों का शानदार प्रदर्शन किया।

शनिवार को कस्बे की टीचर्स कॉलोनी में स्थित डीके कॉन्वेंट स्कूल में हरियाली तीज के अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय की कक्षा छह से आठ तक की छात्राओं ने उत्साह एवं परिश्रम के साथ में प्रतिभाग किया। विद्यालय निदेशक गीता रानी व दीपिका गुप्ता निर्णायक मंडल में शामिल रही। प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में पारुल शर्मा, पूजा कौशिक, आरती शर्मा, ईशिका सैनी, तनु सैनी आदि अध्यापकों का सराहनीय योगदान रहा। प्रतियोगिता में काव्या व महक ने प्रथम, इकरा सैफी व अरीशा ने द्वितीय तथा वरनिका, मुनाहिल, इरम, आयशा, मिष्ठी व नमरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय चेयरमैन राजकुमार सेन ने बच्चों को हरियाली तीज की जानकारी प्रदान की। समन्वयक शान्तनु राज ने छात्र-छात्राओं को बताया कि एक्स्ट्रा एक्टिविटी में भाग लेने से उनके कौशल का विकास होता है। विद्यालय प्रबंधक संजीव गोयल ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, ब्लॉक क्षेत्र में स्थित सरस्वती पब्लिक स्कूल शेखूपुरा में भी ग्रीन डे एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नर्सरी से कक्षा द्वितीय तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित ग्रीन डे से हुई, जिसमें बच्चों ने हरे रंग की पोशाक पहनकर भाग लिया और अपने साथ हरी सब्जियां, फल अथवा हरे रंग का प्राकृतिक व्यंजन लेकर आए। शिक्षकों ने बच्चों को हरी सब्जियों, फलों और पेड़ों के महत्व के बारे में जानकारी दी।

उन्हें प्रकृति से जुड़ाव और हरियाली के संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद, कक्षा तृतीय से बारहवीं तक की छात्राओं के लिए मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें छात्राओं ने पारंपरिक और आकर्षक डिजाइनों की मेहंदी लगाकर अपनी कला व सृजनात्मकता का प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रधानाचार्य निखिल कुमार ने बच्चों को एक पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान स्कूल प्रबंधक सुखपाल सिंह चौहान के अलावा एक्टिविटी को-ऑर्डिनेटर अलका शर्मा व चारों हाउस प्रभारी सुमित शर्मा, दीपक कुमार, संगीता गुर्जर और सोनिया राठी उपस्थित रहे। उधर, कस्बे में स्थित लाला नरसिंह दास सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सांस्कृतिक विभाग की ओर से मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने पूर्ण मनोयोग से मेहंदी के पारंपरिक डिजाइनों का निर्माण किया। प्रतियोगिता में पायल ने प्रथम, अन्नपूर्णा ने द्वितीय तथा प्रेरणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रधानाचार्य राजीव कुमार ने छात्राओं को हरियाली तीज के अवसर पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने मेहंदी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में विद्यालय की करीब 30 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

## पुराण का लेखन हमेशा नवीन होता हैः राज राजेश्वर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** शिव महापुराण के पृथम दिन कथा व्यास राज राजेश्वर महाराज ने पुराणों के विषय में वर्णन करते हुए कहा पुराण का लेखन अति पुराना होते हुए भी सदा नवीन होता है। अष्टदस महापुराण संस्कृत वांग्मय की अमूल्य निधि है। यह अत्यंत प्राचीन तथा वेदार्थ को स्पष्ट करने वाले है।

पुराणों की प्रमाणिकता, मंगल मयता तथा यथार्थता का शास्त्रो मे सर्वत्र उल्लेख है। उन्होने कहा वास्तव मे पुराण ही हमारी संस्कृति के सच्चे और आदर्श इतिहास है किसी मानव समाज का इतिहास तभी पूर्ण समझना चाहिए जब उसका इतिवृत सृष्टि के आरम्भ से लेकर वर्तमान काल तक क्रमबद्ध रूप से दिया जाय। अन्यथा अधूरा ही समझना चाहिए।





पुराण वर्णित प्रसंग काल्पनिक नही है वे सर्वथा सत्य है ऋषि प्रणीत ग्रन्थों में वर्णित प्रसंग ऐसे चमत्कार पूर्ण है कि उनके आध्यात्मिक, आधे दैविक, आधिभौतिक - तीनो अर्थ होते है ।पुराणों के रचनाकार किसी दुराग्रह के मोह से मिथ्या को सत्य बनाकर लिखना पाप समझते थे। वे सत्यवादी सत्याग्रही ओर सत्य के प्रकाशक थे वस्तुतः पुराण सर्व साधारण की सर्वागीण उन्नति और परम कल्याण की साधन सम्पत्ति के अटूट भण्डार है। पुराण ही आध्यात्मशास्त्र ,दर्शनशास्त्र ,धर्म शास्त्र, नीतिशास्त्र ,तंत्शास्त्र,कला शास्त्र है।

पुराण सनातन आर्य संस्कृति स्वरूप ओर वेद का सरलतम् व सरस व्याख्या है। ज्ञान विज्ञान वैराग्य भक्ति ,प्रेम ,श्रद्धा ,विश्वास यज्ञ ,दान, तप, संयम नियम ,सेवा ,भूतदया ,वर्णधर्म, आश्रम धर्म ,व्यक्ति धर्म नारीधर्म ,मानव धर्म,राजधर्म सदाचार व्यक्ति के कर्तव्यों के सम्बन्ध मे विचार पूर्ण कल्याणकारी,अनुभूत उपदेश अतीव रोचक भाषा में लिखे हुए हैं।शिव कथा को सुनकर बिंदुग जैसे पिशाच एवं देवराज ,चंचूला को मोक्ष की गति प्राप्त हुई।

इस अवसर पर सुरेन्द्र गर्ग योगेश तायल सुखपाल नवीन गोयल सचिन गोयल अखिल तायल अमित गोयल आदि सहित बड़ी संख्या मे श्रृद्धालु मौजूद रहे।

### एक नजर

## मां शाकुंभरी देवी मंदिर में विशाल महा आरती आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मां शाकुंभरी देवी सेवा समिति द्वारा अट्ठे वाला मंदिर मैं एक महा आरती का आयोजन किया गया जिसके मुख्य यजमान शिव कुमार तायल पत्नी अर्चना तायल और विजय संगल सपरिवार रहे पंडित प्रदीप पांडे ने विधि विधान के साथ महा आरती कराई जिसमें आसपास के सभी भक्त जनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा माता रानी का गुणगान किया आरती के पश्चात सभी भक्तजनों को माता का प्रसाद और श्रंगार का सामान भी वित. रित किया गया समान पाकर सभी भक्तजन बहुत प्रसन्न हुए और सभी ने समिति के पवित्र कार्य की प्रशंसा की अंत में संस्था के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार बंसल ने बताया कि यह आरती हर माह शुक्ल पक्ष संस्था द्वारा कराई जाती है अंत में उन्होंने सभी भक्तजनों को धन्यवाद दिया इस मौके पर अंजलि गर्ग शालू गर्ग प्रवीण बंसल महेश गर्ग अजय गोयल पुनीत गर्ग अनिल रेनू सुनील अनुराधा आदि उपस्थित रहे।

## इमाम के शव को गमगीन माहौल में किया गया सुपुर्द-ए-खाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कैराना।** एक दिन पूर्व जलालाबाद में सड़क हादसे का शिकार हुए इमाम के शव को गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। हादसे से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है। क्षेत्र के गांव मन्नामाजरा निवासी मौलवी आमिर (27) गंदराऊ में स्थित मस्जिद में इमामत का कार्य करता था। विगत शुक्रवार को वह बाइक से देवबंद जा रहा था। जैसे ही शाम करीब पांच बजे वह जलालाबाद में स्थित दिल्ली-यमनोत्री मार्ग पर पहुंचा, तभी उसकी बाइक कार से टकराकर हादसे का शिकार हो गई। बाइक सवार इमाम की मौके पर ही मौत हो गई। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। देर रात्रि मृतक युवक का शव घर पर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। उनका रो-रोकर बुरा हाल था। वहीं, शनिवार सुबह मृतक इमाम के शव को गांव के निकट स्थित कब्रिस्तान में गमगीन माहौल के बीच सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। मृतक इमाम चार भाइयों में सबसे बड़ा बताया गया है। वह डेढ़ वर्ष की एक मासूम

# डीएम ने किया जवाहर नवोदय विद्यालय व प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान ने आज पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय,भैंसवाल रोड़ शामली का औचक निरीक्षण किया मौके पर आवश्यक व्यवस्थाओं देखते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी ने विद्यालय में मेस का निरीक्षण कर भोजनालय आदि की व्यवस्था को देखते हुए फूड सेफ्टी विभाग को खाने की चीजों के सैंपल लेने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय जिला. धिकारी विद्यालय में अन्य व्यवस्थाओं को देखते हुए प्रभारी प्राचार्य को सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने को लेकर दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के समय एसडीएम शामली विनय प्रताप सिंह भदौरिया, बेसिक शिक्षा अधिकारी लता राठौर, फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारियों सहित जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य शलभ मित्तल, अध्यापक के रूप में अरुण कुमार सिंहआदि मौजूद रहें।



शामली। प्राथमिक विद्यालय में बच्चे के साथ खेलते डीएम।



शामली। विद्यालय में रसोई आदि का निरीक्षण करते हुए।

**शामली।** जिलाधिकारी, शामली अरविन्द कुमार चौहान द्वारा आज बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा हेतु प्रेरणा निरीक्षण ऐप के माध्यम से जनपद के विकास क्षेत्र-शामली के 2 विद्यालयों उच्च प्राथमिक विद्यालय लिलौन व प्राथमिक विद्यालय लिलौन का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम उच्च प्राथमिक विद्यालय लिलौन का निरीक्षण किया गया।सर्वप्रथम उच्च प्राथमिक विद्यालय लिलौन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी को विद्यालय में 1 ई.प्र.अ., 4 सहायक अध्यापिका एवं 1 अनुदेशक कार्यरत मिले, जिनके सापेक्ष 01 सहायक अध्यापिका बल्यकाल आवकाश पर, एवं 1 सहायक अध्यापिका आकस्मिक अवकाश पर थी अन्य समस्त अध्यापक उपस्थित मिले। विद्यालय में नांमाकित कुल 143 छात्र-छात्राएं के सापेक्ष 110 छात्रध्छात्रांए उपस्थित मिले। निरीक्षण में जिलाधिकारी द्वारा कक्षा-कक्षों में जाकर बच्चों से संवाद किया गया तथा बच्चों से पुस्तक पढ़वाकर एव गणित के सवाल कराकर देखा गया। विद्यालय में पढाई का स्तर संतोषजनक मिला।

अध्यापकों को कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। विद्यालय में मेन्यू के अनुसार सब्जी-चावल का वितरण किया गया। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी को कक्षा-6-व कक्षा-8 में साफ-सफाई, लाईट एवं वेन्टीलेशन की व्यवस्था ठीक नहीं मिली। कक्षाओं में डेस्क-बेंचों के नीचे गंदगी मिलने पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्ति की गई तथा इन व्यवस्थाओं को तत्काल ठीक करने के निर्देश दिए गए। साथ ही संबंधित ई.प्र.अ. के खिलाफ कार्रवाई हेतु बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया। कक्षा-6 में जिलाधिकारी द्वारा स्वयं अपने हाथों से जमीन पर पड़े समान के खाली पैकेट को उठाकर डस्टबिन में डाला गया और निर्देशित किया कि बच्चों को बताया जाए कि कूड़ा डस्टबिन में डाला जाता है। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा बच्चों के साथ बैडमिंटन भी खेला गया।निरीक्षण के क्रम में जिलाधिक. ारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय लिलौन निरीक्षण किया जहां विद्यालय के बाहर डीएम को गंन्दगी एवं स्कूल प्रांगण में लगे हैंडपंप के पास साफ-सफाई एवं नहीं दिखी जिस हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। निरीक्षण में जिलाधिकारी को विद्यालय में 1 प्र.अ., 4 सहायक अध्यापक एवं 1 शिक्षामित्र कार्यरत मिले जिनके सापेक्ष सभी उपस्थित मिले।

विद्यालय में कुल 164 छात्र-छात्राएं नांमाकित मिले जिसके सापेक्ष 126 छात्रध्छात्रांए उपस्थित मिलें। निरीक्षण में जिलाधिकारी द्वारा कक्षा-कक्षों में जाकर बच्चों से संवाद किया गया तथा बच्चों से पुस्तक पढ़वाकर एव गणित के सवाल कराकर देखा गया। विद्यालय में पढाई का स्तर संतोषजनक मिला।अध्यापकों को कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। कुछ छात्रध्छात्राएं विद्यालय यूनिफार्म पहले नहीं थे, उन बच्चों को विद्यालय यूनफार्म में आने के निर्देश दिए गए। विद्यालय में मेन्यू के अनुसार सब्जी-चावल का वितरण किया गया। संबंधित प्र.अ. के विद्यालय में साफ-सफाई की व्यवस्था कराए जाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय लता राठौर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, शामली एवं जितेन्द्र कुमार, जिला समन्वयक (एम.डी.एम.) भी उपस्थित रहे।

## ट्यूबवेलों की दीवारें तोड़ कर लाखों का सामान साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के गांव दथेड़ा में चोरों ने एक ही रात में कई किसानों के ट्यूबवेलों को निशाना बनाते हुए केबिल और कटआउट चोरी कर लिए। चोरों ने ट्यूबवेल की दीवारें तोड़कर भीतर रखा कीमती सामान उड़ा लिया।

गांव के किसानों विपिन, धरमबीर, जसबीर, करम सिंह, जानू, विनोद, रमेश और विक्की ने बताया कि चोरों ने रात के अंधेरे में सुनसान खेतों में बने ट्यूबवेलों को निशाना बनाया। दीवारें फाड़ दी गईं और अंदर से कटआउट व केबिल चोरी कर लिए गए। चोरी की यह वारदात इतनी सुनियोजित थी कि किसी को भनक तक नहीं लगी।

पीड़ित किसानों ने बताया कि चोरी में एक लाख रूपए से अधिक का सामन गया है, जिससे उन्हें भारी



आर्थिक नुकसान हुआ है। सभी किसानों ने एकजुट होकर चौसाना पुलिस को तहरीर दी और मांग की कि जल्द से जल्द चोरों को पकड़ा जाए और उनका नुकसान भरपाई हो।

वहीं चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह का कहना है कि किसानों से तहरीर प्राप्त हुई है, मामले की जांच शुरू कर दी गई है। शीघ्र ही कार्रवाई कर आरो. पियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## समाधान दिवस में चार का मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर के थाना प्रांगण में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जनता की विभिन्न प्रकार की शिकायतों को सुनकर उनका त्वरित समाधान किया गया। इस अवसर पर कुल पांच शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें चक रोड, डोल, बटवारा आदि से संबंधित विवाद शामिल थे।

थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि प्राप्त पांच शिकायतों में से चार मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि एक मामले में गहन जांच हेतु संबंधित लेखपाल को स्थल पर जाकर निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं का समय पर समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है समाधान दिवस में पहुंची पिंकी पत्नी स्वर्गीय सुंदर श्याम निवासी मुल्लापुर ने बताया कि उनकी जमीन का बटवारा वर्षों पहले हो चुका था उनके परिवार के ही दीपक फौजी और कुलदीप ने उनकी जमीन का जबरदस्ती कुछ हिस्सा दबा रखा है अपनी जमीन वापसी मांगने पर उनके द्वारा उसके बच्चों के साथ कई बार मारपीट की जा चुकी है थाने में तहरीर देने के बाद भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई ग्राम प्रधान की मौजूदगी में गांव की जिम्मेदार लोगों ने उनका बंटवारा कराकर निशान दे निशान देही करवा कर खंब गढ़वा दिएथे उसके बावजूद भी उन लोगों ने उनकी जमीन पर कब्जा कर रखा है और धमकी देते हैं अगर जमीन में घुसे तो तुम्हारा इलाज कर दें पिंकी ने समाधान दिवस में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित लेखपाल तथा हल्का उप निरीक्षक को को निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए

समाधान दिवस में थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत, क्राइम इंस्पेक्टर सुरेश कुमार, उप निरीक्षक इंदर सेन, उप निरीक्षक देवेंद्र कुमार, राजेंद्र मलिक सहित राजस्व विभाग की टीम मौजूद रही।

### बादल गौतम बने गुरु रविदास विश्व महापीठ के प्रदेश मंत्री

**शामली।** गुरु रविदास विश्व महापीठ द्वारा एक अहम निर्णय लेते हुए शामली निवासी बादल गौतम को प्रदेश मंत्री नियुक्त किया गया है। यह जिम्मेदारी उन्हें महापीठ के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, राष्ट्रीय महामंत्री बृजेश निम्मी तथा राष्ट्रीय मंत्री धर्म सिंह जाटव द्वारा प्रदान की गई। शनिवार को शामली पहुंचने पर बादल गौतम का समाज के लोगों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया। उन्होने बताया कि यह कार्यक्रम चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया, और अब संगठन के माध्यम से प्रदेशभर में समाजहित में कार्य करेंगे और समाज को एकजुट करने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। जिसका निर्वहन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष किशन लाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष स्वतंत्र सिसोदिया, भाजपा एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष गरीब दास, राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ। रवि प्रकाश, नवनीत नीमकी सहित समाज के कई जिम्मेदार व सम्मानित लोग शामिल हुए। इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने बादल गौतम को बधाई देते हुए आशा जताई कि वे समाज के संगठनात्मक ढांचे को और अधिक मजबूत करेंगे तथा प्रदेश में गुरु रविदास के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

## एक नजर

### थाना समाधान दिवस में जन शिकायतों का किया अनुश्रवण एवं अधिकारियों को दिए निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान व पुलिस अधीक्षक राम सेवक गौतम द्वारा द्वारा आज थाना आदर्श मंडी शामली में आयोजित थाना समाधान दिवस में जन समस्याओं को सुनते हुए शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने भूमि संबंधी,पुलिस विभाग आदि शिकायतों का नियमानुसार निस्तारण हेतु सभी संबंधित को निर्देशित किया गया। आयोजित समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान द्वारा थाना आदर्श मंडी का निरीक्षण करते हुए महिला हेल्प डेस्क, कर्मचारी गण के आवास,हवालात आदि का निरीक्षण करते हुए लंबे समय से खड़े वाहनों में भी नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश देते हुए थाना कैंपस में प्रॉपर साफ-सफाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय जिलाधिक. ारी द्वारा अपराध रजिस्टर का भी निरीक्षण किया गया जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा विभिन्न अपराधों में की गई कार्यवाही के बारे में महोदय को अवगत कराया।इसके बाद जिलाधिकारी द्वारा थाना प्रांगण में बनी ओपन जिम का भी निरीक्षण किया।इस अवसर पर थाना प्रभारी आदर्श मंडी राजेंद्र गिरी सहित आदि संबंधित मौजूद रहें।

### यूपी टी-20 लीग में शामली के विनय कुमार बने नोएडा किंग्स के मैनेजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**झिंझाना।** जनपद के । आगामी यूपी टी-20 लीग सीजन में नोएडा किंग्स टीम नेजनपद के नया गांव निवासी विनय कुमार को टीम मैनेजर नियुक्त किया है। इस नियुक्ति से न केवल शामली, बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश को गौरव की अनुभूति हुई है। शामली डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट कोऑर्डिनेटर के रूप में वर्षों से कार्य कर रहे विनय कुमार पूर्व में यूपी रणजी ट्रॉफी और मेरठ मावेरिक्स जैसी नामचीन टीमों के साथ सफलतापूर्वक अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनकी प्रबंधन क्षमता, अनुशासन और खिलाड़ियों से सामंजस्य की कला को देखते हुए नोएडा टीम ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति के बाद विनय कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय वरिष्ठ क्रिकेट प्रशासक मोहम्मद अकरम सैफी और एसडीसीए (डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन) को दिया। उन्होंने कहा, कि मैं जो कुछ भी हूं, उसका पूरा श्रेय अकरम सैफी सर को जाता है। उन्होंने हर मोड़ पर मुझे मार्गदर्शन और प्रेरणा दी। उनके सहयोग के बिना यह मुकाम संभव नहीं था। विनय कुमार ने कहा कि एसडीसीए के साथ वर्षों पुराने जुड़ाव ने उन्हें क्रिकेट प्रशासन की गहराई से समझ दी। वहीं, अकरम सैफी ने हमेशा अभिभावक की भूमिका निभाते हुए उनका मार्गदर्शन किया। उनकी नियुक्ति पर सहारनपुर जिला क्रिकेट संघ के सचिव लतीफुर्रहमान, सूर्यवीर सिंह, जवाहर तोमर, हरेन्द्र तोमर, विवेक मलिक, नागेंद्र खैवाल, रोकी देशवाल, आजम खघन, अनुभव वालिया, विकेन्द्र निर्वाल, सन्नी धीमान, रवि, फर्मान और सादिक सहित जिले के अनेक क्रिकेट प्रेमियों ने बधाई दी है।

### पीडीए को संगठित कर अखिलेश यादव ने जिताई 43 सीटें-अशफाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** समाजवादी पार्टी द्वारा प्रदेश भर में मनाए जा रहे आरक्षण दिवस व संविधान मान स्तम्भ स्थापना दिवस के क्रम में समाजवादी पार्टी शामली ने कैम्प जिला कार्यालय में आयोजित किया। जिसमें बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक अशफाक अली खां ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीडीए को संगठित कर संविधान बचाओ के नारे के साथ लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को 43 सीटें जिताकर संविधान व आरक्षण बचाने का काम किया है। कहा कि संविधान एवं आरक्षण भाजपा के निशाने पर है। लोकसभा चुनावों मे 400 पार का नारा उन्होंने संविधान बदलने के लिए ही लगाया था। उप्र की महान जनता ने समाजवादी पार्टी व कांग्रेस को 43 लोकसभा सीटों पर जीत दिला कर उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया है। प्रोफेसर सुधीर पंवार ने कहा कि संविधान ने जहॉ एक और सभी को समानता व वोट का अधिकार दिया है वहीं दूसरी और आरक्षण देकर अनुसूि. चत जाति, अनुसूचित जन जाति व पिछड़ो को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए आरक्षण दिया है। इस दौरान सभी को संविधान की पुस्तिका भेट की गई। कार्यक्रम को अर्चना चौधरी, जावेद जंग, अरविंद झंझोट, राशिद पहलवान, विपुल गोयल, संजीव, डा। अनुज जावला, मांगेराम सिलावर, सलेक चंद, राव तफरूज, तासीन मंसूरी, कर्मवीर कसेरवा आदि मौजूद रहे।

# आरक्षण दिवस पर सपा ने किया कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दिशा निर्देश के अनुसार आज मेरठ करनाल हाइवे पर स्थित एक रिसोर्ट में संविधान मानस्तंभ स्थापना दिवस के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि कैराना विधानसभा से विधायक नाहिद हसन मौजूद रहे। आरक्षण दिवस 26 जुलाई को सपा प्रदेश भर में संविधान मान स्तंभ स्थापना दिवस के रूप में मना रहीं हैं। वर्ष 1902 में कोल्हापुर राज्य के तत्कालीन शासक छत्रपति शाहूजी महाराज ने सामाजिक न्याय की भावना को इस दिन ही अमल में लाते हुए शासन प्रशासन में पिछड़ों को 50: आरक्षण





लागू किया था। इस ऐतिहासिक दिन को ही समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पिछले वर्ष 2024 में प्रदेश में सभी कार्यालय में संविधान मान स्तंभ की स्थापना के निर्देश दिए थे यह स्तंभ पीएफ के प्रकाश स्तंभ के रूप में प्रेरणा प्रदान करता है। कार्यक्रम का संचालन कलीम आसान जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी व अध्यक्षता शेर सिंह राणा पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने की इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अजीम खान मास्टर शमशेर चौधरी सरदार भगवान सिंह सरदार जोगिंदर सिंह सरदार रोम सिंह सरदार सर्बन सिंह सरदार मास्टर अजेब सिंह आदि सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### ठगी की गई 99 हजार की रकम वापस कराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 20.6.2025 को आवेदिक रोबिन मलिक पुत्र मदनपाल निवासी हाथीकरौदा थाना बाबरी जनपद शामली के साथ अज्ञात व्यक्ति द्वारा मर्चेन्ट नेवी में नौकरी लगवाने का झांसा देकर धनराशि की ठगी की गई थी।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के निर्देशन में साइबर सेल शामली व साइबर हैल्प डैस्क थाना बाबरी द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए मर्चेन्ट नेवी में नौकरी लगवाने का झांझा देकर ठगी की गई 99,000/-रुपए की धनराशि वापसी कराई गई है। आवेदिक रो. बिन के द्वारा मान पुलिस अधीक्षक शामली, साइबर सेल शामली व साइबर हैल्प डैस्क थाना बाबरी का आभार व्यक्त किया गया है।

## जहरीले पदार्थ से विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** टोडा गांव में शनिवार की सुबह ग्यारह बजे दंपत्ति के बीच चले आ रहे विवाद में पति ने जहर देकर अपनी पत्नी की जान ले ली। मायके पक्ष की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जानकारी जुटाई। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर तथ्य संक. लित किए।थाना प्रभारी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव टोडा में एक 32 वर्षीय नेहा नाम की महिला की जहर देने से मौत हो गई ।हत्या का आरोप विवाहिता के पति दिनेश पर लगा है। बताया जाता है की आठ माह पूर्व दिनेश ने मृतका नेहा के भाई एवं अपने रिश्ते में साले की हत्या की योजना बनाई थी और सुपारी तक दे दी थीं।जिसकी जानकारी नेहा को लग गई। नेहा ने अपने पिता को इसके बारे में अवगत कराया ।इसके बाद दोनों दंपति के बीच में विवाद शुरू हो गया।

कई महीनो से चले आ रहे हैं विवाद के बीच समाज के लोगों ने पंचायत कर फैसला कर दिया ।करीब 8 दिन पूर्व नेहा अपने ससुराल टोड़ा में आई थी ।मृतका नेहा के पिता भूपेंद्र सिंह का दावा है कि बीती रात दिनेश ने नेहा के साथ मारपीट की इसके बाद हम लोग मौके पर आए थे और अपनी बेटी को साथ ले जाने वाले थे ,लेकिन गांव के लोगों की मान मनव्वल के बाद हम उसे अपने साथ ना ले जा सके ।शनिवार सुबह ग्यारह बजे दिनेश ने जबरन नेहा को जहरीला पदार्थ खिलाया ।जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की बेटी युवी दस वर्षीय ने पुलिस को अपने ही पिता के खिलाफ बयान दर्ज कराए हैं वो कहती रही मेरे पिताजी ने ही जबरन मेरी मां को पुड़िया में जहर लाकर दिया।

पुलिस ने लोगों से जानकारी जुटाने के बाद उच्च अधिकारियों को मामले से अवगत कराया ।सूचना पर फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची एवं घटनास्थल से साक्ष्य संकलित किए गए ।वहीं सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जितेंद्र शर्मा व चौसाना चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे एवं घटनास्थल का निरीक्षण किया ।पुलिस की एक टीम ने शवका पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### सर्पदंश से महिला की हालत बिगड़ी, रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** बाथरूम में कपड़े धोने के लिए गई महिला को अचानक सांप ने डस लिया, जिससे महिला की हालत बिगड़ गई। महिला को चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर किया है।

कस्बे के मोहल्ला इस्लामनगर निवासी सुमै"या पत्नी मोहसीन शनिवार को कपड़े धोने के लिए घर में स्थित बाथरूम में गई थी। इसी दौरान वहां मौजूद सांप ने अचानक महिला के बाएं हाथ पर डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन महिला को लेकर कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे। जहां पर चिकित्सकों ने उसे उपचार देने के पश्चात जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं, डड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ। विकास चंद ने बताया कि सर्प दंश से पीड़ित एक गर्भवती महिला को सीएचसी पर लाया गया था। महिला का ब्लड सैंपल लेकर जांच की गई। इसके पश्चात, महिला को उचित उपचार देकर जिला अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई। हालांकि महिला की हालत सामान्य है।

# डीएम ने ली जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक का प्रेजेंटेशन आशुतोष कुमार वास्तव जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा किया गया।बैठक में समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों की एजेंडा बिंदु के अनुसार समीक्षा करते हुए जिन विभागीय कार्यक्रमों में प्रगति खराब पाई गई उसमें सुधार करने के कड़े निर्देश संबंधित को दिए। बैठक में समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने 1 से 31 जुलाई 2025 चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान की गई गति. विधियों की समीक्षा करते हुए जिस स्तर पर भी कमी है उसमें सुधार के




निर्देश दिए। बैठक में नियमित टीकाकरण की समीक्षा करते हुए वेब फैमिली के कन्वर्जन को लेकर थानाभवन व कैराना के चिकित्सा अधीक्षक से नाराजगी व्यक्त करते हुए वेब परिवारों का अधिक से अधिक कन्वर्जन किए जाने के निर्देश दिए तथा जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ करन चौधरी को कंट्रोल रूम स्थापित करते हुए प्रत्येक बुधवार व शनिवार को सुपरवाइजर की समीक्षा के निर्देश दिए कि कितने वेब कन्वर्जन हुए हैं। यदि नहीं हुए है उनके कारणों से अवगत कराया जाए। साथ ही लापरवाही को लेकर कैराना MOIC का वेतन रोकने के निर्देश दिए। बैठक में समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने वीएचएनडी सत्रों पर आईसीडीएस विभाग की तरफ से लॉजिस्टिक उपलब्ध करने हेतु डीपीओ को निर्देशित किया। जनपद में झिंझाना और कुड़ाना पर कोल्ड चौन को एक सप्ताह के अंदर क्रियाशील करने हेतु जिला प्रतिरक्षण अधिकारी को निर्देशित किया गया। समीक्षा में एचबीएनसी की विजिट करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया।

बैठक में आगामी एनडीडीद्ध राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवसत्र्ञ कार्यक्रम पर अर्न्तविभागीय अधिका. रियों को माइक्रो प्लानिंग के साथ कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। बैठक में समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने HRP का फॉलो-अप तब तक करने के निर्देश दिए जब तक महिला HRP से बाहर ना आ जाए। बैठक में डीएम ने राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए पोषण पोटली आदि की समीक्षा करते हुए संबंधित को निर्देशित किया। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने CHO की प्रतिदिन उपस्थिति की जांच करते हुए लंबे समय से अनुपस्थित रहने वाले CHO की सूची आगामी बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने आयुष्मान की प्रगति जन्म-मृत्यु पंजीकरण कार्यक्रम आदि की भी समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनिल कुमार, सीएमएस डॉ किशोर आहूजा, एसीएमओ अश्वनी शर्मा, अतुल बंसल, डॉ करन चौधरी डीआईओ, पीडी डीआरडीए प्रेम चन्द,डी पी ओ आईसीडीएस, समस्त चिकित्सा अधीक्षक एवं डीपीएम आशुतोष, डीसीपीएम फहीम अहमद अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सुरक्षा के बीच समीक्षा अधिकारी की परीक्षा होगी आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे के दो शिक्षण संस्थानों में सोमवार को समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसकी तैयारी को लेकर उच्चाधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं को परखा। दो परीक्षा केंद्रों पर 960 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा केंद्रों पर एक-एक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कालेज एवं मेरठ करनाल हाईवे पर स्थित सैंट आर सी कांवेंट स्कूल में सोमवार को समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा को लेकर एसडीएम ऊन संदीप कुमार त्रिपाठी एवं तहसीलदार गौरव सांगवान तथा कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया गया। एक परीक्षा केंद्र पर 480 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। एसडीएम ऊन ने बताया कि एंट्री सुबह 8 बजे से 8:45 बजे तक होगी।परीक्षा 9।30 बजे शुरू होकर 11:30 बजे समाप्त होगी। परीक्षा केंद्र पर एक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं।

# मुठभेड़ के दौरान गोली से घायल गोकश पुलिस के हत्थे चढ़े

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने गोकशो को धरदबोचा। पकड़े गए दो गोकश पुलिस की गोली से घायल हुए जिन्हें उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके से जिंदा गोवंश, कटा हुआ मास एवं गोकशी के उपकरण बरामद किए। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांव मानकी निवासी शमीम के घेर पर छापेमारी की जहां पर गोकशी कर रहे गोकशो ने पुलिस को देख मीरगपुर गांव के जंगल की ओर भागने लगे। पुलिस ने उनका पीछा किया तो अपने आपको घिरता देख एक गोकश ने तमंचे से पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस ने जवाबी फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास कर रहे दो गोकशो मोनू उर्फ शाहरुख और ताबिश पुत्र शमीम को पेर में गोली मारकर लंगड़ा करते हुए दबोच लिया। पुलिस ने मौके से गोकशी में शामिल गांव के ही शमीम पुत्र अय्यूब, वसीम पुत्र राशिद को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से दो तमंचे, जिंदा कारतूस के अलावा जिंदा गोवंश, कटा हुआ मास और गो. कशी के उपकरण भी बरामद किए हैं। कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र सोनकर ने बताया कि पकड़े गए घायल गोकशों को उपचार के लिए देवबंद सीएचसी में भर्ती कराया गया है। चारों आरो. पियों के खिलाफ बीएनएस की धारा के अंतर्गत गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रुरता अधिनियम एवं अवैध हथियार रखने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। बताया कि आरो. पियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## नहर में डूबने से मजदूर की मौत

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के चंदक हेड के पास एक दर्दनाक हादसे में 24 वर्षीय युवक कामेश पुत्र यशपाल की नहर में डूबने से मौत हो गई। मृतक योगानुकूल कृषि फार्म भागूवाला में मजदूरी करता था। घटना गुरुवार को दोपहर के समय घटी जब कामेश अपने साथियों अनिल व चिंटू के साथ खेत की सिंचाई के लिए नहर से पानी खींच रहा था। गर्मी के चलते तीनों ने नहर में नहाने का फैसला किया। कामेश ट्रैक्टर की छत से कूदते वक्त संतुलन खो बैठा और चोट लगने से वह बेहोश होकर डूब गया। साथी युवक उसे नहाता समझकर चले गए। जब वह दोपहर तक नहीं लौटा तो परिजनों को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गोताखोरों की मदद से सर्च ऑपरेशन शुरू किया। लेकिन रात तक सफलता नहीं मिली।

# सपाइयों ने देवबन्द पहुंचने पर कमाल अख्तर का किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सपा के विधायक एवं पूर्व मंत्री कमाल अख्तर ने कहा कि भाजपा सरकार के शासन काल में जनहित का कोई कार्य नहीं हुआ है। इसलिए वह धर्म, जाति एवं बिरादरी की राजनीति कर देश वासियों को असली मुद्दों से भटकाना चाहती है। लेकिन अब जनता भाजपा की नीति को समझ चुकी है। आने वाला समय इण्डिया गंठबंधन का है।

कमाल अख्तर सहारनपुर में पीडीए के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जाते रोहाना टोल प्लाजा पर पूर्व विधायक माविया अली के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं द्वारा फूलों की माला पहनाकर स्वागत किए जाने के उपरांत मीडिया से बात कर रहे थे उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे और एसआईआर से ध्यान भटकाने को भाजपा सपा मुखिया





अखिलेश यादव के दिल्ली पॉर्लियमेंट मस्जिद में बैठने को मुद्दा बना रही है। जबकि साफ है कि इस्लाम में ऊंच, नीच और जात बिरादरी का कोई फर्क नहीं है। सबको बराबरी का हक दिया गया है। मस्जिद अल्लाह का घर है, जहां कोई भी जा सकता है। मुद्दों से ध्यान भटकाने को भाजपा बिना वजह इसे तूल देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा को रोकने के लिए इंडिया गठबंधन में उत्तर प्रदेश के अंदर समाजवादी पार्टी सबसे बड़ा दल है। सभी दलों को सपा का साथ देना चाहिए। उन्होंने जनपद में कांग्रेस और सपा के बीच चल रही तकरार के सवाल पर कहा कि जहां बर्तन ज्यादा होते हैं वहां खनकने की आवाज सुनाई ही देती है। आसपा प्रमुख चंद्रशेखर आजाद के इंडिया गठबंधन का हिस्सा बनने पर उन्होंने कहा कि यह निर्णय राष्ट्रीय नेतृत्व करेगा। उन्होने कैराना सांसद इकरा हसन पर टिप्पणी करने वाले करनी सेना के उपाध्यक्ष योगेंद्र राणा को जानवर करार दिया। कहा कि बहन, बेटी किसी की भी हो सभी को उनका सम्मान करना चाहिए। रोहाना टोल प्लाजा पर पूर्व विधायक माविया अली के नेतृत्व में स्वागत करने वाले सपा प्रदेश सचिव मांगेराम कश्यप, फरहाद गाड़ा, अमित गुर्जर, हैदर अली, नगराध्यक्ष रमजानी कुरैशी, शाहनवाज मलिक, आसिफ खान, मुल्ला फुरकान, मुदस्सिर सिद्दीकी, आदि सपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

# शिक्षा विषय पर आयोजित कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** द दून वैली पब्लिक स्कूल में एसटीईएम आधारित समावेशी शिक्षा विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें वक्ताओ ने बच्चों की रूचि के अनुसार उन्हे व्यवाहारिक दुनिया से जोडने के टिप्स दिए।

द दून वैली पब्लिक स्कूल प्रागंण में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तत्वावधान में एसटीईएम आधारित समावेशी शिक्षा विषय पर आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ सीमा शर्मा क्वालिटी हेड अर्चना शर्मा, उपप्रधानाचार्य तनु कपिल ने संयुक्त रूप से किया। एप्रीसिएशन कमेटी के सदस्य एवं नचिकेता स्कूलस की उपप्रधानाचार्य जसबीर कोर, एसजीआरआर पब्लिक स्कूल



देहरादून की प्रधानाचार्य गरिमा शर्मा, जवाहर नवोदय विद्यालय मिर्जापुर के प्रधानाचार्य राजकुमार ने केस स्टडीज एवं प्रजेंटेशन के माध्यम से एसटीईएम आधारित शिक्षा पद्धति की जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रखना चाहिए। बल्कि उन्हे समस्या समाधान तर्क, प्रयोग एवं अनुसंधान आधारित शिक्षण के लिए भी प्रेरित करना चाहिए। जिससे बच्चों में विज्ञान, गणित, तकनीक एवं इंजी. नियरिंग सीखने की क्षमता पैदा की जा सके। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ सीमा शर्मा ने कहा कि आज के समय में शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा उत्तीर्ण करना नहीं होना चाहिए। बल्कि बच्चों में तार्किक चिंतन रचनात्मक दृष्टिकोण व अनुसंधान क्षमता का विकास भी समान रूप से अवश्यक होना चाहिए। उन्होने कार्यशाला में सहयोग देने वालों का धन्यवाद किया।

# विद्यार्थियों को दिलाई उत्तरदायित्व की शपथ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बेनिसन स्कूल में इंवेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों ने नई जिम्मेदारियों के साथ शपथ ग्रहण की। हेड बॉय जैफ एवं हेड गर्ल अक्सा को चुना गया।

बेनिसन स्कूल प्रागंण में आयोजित समारोह में जैफ, अक्सा, हिमालय हाउस कैप्टन रुद्र पंवार, वाइस कैप्टन अरफात, अरावली हाउस कैप्टन अहमद रजा, वाइस कैप्टन अर्श, नीलगिरी हाउस कैप्टन उमर, वाइस कैप्टन फैसल, शिवालिक हाउस कैप्टन अनंत, वाइस कैप्टन सादान मुकीम के अलावा साद, जैद, अब्दुल मालिक, अब्दुल हफीज, अयमन, आतिफ को उनके पद और उत्तरदायित्व की शपथ दिलाई गई। जबकि आहिल, खदीजा, हिबा, नमरा, अनाबिया, हमना, अक्दस, अली अहमद और काशिफ को कक्षा मॉनिटर बनाया गया। स्कूल प्रबंधक डॉ. शाइस्ता चौधरी व नदीम चौधरी ने छात्रों को बधाई देते हुए पढ़ाई के साथ ही सभी जिम्मेदारियां निभाने को प्रेरित किया। प्रधानाचार्य श्रीकांत चौधरी ने विद्यार्थियों को




कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और नेतृत्व के मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं सहित स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहा।

# बाल विकास एवं भावनात्मक कल्याण विषय पर आयोजित हुई कार्यशाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** एकेडमी में 'बाल विकास एवं भावनात्मक कल्याण' विषय पर कार्यशाला एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न वेशभूषाओं में सजे नन्हें बच्चों ने सबका मन मोह लिया। दून हिल्स एकेडमी सभागार में आयोजित हुई कार्यशाला में अनस अहमद ने कहा कि बच्चों में आत्मविश्वास, सहानुभूति और सकारात्मक सोच तभी विकसित होती है जब उन्हें एक सुरक्षित, स्नेहमयी और समझदारी भरा वातावरण मिले। इसमें स्कूल टीचर और अभिभावकों ने भाग लिया। वहीं, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में यूकेजी के बच्चों ने डॉक्टर, शिक्षक, फौजी, पुलिस ऑफिसर, आदि पात्रों



का रूप धारण किया। साथ ही नर्सरी एवम एलकेजी के बच्चों ने फल, सब्जियां और फूलो का रूप धारण किया। नन्हें बच्चों की सुंदर प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय चेयरमैन डा. प्रदीप वर्मा, डायरेक्टर तनुराज व प्रिंसिपल डा. अंजलि वर्मा ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान रीना, अर्चना, विचित्रा, भावना, अभिषेक, पारुल, दीपाली, श्रेया, गुलिस्ता, पूजा, अंशिक, सतेंद्र आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने की खाले पर पुल बनवाने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बचीटी गांव में बरसात के पानी में बहकर हुई दो बच्चों की मौत के बाद खाले (नदी का छोटा रूप) पर पुल बनाने की मांग जोर पकडने लगी है। ग्रामीणों ने इस मामले में प्रदर्शन किया। वहीं, स्कूली बच्चों ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर खाले पर पुल का निर्माण कराने की मांग की।

ग्रामीणों ने खाले पर पुल निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए कहा कि पिछले 50 सालों से गांव से नन्हेड़ा टिपटान को जोडने वाले पुल और मार्ग निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। बरसात के समय जहां उनकी फसलें पानी में डूब जाती है वहीं, पुल नहीं होने से बरसात के पानी में बहने से कई लोगों की मौत



हो चुकी है। चार दिन पहले भी दो बच्चे खाले में जा गिरे थे और बरसात के तेज पानी के बहाव में बह गए थे। अगले दिन सुबह उनके शव बरामद हुए थे। कहा कि यदि उक्त स्थान पर पुल होता तो दो मासूमों की जान नहीं जाती। ग्रामीणों ने जनहित में पुल का निर्माण कराए जाने की मांग शासन प्रशासन से की है। इस दौरान पूर्व प्रधान मुकेश त्यागी, इरशाद, साहिब, मुदस्सिर, साहिल, प्रिंस समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। उधर, एसवीएम माडल स्कूल के बच्चों ने मुख्यमंत्री के पत्र भेजा है, जिसमें उन्होंने सीएम से गुहार लगाते हुए कहा है कि बरसात के समय उत्तराखंड की ओर से आने वाला पानी बड़ी दिक्कत खड़ी करता है, जिसके चलते वह स्कूल नहीं जा पाते है और हर समय हादसे का खतरा बना रहता है।

## बंद घर में युवक का शव मिला

**नजीबाबाद।** आज सुबह नगर की पालोमल कालोनी में उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक का उसी के बंद घर में शव मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घर का दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला।

आज सुबह थाना पुलिस को पालोमल कालोनी में 25 वर्षीय युवक दिलशाद उर्फ बाबू के अपने घर में बंद होने तथा रात को सोने के बाद सोकर न उठने की जानकारी मिली। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घर का दरवाजा तोड़ा तो युवक बाबू वहां मृत अवस्था में चारपाई पर सीधा लेटा हुआ था तथा उसके सिर में चोट के निशान थे। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर सील कर दिया। घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई।

# आरबीडी में दीक्षारंभ कार्यक्रम संपन्न

## नवप्रवेशित छात्राओं को पेन वितरित किए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** महाविद्यालय के पावन प्रांगण में नव प्रवेशित छात्राओं हेतु छह दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. (डॉ.) पारुल त्यागी, समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) मंजू चौधरी, आई.क्यू.ए.सी. कोऑर्डिनेटर व शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) मंजू अरोड़ा एवं कार्यक्रम समन्वयक एवं चित्रकला विभागाध्यक्ष डॉ. नीरू द्वारा सामूहिक रूप से मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुए संगीत



विभाग द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की सुन्दर प्रस्तुति दी गई।

तत्पश्चात गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सचिन माहेश्वरी द्वारा नव प्रवेशित छात्राओं को ऑनलाइन माध्यम द्वारा संबोधित किया गया। इस संबोधन को छात्राओं को लाइव दिखाया एवं सुनवाया गया। अपने संबोधन में उन्होंने छात्राओं के भीतर जोश व ऊर्जा भरते हुए कहा कि सपने वह नहीं होते जो रात में देखे जाए, सपने वह होते हैं, जो दिन में देखे जाए। उन्होंने कहा कि छात्राओं का उद्देश्य सिर्फ डिग्री पाना ही नहीं है, बल्कि देश को एक सही दिशा भी देना है। कक्षा-कक्ष ऐसे हो जहां अधिक से अधिक संभावनाएं पैदा हो सके। शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने आगे कहा कि शिक्षक एक चेतना है, वह सिर्फ एक व्यक्ति नहीं हैं। वह छात्रों के लिए पथ प्रदर्शक का कार्य करता है।

अपने वक्तव्य में उन्होंने आगे बताया कि शिक्षा को जीवन और संस्कार से जोड़ेंगे, तो अवश्य ही सफलता मिलेगी। उन्होंने एक सांस्कृतिक व भौतिक युग का आह्वान किया। जिसका आधार ज्ञान सेवा वह नवाचार को बताया। इसके उपरांत महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. पारुल त्यागी ने सभी नव प्रवेशित छात्राओं के साथ बातचीत की वह महाविद्यालय में उनका स्वागत किया व उन छात्राओं की प्रशंसा की, जो महाविद्यालय की वेशभूषा में आई थी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा दिये गये उद्घोषण में उनके द्वारा की गई सभी अपेक्षाओं पर हम खरा उतरेंगे और शालिन आचरण को अपने जीवन में उतारेंगे। हमारा व्यवहार ऐसा हो, जो हमारी संस्कृति व वातावरण को झलकाए। उन्होंने छात्राओं को कठिन परिश्रम करने वह समय का सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं से बातचीत करते हुए कहा कि यह महाविद्यालय आपका है, इसको स्वच्छ रखें क्योंकि विद्यालय भी एक मंदिर होता है।

कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. नीरू द्वारा छात्राओं को संबोधित किया गया। उन्होंने कहा कि छात्र व शिक्षक एक सिक्के के दो पहलू है। इसके बाद सभी नवप्रवेशित छात्राओं को पेन वितरण किया गया। प्राचार्य ने समस्त नवप्रवेशित छात्राओं के साथ सामूहिक रूप से फोटो ली। कार्यक्रम का सुंदर संचालन डॉ. अनु रानी द्वारा किया गया।



**मुजफ्फरनगरः पार्टी कार्यालय पर संविधान मान स्तंभ दिवस पर सपाईयों के साथ सांसद इकरा।**

( संबंधित खबर पेज 3 पर )

# वन विभाग शामली द्वारा सहजन पौध वितरण कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित वृक्षारोपण महाअभियान-2025 के अंतर्गत, माननीय मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में आज दिनांक 26 जुलाई 2025 को शामली वन प्रभाग द्वारा जनपद के विभिन्न विकास खंडों . शामली, कांधला, कैराना, ऊन एवं थानाभवन में सहजन पौध वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थी परिवारों को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया, जिससे पर्यावरणीय संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण परिवारों को



पोषण व आर्थिक रूप से भी सशक्त किया जा सके। इस अवसर पर कुल 208 लाभार्थियों को दो-दो पौधों के हिसाब से कुल 416 सहजन पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को सहजन पौधे के औषधीय, पोषण एवं आर्थिक महत्व के विषय में तकनीकी जानकारी प्रदान की गई, साथ ही पौधों की देखभाल, उचित रोपण पद्धति तथा जैविक उर्वरक उपयोग संबंधी प्रशिक्षण भी दिया गया, जिससे दीर्घकालिक लाभ सुनिश्चित हो सके। सहजन एक बहुउपयोगी वृक्ष है जो ग्रामीण परिवेश में पोषण, स्वास्थ्य, आयवृद्धि एवं पारिस्थितिक संतुलन के लिए अत्यंत उपयोगी माना जाता है। इसकी पत्तियों, फली, बीज व जड़ों में प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन, तथा विटामिन्स प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो कुपोषण से ग्रस्त परिवारों के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। इसके अतिरिक्त सहजन की फली एवं पत्तियां स्थानीय बाजार में बिक्री हेतु उपयुक्त होती हैं, जिससे ग्रामीण परिवारों को अतिरिक्त आय प्राप्त हो सकती है। इसके बीज से तेल निकालकर आयुर्वेदिक एवं औद्योगिक उपयोग में लाया जा सकता है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलता है। पर्यावरणीय .ष्टिकोण से यह वृक्ष तेजी से बढ़ने वाला, जल संरक्षण में सहायक, कार्बन अवशोषणकर्ता तथा मृदा कटाव को रोकने वाला सिद्ध होता है।शामली वन प्रभाग द्वारा चलाया गया यह कार्यक्रम न केवल पौध वितरण तक सीमित रहा, अपितु लाभार्थियों को पर्यावरणीय उत्तरदायित्वों के प्रति जागरूक कर 'हरित ग्राम.समृद्ध ग्राम' की अवधारणा को व्यवहार में उतारने की दिशा में एक सशक्त प्रयास रहा। जनसहभागिता आधारित इस कार्यक्रम में ग्रामीण समुदाय की सक्रिय सहभागिता सराहनीय रही, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि वृक्षारोपण एक अभियान न रहकर ग्रामीण जीवनशैली का स्थाई हिस्सा बने।

## आईटीआई की परीक्षाएं 28 से

**बिजनौर।** जनपद में संचालित चार राजकीय एवं 21 निजी आईटीआई की अखिल भारतीय व्यावसायिक सीबीटी परीक्षाएं 28 जुलाई से जनपद में राजकीय आईटीआई में प्रारंभ होगी, जो 22 अगस्त 2025 तक चलेगी। इस परीक्षा में 4060 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा सुचारू पूर्वक एवं नकल विहीन कराने के उद्देश्य से परीक्षा केंद्र पर जिलाधिकारी द्वारा कार्यपालक मजिस्ट्रेट, पर्यवेक्षक एवं पुलिस बल की व्यवस्था कर दी गई है। परीक्षा विभागीय नियमानुसार कराए जाने के उद्देश्य से परीक्षा केंद्र पर राजकीय आईटीआई के कार्यदेशक एवं वरिष्ठ अनुदेशक भी तैनात रहेंगे। यह जानकारी राजकीय आईटीआई बिजनौर के नोडल प्रधानाचार्य मंजुल मयंक ने बताया कि परीक्षा में सम्मिलित होने वाले समस्त परीक्षार्थी अपने साथ ऑनलाइन निकला हुआ प्रवेश पत्र तथा फोटो युक्त आईडी जैसे आधार कार्ड अवश्य साथ लेकर आएंगे। इसके अभाव में उन्हें परीक्षा केंद्र पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य कोई भी सामग्री इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस कैलकुलेटर इत्यादि परीक्षा केंद्र पर लाने की अनुमति नहीं होगी।

## पिकअप वाहन चालक से मारपीट

**नहटौर।** ग्राम बच्चावाला में एक पिकअप वाहन चालक के साथ कहासुनी को लेकर दो युवकों ने मारपीट की। घायल युवक के द्वारा शोर मचाने पर आरा. पी मौके से फरार हो गए। ग्राम जमालपुर निवासी सोमपाल पुत्र कल्लू कमालपुर से अपने पिकअप द्वारा ग्राम बच्चेवाला पहुंचा। वहां से गिलाड़ी से मछली का बीज उठाने के लिए जा रहा था।

# एशिया कप क्रिकेट यूएई में खेला जाएगा

**● 9 से 28 सितम्बर के बीच होगा टूर्नामेंट, आईसीसी चीफ बोले-शेड्यूल जल्द जारी होगा**




**नई दिल्ली, वार्ता।** एशिया कप 2025 यूएई में खेला जाएगा। टूर्नामेंट 9 सितम्बर से शुरू होगा और फाइनल 28 सितम्बर को खेला जाएगा।

एशियन क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के अध्यक्ष मो. हसिन नकवी ने इसकी जानकारी दी है। टूर्नामेंट टी-20 फार्मेट में होगा। नकवी जो पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष भी हैं, ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि आईसीसी एशिया कप 2025 अब आधिकारिक रूप से यूएई में 9 से 28 सितम्बर तक खेला जाएगा। यह एक शानदार टूर्नामेंट होगा और हम सभी को शानदार क्रिकेट देखने को मिलेगा। शेड्यूल की पूरी जानकारी जल्द साझा की जाएगी। एशिया कप 2025 की मेजबानी भारत को मिली है, लेकिन भारत-पाकिस्तान के खराब संबंध के कारण यह न्यूट्रल वेन्यू पर खेला जाएगा। एशिया कप 2023 की मेजबानी पाकिस्तान ने की थी। हालांकि भारत ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान का दौरा करने से मना कर दिया था, तब यह हाइब्रिड मॉडल में खेला गया था। भारत के सभी मैच श्रीलंका में हुए थे। भारत ने श्रीलंका को हराकर एशिया कप 2023 का खिताब जीता था। अप्रैल में पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत की ओर से 6-7 मई को आपरेशन सिंदूर चलाया गया था। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे। दोनों देशों के बीच राजनीतिक संबंध खराब हैं। ऐसे में एशिया कप में पाकिस्तान खेलने के लिए भारत नहीं आएगा। इसलिए आईसीसी टूर्नामेंट को यूएई में करा रहा है। एशिया कप की शुरुआत 1984 में हुई थी। अब तक 16 बार यह टूर्नामेंट खेला जा चुका है। भारत ने इसे सबसे ज्यादा 8 बार जीता। वहीं श्रीलंका ने 6 और पाकिस्तान ने 2 बार इस टूर्नामेंट को अपने नाम किया है। इस साल फरवरी-मार्च में हुई चैंपियंस ट्राफी के लिए टीम इंडिया पाकिस्तान नहीं गई थी। भारत के सभी मैच यूएई में कराए गए थे, यही नहीं एक सेमीफाइनल और फाइनल भी यूएई में ही हुए थे। भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को हरा कर खिताब अपने नाम किया था। पाकिस्तान टीम पाकिस्तान की टीम साल 2023 में वनडे वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत आई थी। तब इंडिया और पाकिस्तान के बीच अहमदाबाद में 14 अक्टूबर को मुकाबला खेला गया था। इस मैच को भारतीय टीम ने 7 विकेट से जीता था। कप्तान रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर ने फिफ्टी जमाई थी। जसप्रीत बुमराह प्लेयर आफ द मैच बने थे। उन्होंने 19 रन देकर 2 विकेट लिए थे। 2008 के मुंबई हमले के बाद से भारत-पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय सीरीज बंद हैं। अब दोनों टीमें अब केवल आईसीसी और आईसीसी टूर्नामेंट में एक-दूसरे का सामना करती हैं। ऐसे में जब भी भारत-पाकिस्तान मैच होता है तो दुनियाभर के क्रिकेट फैंस की नजरें इस मुक. ाबले पर टिकी होती हैं। ऐसे में आयोजक और ब्राडकास्टर भारत-पाकिस्तान मैच से ज्यादा से ज्यादा कमाई करते हैं। टीम इंडिया ने 2008 में आखिरी बार पाक का दौरा किया था। 3 टेस्ट मैचों की उस सीरीज को भारतीय टीम ने 1-0 से जीता था।

# तन्वी शर्मा और वेन्नाला कलागोटला ने जीता कांस्य पदक

**● भारत के लिए यह ऐतिहासिक मौका रहा जिसमें एक ही संस्करण में दो महिला शटलर खेली**

**सोलो, वार्ता।** बैडमिंटन एशिया जूनियर व्यक्तिगत चैंपियनशिप 2025 में भारत का शानदार अभियान तन्वी शर्मा और वेन्नाला कलागोटला द्वारा महिला एकल वर्ग में कांस्य पदक जीतने के साथ समाप्त हुआ। यह भारत के लिए ऐतिहा. सिक पहला मौका था, क्योंकि इस प्रतियोगिता के एक ही संस्करण में दो महिला एकल शटलर पोडियम पर पहुंची थीं।

एक रोमांचक सेमीफाइनल में, वेन्नाला कलागोटला ने चीन की लियू सी या के खिलाफ बहादुरी से मुकाबला किया। दूसरे गेम में 15-20 से पिछड़ने के बाद, युवा भारतीय खिलाड़ी ने तीन मैच पॉइंट बचाकर स्कोर 18-20 कर दिया, लेकिन आखिरी क्षणों में हुई एक महत्वपूर्ण गलती के कारण लियू ने मुकाबला 21-15, 21-18 से जीत लिया। दूसरे कोर्ट पर, दूसरी वरीयता प्राप्त तन्वी का सामना आठवीं वरीयता प्राप्त चीन की यिन यी किंग से हुआ। पहला गेम 13-21 से हारने के बाद, तन्वी ने दूसरे गेम में जबरदस्त वापसी करते हुए 6-1 की बढ़त बना ली। हालांकि, यिन ने वापसी करते हुए स्कोर 8-8 कर लिया और फिर 21-13, 21-14 से जीत हासिल की।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### निहाल-अखिलेश ने जीता एशियाई जूनियर ताइक्वांडों चैंपियनशिप में कांस्य पदक

**मलेशिया, वार्ता।** भारतीय एथलीट निहाल देवाली और अखिलेश सिंह ने 13वीं एशियाई जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीत लिए। मलेशिया में आयोजित इस प्रतियोगिता में निहाल देवाली ने पुरुषों के 63 किलोग्राम और अल्मोड़ा निवासी अखिलेश सिंह ने 78 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीतकर अपने नाम कर लिया। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि निहाल देवाली और अखिलेश सिंह ने मलेशिया में आयोजित 13वीं एशियाई जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में क्रमशः पुरुषों के 63 किलोग्राम और 78 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीतकर भारत को गौरवान्वित किया। हमें आप दोनों पर गर्व है।

### देव मीणा ने 2025 में तीसरी बार तोड़ा राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**जर्मनी, वार्ता।** भारत के देव कुमार मीणा ने एफआईएसयू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 के क्वालिफाइंग राउंड में पुरुषों का पोल वॉल्ट राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। यहां देव कुमार मीणा ने इस साल कोच्चि में हुए फेडरेशन कप में दर्ज किए अपने 5-35 मीटर के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए, अपने दूसरे प्रयास में 5-40 मीटर का नया व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। यह इस साल 20 वर्षीय मीणा ने तीसरी बार भारतीय पोल वॉल्ट राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ा है। उन्होंने 2025 के राष्ट्रीय खेल में 5-32 मीटर की ऊंचाई पार करने के साथ यह रिकॉर्ड अपने नाम किया था, जो 2022 में सुब्रमणि शिवा की 5-31 मीटर जंप के साथ उनके नाम दर्ज था।

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को छह विकेट से हराया, सीरीज में बनाई अजेय बढ़त




**● टिम डेविड नाबाद 107 रनों की तूफानी पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को हराकर सीरीज में 3-0 से अजेय बढ़त बना ली है**

**बासटेयर, वार्ता।** टिम डेविड (नाबाद 107) की तूफानी शतकीय प्रहार की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 23 गेंदें शेष रहते छह विकेट से हरा दिया है। इसी साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज में 3-0 से अजेय बढ़त बना ली है। 215 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और एक समय वह 87 रन पर चार विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी। ग्लेन मैक्सवेल सात गेंद में (20) रनआउट हुए। इसके बाद जॉश इंग्लिस (15), मिचेल मार्श (22) और कैमरून ग्रीन (11) रन बनाकर आउट हुए।

ऐसे संकट के समय टिम डेविड और मिचेल ओवेन की जोड़ी ने तूफानी बल्लेबाजी का मुजा. हिरा करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 16-1 ओवर में चार विकेट पर 215 रन बनाकर छह विकेट से जीत दिला दी। डेविड ने केवल 16 गेंदों में तूफानी अर्द्धशतक बनाया जो कि ऑस्ट्रेलिया के लिए टी-20 क्रिकेट में अब तक का सबसे तेज अर्द्धशतक है। टिम डेविड ने रिकार्ड 36 गेंदों में 11 छक्के और छह चौकों की मदद से (नाबाद 102) की पारी खेली।

यह ऑस्ट्रेलिया की ओर से किसी भी बल्लेबाज द्वारा टी-20 में बनाया गया सबसे तेज शतक है। मिचेल ओवेन ने 16 गेंदों में तीन छक्के और दो चौके लगाते हुए (नाबाद 36) रन बनाये। वेस्टइंडीज की ओर से रोमारियो शेफर्ड ने दो विकेट लिए। जेसन होल्डर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

# रूट के निशाने पर अब सचिन का विश्व रिकॉर्ड


**● जो रूट के नाम अब 38 टेस्ट शतक हो गए है, टेस्ट में उनसे ज्यादा सिर्फ सचिन तेंदुलकर, जैक कैलिस और रिकी पोंटिंग के शतक है**




**मैनचेस्टर, वार्ता।** इंग्लैंड की रन मशीन जो रूट ने भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट में शतक(150) लगाते हुए राहुल द्रविड़ (13,288), जैक कैलिस (13,289) और रिकी पॉन्टिंग (13,378) को एक झटके में पीछे छोड़ा और अब उनसे ज्यादा रन सिर्फ सचिन तेंदुलकर (15,921) के रह गए हैं। रूट के नाम अब 38 टेस्ट शतक हो गए हैं।

टेस्ट में उनसे ज्यादा शतक सिर्फ तीन बल्लेबाजों ने लगाए हैं - तेंदुलकर (51), कैलिस (45) और पॉन्टिंग (41)। कुमार संगकारा के भी रूट के बराबर 38 शतक हैं। अब रूट के नाम टेस्ट में कुल 104 फिफ्टी-प्लस स्कोर हैं। इस मामले में वह पॉन्टिंग और कैलिस (103) से आगे चले गए हैं। अब सिर्फ तेंदुलकर (119) उनसे आगे हैं। रूट ने भारत के खिलाफ 12 टेस्ट शतक लगाए हैं। यह किसी भी बल्लेबाज द्वारा भारत के खिलाफ सर्वाधिक शतक है। उन्होंने स्टीवन स्मिथ (11) को पीछे छोड़ा। किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट शतक डॉन ब्रैडमैन (इंग्लैंड के खिलाफ 19) और सुनील गावस्कर (वेस्टइंडीज के खिलाफ 13) के नाम हैं। इनमें से 12 में से 9 शतक रूट ने इंग्लैंड में ही भारत के खिलाफ लगाए हैं। यह किसी भी बल्लेबाज द्वारा घरेलू मैदान पर किसी एक विपक्षी टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक है। उन्होंने ब्रैडमैन (इंग्लैंड के खिलाफ 8) को पीछे छोड़ा। रूट ने इंग्लैंड में 23 टेस्ट शतक लगाए हैं। किसी भी देश में सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने के मामले में वह संयुक्त रूप से पहले नंबर पर हैं। रिकी पॉन्टिंग (ऑस्ट्रेलिया), जैक्स कैलिस (साउथ अफ्रीका) और माहेला जयवर्धने (श्रीलंका) के भी 23-23 शतक हैं। इंग्लैंड में टेस्ट में रूट के 7195 रन हो गए हैं। किसी एक देश में टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में वह तीसरे नंबर पर हैं। उनसे आगे पॉन्टिंग (ऑस्ट्रेलिया में 7578 रन) और तेंदुलकर (भारत में 7216 रन) हैं। रूट ने ओल्ड ट्रैफर्ड में 1128 टेस्ट रन बनाए हैं। इस मैदान पर 1000 रन पार करने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। यह उनका दूसरा मैदान है जहां उन्होंने 1000 से अधिक टेस्ट रन बनाए हैं। लॉर्ड्स में उनके 2166 रन हैं। रूट ने अब तक टेस्ट में रवींद्र जडेजा के खिलाफ 588 बनाए हैं। साथ ही वह 37 पारियों में नौ बार आउट हुए हैं। यह किसी बल्लेबाज द्वारा किसी एक गेंदबाज के खिलाफ टेस्ट में सबसे ज्यादा रन हैं। इससे पहले ये रिकॉर्ड स्टीवन स्मिथ के नाम था। उन्होंने स्टुअर्ट ब्रॉड के खिलाफ 577 रन बनाए हैं।

# ओलंपिक चैंपियन नदीम ने कराई सर्जरी




**नीरज से मुकाबले पर लगा प्रश्नचिन्ह**

**● अरशद नदीम ने आगामी विश्व चैंपियनशिप को ध्यान में रखते हुए अभी सर्जरी कराने का फैसला किया**

**लंदन, वार्ता।** पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम के काफ (पिंडली की मांसपेशी) की सर्जरी कराये जाने के कारण अगले महीने सिलेसिया डायमंड लीग 2025 में नीरज चोपड़ा के साथ होने वाले बहु-प्रतीक्षित भाला फेंक मुकाबले पर अब प्रश्नचिन्ह लग गया है। समझा जाता है कि 27 वर्षीय खिलाड़ी ने आगामी वर्ल्ड चैंपियनशिप को ध्यान में रखते हुए अभी सर्जरी कराने का फैसला किया है। पेरिस 2024 ओलंपिक पुरुष भाला फेंक स्वर्ण पदक विजेता ने हाल ही में कैम्ब्रिज के स्पायर हॉस्पिटल में डॉ- अली बाजवा से अपने राइट काफ पर एक इंटरवेंशनल सर्जरी कराई। नदीम वर्तमान में लंदन में रिकवरी के दौर से गुजर रहे हैं। पोलैंड में 16 अगस्त को होने वाली सिल. ेसिया डायमंड लीग में भारत और पाक के इन दो सितारों के बीच पेरिस 2024 में उनके ऐतिहासिक मुक. ाबले के बाद पहली भिड़ंत होने की उम्मीद थी, जहां नदीम ने 92-97 मीटर के ओलंपिक रिकॉर्ड थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। टोक्यो 2020 चैंपियन नीरज को रजत पदक से संतोष करना पड़ा था।

# सेटअप से बाहर होकर खराब तो लगता है: उमेश

**● यह एक सर्कल है आज मैं बाहर हूं कल कोई दूसरा खिलाड़ी बाहर होगा**

**गुरुग्राम, वार्ता।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जब से आई हैं तब से एक चक्र के बाद दूसरे चक्र में भारत नए खिलाड़ियों को आजमाता दिखा है। अलजक्य रहाणे, चेतेश्वर पुजारा, इशांत शर्मा जैसे खिलाड़ियों ने अभी तक संन्यास नहीं लिया है लेकिन अब वह भारतीय सेटअप से बाहर ही हो गए हैं।

ऐसे ही एक तेज गेंदबाज़ उमेश यादव भी हैं, जिन्होंने 2023 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में अपना पिछला टेस्ट खेला था। गुरुग्राम में पिकलपॉक्स खेल के एक इवेंट में पहुंचे उमेश ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से बातचीत में कहा कि हर किसी को सेटअप से बाहर होना खराब लगता है।, लेकिन यह एक सर्कल है, आज मैं बाहर हूं कल कोई बाहर होता है, जो बदलाव आने हैं, वह तो आने ही है। लाइफ हमेशा ऐसे नहीं चलती है, सबके साथ ही ऐसा होता है। हम पहले साइकिल से चलते थे, लेकिन अब हवाई जहाज से सफर कर रहे हैं। ऐसे में कोई नया लड़का आएगा तो सीनियर को बाहर जाना होगा, प्रतिस्पर्धा होना तो भारतीय क्रिकेट के लिए और भी अच्छा है, तो यही लजदगी है। मैं अभी भी फिट हूं तो कुछ ना कुछ नई कोशिश में लगा रहता हूं। वापसी का मौका मिलेगा तो मैं हमेशा तैयार हूं। भारतीय क्रिकेट टीम इस समय इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज़ खेल रही है और मोहम्मद शमी जैसे सीनियर गेंदबाज़ टीम में नहीं है, जसप्रीत बुमराह केवल तीन टेस्ट खेलने की बात कह चुके हैं।

# एम्मा डीसी ओपन के सेमीफाइनल में



**● एम्मा रादुकानू ने मारिया सकारी को महिला एक वर्ग में 6-4, 7-5 से हराया**

**वाशिंगटन, वार्ता।** ब्रिटेन की एम्मा रादुकानू ने यूनान की मारिया सकारी को महिला एकल वर्ग के मुकाबले में हराकर डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

क्वार्टर फाइनल में 22 वर्षीय खिलाड़ी रादुकानू ने अपने विजय अभियान को जारी रखते हुए उमस भरी गर्मी के बीच दो घंटे छह मिनट चले मुकाबले में मारिया सकारी को 6-4, 7-5 से हराकर अंतिम चार में जगह बनायी। अब सेमीफाइनल में रादुकानू का मुकाबला रूस की अन्ना कालिंस्काया से होगा। अन्ना कालिंस्काया ने क्लारा टॉसन को 6-3 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया है।

### राजस्थान शतरंज संघ के चुनाव के लिए शर्मा चुनाव अधिकारी नियुक्त

**बीकानेर, वार्ता।** राजस्थान शतरंज संघ के कार्यकारिणी के 28 अगस्त को होने वाले चुनाव के लिए सेवा. निवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमेश शर्मा को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के उपाध्यक्ष एवं राजस्थान शतरंज संघ के अध्यक्ष महावीर रांका ने शनिवार को बताया कि राजस्थान शतरंज संघ की कार्यकारणी का चार वर्ष का कार्यकाल पूरा हो रहा है। अगली कार्यकारिणी चुनने के लिए पूर्व न्यायाधीश शर्मा राजस्थान शतरंज संघ से संबद्ध जिला शतरंज संघों की नवीनतम मतदाता सूची के अनुसार चुनाव सम्पन्न करवायेंगे।

# वेदा ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से लिया संन्यास

**● वेदा कृष्णमूर्ति ने आज सोशल मीडिया पोस्ट किए गए अपने संन्यास की घोषणा करते हुए लिखा कि एक छोटे शहर की लड़की जिसके बड़े सपने थे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला क्रिकेटर वेदा कृष्णमूर्ति ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया। वेदा ने आज सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए अपने संन्यास की घोषणा करते हुए लिखा कि एक छोटे शहर की लड़की जिसके बड़े सपने थे। कदुर में यह सब ऐसे ही शुरू हुआ।

मैंने बल्ला उठाया, यह नहीं जानते हुए कि यह मुझे कहां ले जाएगा। लेकिन मुझे पता था कि मुझे इस खेल से प्यार है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह मुझे संकरी गलियों से लेकर सबसे बड़े स्टेडियमों तक, खामोश उम्मीदों से लेकर गर्व से भारतीय जर्सी पहनने तक, इतना आगे ले जाएगा। क्रिकेट ने मुझे एक करियर से कहीं बढ़कर दिया। इसने मुझे एहसास दिलाया कि मैं कौन हूँ। इसने मुझे सिखाया कि कैसे लड़ना है, कैसे गिरना है और कैसे खुद को साबित करना है। आज, पूरे मन से, मैं इस अध्याय को विराम दे रही हूँ। मध्यक्रम की आक्रामक बल्लेबाज वेदा ने भारत के लिए 48 एकदिवसीय और 76 टी-20 मैच खेले। उन्होंने आखिरी बार एमसीजी में 2020 टी-20 विश्वकप फाइनल में देश का प्रतिनिधित्व किया था, जबकि भारत के लिए उनका आखिरी एकदिवसीय मुकाबला उससे लगभग दो साल पहले, अप्रैल 2018 में मेहमान इंग्लैंड टीम के खिलाफ खेला था। वेदा ने 50 ओवरों के प्रारूप में 829 रन बनाये और तीन विकेट लिए तथा सबसे छोटे प्रारूप में 875 रन बनाये। वेदा ने कहा कि मेरे माता-पिता और भाई-बहनों, खासकर मेरी बहन, मेरी पहली टीम होने के लिए धन्यवाद। और मेरी निरंतर शक्ति। मेरे कोचों, कप्तानों और मार्गदर्शकों को, मुझे आकार देने के लिए धन्यवाद। बीसीसीआई को, भारत का प्रतिनिधित्व करने का सम्मान देने के लिए आभार। केएससीए, रेलवे और केआईओसी को, मुझे आगे बढ़ने का मौका देने के लिए धन्यवाद। उन्होंने कहा कि मेरी टीम की साथियों को, आपने इस सफर के हर पल को सार्थक बनाया। हमने सब कुछ साझा किया है। जीत, हार और हंसी, जो हमेशा मेरे साथ रहेगी। आप कभी केवल टीम के साथी नहीं थे। आप परिवार थे। मेरे दोस्तों को, वहां मौजूद रहने के लिए धन्यवाद। कर्नाटक और रेलवे की कप्तानी करना मेरे लिए एक सम्मान की बात थी जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगी। उन टीमों ने मुझे आकार दिया, मुझे चुनौती दी और मुझे पूरे दिल से नेतृत्व करने की जगह दी। और भारत की उस जर्सी को पहनने के एहसास की बराबरी कोई नहीं कर सकता। राष्ट्रगान, एड्रेनालाईन, गर्व-ये सब हमेशा आपकी हड्डियों में बसता है। वेदा ने लिखा कि 2017 एक ऐसे विश्वकप का हिस्सा बनने के लिए क्या ही शानदार साल रहा जिसने भारत में महिला क्रिकेट के प्रति लोगों के नजरिए को बदल दिया। मुझे इस पर हमेशा गर्व रहेगा। फिजियो, ट्रेनर, सिलेक्टर और पर्दे के पीछे काम करने वाले हर व्यक्ति का धन्यवाद।

# राहुल-गिल ने भारतीय पारी को संभाला

**● मैनचेस्टर टेस्ट: दोनों में फिफ्टी की साझेदारी, इंडिया ने जीरो पर गंवा दिए थे दो विकेट, इंग्लैंड 669/10**




**मैनचेस्टर, वार्ता।** मैनचेस्टर टेस्ट के चौथे दिन भारतीय टीम मुश्किल में है। टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरी पारी में 81 रन बनाने में 2 विकेट गंवा दिए हैं। टीम इंग्लैंड से 230 रन पीछे है। केएल राहुल और कप्तान शुभमन गिल नाबाद हैं। दोनों में फिफ्टी पार्टनरशिप हो चुकी है। ओपनर यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। दोनों को क्रिस वोक्स ने पहले ओवर में आउट किया। शनिवार को मुकाबले के चौथे दिन इंग्लैंड ने पहली पारी में 669 रन का स्कोर बनाया। यह ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में पारी का सबसे बड़ा स्कोर है। इंग्लैंड ने आस्ट्रेलिया के 656/8 के स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ा। जो कंगारू टीम ने 1964 में बनाया था। इस तरह इंग्लिश टीम को पहली पारी में 311 रन की बढ़त मिली थी। टीम इंडिया पहली पारी में 358 रन पर आउट हुई। इंग्लैंड से स्टोक्स-रूट ने शतक बनाए, 3 बैटर्स की फिफ्टी इंग्लैंड की ओर से कप्तान बेन स्टोक्स ने 141 रन बनाए, जबकि जो रूट ने 150 रन की पारी खेली। ओप. नर बेन डकेट ने 94, जैक क्राली ने 84 और ओली पोप ने 71 रन बनाए। नंबर-8 के बैटर ब्रायडन कार्स ने 47 रन का योगदान दिया। भारत की ओर से रवींद्र जडेजा ने 4 विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह और वाशिंगटन सुंदर को 2-2 विकेट मिले। एक-एक विकेट अंशुल कम्बोज और मोहम्मद सिराज के खाते में आया। 25वें ओवर की आखिरी बाल पर भारतीय कप्तान शुभमन गिल को जीवनदान मिला। ब्रायडन कार्स की आउट स्विंग बाल पर गिल ने पाइंट की दिशा में खेला। लियम डासन ने छलांग लगाकर कैच करने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। 16वें ओवर में केएल राहुल और शुभमन गिल ने शतकीय साझेदारी कर पूरी कर ली है। टीम इंडिया ने शून्य के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए थे। ओपनर यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन शून्य पर आउट हुए। मैनचेस्टर टेस्ट के चौथे दिन का पहला सेशन इंग्लैंड के नाम रहा है। 25.1 ओवर के इस सेशन में 126 रन बने और 5 विकेट गिरे। इनमें 2 विकेट इंडिया ने एक रन बनाने में गंवा दिए। वहीं, 544/7 से दिन की शुरुआत करने वाली इंग्लैंड 669 रन पर आलआउट हो गई। कप्तान बेन स्टोक्स ने 141 रनों की पारी खेली। 311 रन से पिछड़ रही भारतीय टीम ने दूसरी पारी के पहले ओवर में दो विकेट गंवाए।

# आरोप निराधार, बेदाग निकले विधायक चौ. किरत

## कोमल गुर्जर विवाद के बाद बनी जांच समिति ने कहा- विधायक की छवि को खराब करने के लिए रचा गया षड्यंत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भाजपा के गंगोह विधाायक चौ.किरत सिंह व कोमल गुर्जर के बीच हुए विवाद के निपटारे को बनी समिति ने अपना निर्णय सुनाते हुए विधायक चौ.किरत सिंह को क्लीन चिट दी है। कमेटी ने कहा कि विधायक पर लगाये गये किसी भी आरोप के तथ्य उपलब्ध नहीं कराये गये। यह केवल विधायक चौ. किरत सिंह की छवि को खराब करने का षडयंत्र रचा गया है।

बता दे कि विधायक चौ.किरत सिंह व कोमल गुर्जर को लेकर उनके समर्थक आमने सामने आ गये थे और 27 जून को घोषित महापंचायत को पुलिस ने होने नहीं दिया था। जिसके बाद एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप चले। गुर्जर समाज की सडक पर शुरू हुई इस लडाई को निपटाने के लिये सर्वसम्मति के साथ एक समिति



बनाई गई। जिसमें अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर एवं सदस्य जनार्दन चौहान, डॉ. सुनील पवार, वीरेंद्र सिंह, विजेंद्र सिंह व अजय खटाना ने दोनों पक्षों की बात सुनी।

आज गुर्जर भवन में गुर्जर समाज के नेता मुखिया गुर्जर ने जांच समिति के साथ मीडिया के सम्मुख अपने फैसले को रखा। जिसमें कहा गया कि समिति ने तीन बिंदुओं पर दोनों पक्षों को सुना। जिसमें सुनने के बाद जांच समिति इस निष्कर्ष पर पहुंची कि पारिवारिक झगडे एवं राजनीतिक विवाद में विधायक किसकी सहायता करते है या नहीं यह उनका व्यक्तिगत और राजनैतिक मामला है। समिति ने कहा कि कोमल चौधरी विधायक चौ.किरत सिंह एवं अन्य के विरूद्ध चरित्रहीनता के कोई साक्ष्य नहीं रख सकी। तीसरे बिंदू में मोनू पंडित को गुर्जर भवन बुलवाकर माफी मंगवाई गई। समिति ने कहा कि इस प्रकरण को यही समाप्त समझा जाये। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वह अपने आसपास शरारती, संस्कारहीन, गलत आचरण एवं लगाई बुराई करने वाले लोगों से बचे रहे। साथ ही कोमल चौधरी समाज की बहन बेटी है और जांच समिति उनका भी सम्मान करती है।

# निर्यातकों के लिए अच्छी पहल: औसाफ गुड्डू




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ईसीजीसी स्कीम्स एवं बेनिफिटस पर ईपीसीएच के तत्वावधान में आयोजित सेमीनार में चुनौतियों व उनके निराकरण पर प्रकाश डाला गया।

मंडी समिति रोड स्थित ईपीसीएच के कॉमन फैसिलिटी सेंटर में आयोजित सेमीनार में शहर के प्रमुख निर्यातक औसाफ गुडडू ने मुख्य वक्ता संदीप व्यास का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया और कहा कि यह निर्यातकों के लिये एक अच्छी पहल है। जिसके बाद श्री व्यास ने बताया कि निर्यात में ऋण जोखिम, निर्यातक द्वारा किए गए निर्यात के संबंध में विदेशी खरीदारों/खरीदार के देश द्वारा भुगतान न किए जाने के कारण उत्पन्न चुनौतियों में से एक है। ऐसी दुर्घटनाओं से बचने के लिए, निर्यातकों को निर्यात में जोखिम को कम करने हेतु ऋण बीमा कवर लेना चाहिए। ईसीजीसी उन संगठनों में से एक है, जो वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात में होने वाले नुकसान के विरुद्ध निर्यातकों को विभिन्न प्रकार के ऋण जोखिम बीमा कवर प्रदान करता है। वे बैंकों और वित्तीय संस्थानों को गारंटी भी प्रदान करते हैं ताकि निर्यातक उनसे बेहतर सुविधाएँ प्राप्त कर सकें। श्री व्यास ने प्रतिभागियों को ईसीजीसी के उद्देश्य और निर्यात खेपों के संबंध में इसकी विभिन्न योजनाओं, नीतियों और जोखिम कवरेज के बारे में भी जानकारी दी। सेमिनार में निर्यातकों के द्वारा प्रश्न भी पूछे गए, श्री व्यास द्वारा उन सभी प्रश्नो का संतोषजनक उत्तर दिया गया।

सेमिनार में इरफान उल हक, रविंदर मिगलानी एवं परविंदर सिंह सहित शहर के सभी प्रमुख निर्यातकों ने भाग लिया।

# भूषण चौहान ने बढ़ाया रालोद का कुनबा




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी की नीतियों में विश्वास करते हुए आज उस्मान अहमद ने समाजवादी पार्टी छोड़कर अपने साथियों सहित रालोद का दामन थाम लिया।

कोर्ट रोड स्थित रालोद के महानगर कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष रालोद भूषण चौहान, प्रदेश महासचिव चौधरी धीर सिंह एवं महानगर उपाध्यक्ष ठाकुर मूलचंद के नेतृव आयोजित बैठक में उस्मान अहमद ने अपने साथियों हर्षित राणा व गौरव चौहान नेतृत्व में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान हर्षित राणा को छात्र सभा का महानगर अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश महासचिव चौधरी धीरसिंह व महानगर अध्यक्ष भूषण चौहान ने पार्टी में शामिल होने होने वाले सभी युवाओं का सम्मान करते हुए कहा कि वह लोग पार्टी की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि युवा ही संगठन की मजबूती का आधार होता है और युवाओं के बल पर ही हर लड़ाई को जीता जा सकता है।

उन्होंने कहा कि वह अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी से जोड़ने का काम करें। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाते हुए कहा कि वह उन्हें पूर्ण मान सम्मान दिलाने का काम करेंगे। अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शमीम अहमद एवं छात्र सभा के जिलाध्यक्ष सागर चौधरी ने कहा कि युवा शक्ति के माध्यम से पार्टी को मजबूत बनाने का काम करें। वयोवृद्ध घासीराम ने सभी युवाओं को आशीर्वाद स्वरुप पार्टी को मजबूत करने का आह्वान करते हुए लोग अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित का कार्य करें ताकि उन्हें सफलता मिल सके। इस दौरान ठाकुर मूलचंद सिंह, ठाकुर मदनपाल सिंह, ठाकुर मुकेश सिंह, लल्लन प्रसाद ने भी अपने विचार व्यक्त किये। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष भूषण चौहान एवं संचालन अरविंद मलिक ने किया। बैठक में आदेश राणा, रिंकू राणा, राहुल राणा, कपिल राणा, सौ सिंह राणा, हर्ष राणा, सुशील राणा, मोहित राणा, मनोज राणा, यशपाल राणा, बल्लू राणा, बाबूराम, विक्की कश्यप, आनंद कश्यप, अभि राणा, अनुज राणा, रोहित कश्यप, वंश खुराना, कुणाल शर्मा, रोहित सैनी, आर्यन गुर्जर, निखिल सागर, भास्कर, मुंशी राणा ने रालोद की सदस्यता ग्रहण की।

# भाजपा राज में लगातार संविधान पर हमला: कमाल अख्तर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा विधायक एवं प्रदेश के पूर्व मंत्री कमाल अख्तर ने कहा कि भारत के संविधान की प्रति के सानिध्य में संविधान-मानस्तंभ स्थापना दिवस आयोजित करके हम सामाजिक न्याय व 'समता-समानता और आरक्षण को बचाए-बनाए रखने का अपना संकल्प दोहरा रहे हैं जिसके पीछे की मूल भावना है कि संविधान-मानस्तंभ वस्तुतः पीडीए-प्रकाशस्तंभ के रूप में सामाजिक न्याय के राज की स्थापना के संकल्प का मार्ग सदैव प्रशस्त करता रहे। जब संविधान बचेगा तभी आरक्षण बचेगा।

कार्यक्रम के प्रभारी एवं विधायक कमाल अख्तर आज यहां मंडी समिति रोड स्थित एक बैंकट हॉल में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार आरक्षण दिवस को संविधान-मानस्तंभ स्थापना दिवस के रूप में आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब से देश एवं प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है तब से लगातार संविधान और आरक्षण पर हमला किया जा रहा है ताकि आरक्षण को समाप्त कर दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों



के अधिकार छीन लिए जाएं और उन्हें एक बार फिर गुलामी की ओर धकेल दिया जाए।

बेहट विधायक उमर अली खा ने कहा कि हाल ही में सरकार ने सरकारी स्कूलों को मर्ज करने की जो घोषणा की है, यह अत्यधिक चिंता का विषय है क्योंकि सरकारी स्कूलों में केवल गरीबों के बच्चे पढ़ते हैं, उन्हें शिक्षा से दूर करने के लिए सरकार ने षड्यंत्र रचा है ताकि उन्हें शिक्षा से वंचित रखा जा सके और वह आरक्षण संविधान की बात न कर सके।

पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने कहा कि 26 जुलाई से बड़ा ऐतिहासिक अवसर और क्या हो सकता है जब सामाजिक न्याय के विचार को लागू किया गया। यह केवल तिथि नहीं बल्कि प्रेरणा का प्रतीक है। जिलाध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने इस विशेष दिन का ऐतिहासिक महत्व बताते हुए पार्टी की ओर से कहा कि 26 जुलाई 1902 को महात्मा ज्योतिबा फुले के विचारों से प्रेरित होकर कोल्हापुर नरेश, श्रीमंत महाराज राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज ने अपने राज्य में आरक्षण व्यवस्था लागू की थी। पूर्व विधायक वीरेंद्र ठाकुर, पूर्व विधायक मनोज चौधरी, पूर्व विधायक माविया अली एवं साजिद चौधरी, सपा एससी प्रकोष्ठ राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल भारती, पूर्व जिलाध्यक्ष मजाहिर मुखिया, महानगर अध्यक्ष हाजी नवाब अंसारी ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य उन्होंने कहा कि संविधान के मूल मूल्य, समानता, सामाजिक न्याय एवं अवसर की समता को जन-जन तक पहुंचाना है।

कार्यक्रम को प्रदेश सचिव मजाहिर राणा, पूर्व मंत्री मांगेराम कश्यप, चौधरी अब्दुल रऊफ, जिला महासचिव जितेंद्र राणा बाबा, परवेज मलिक, सपा प्रदेश सचिन रूही अंजुम, पार्षद हाजी नूर आलम, पार्षद अहमद मलिक, हैदर अली, जिला कार्यालय फैसल सलमानी, पूर्व मंत्री लियाकत अली, इजहार बबलू, अमित गुर्जर, हैदर मुखिया, मोहसिन मलिक, ममता चौधरी, सलीम अख्तर, महानगर विधानसभा प्रभारी अभिषेक टिंकू अरोड़ा, अबूबकर, काशिफ अल्वी, चौधरी मेहरबान, वासिल तोमर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में महजबी खान, हसीन कुरैशी, रतन यादव, संदीप यादव, राम आशीष यादव, केपी सिंह सहित आदि भारी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सर्वसम्मति से प्रधान बने आनन्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** आगामी 17 अगस्त को होने वाले श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव के आयोजन को भव्य और सफल बनाने के उद्देश्य से श्री सिद्धपीठ राउवाला प्राचीन शिव मंदिर में शुक्रवार की शाम श्री श्याम सेवा समिति का गठन किया गया है।

सर्वसम्मति से प्रधान आनंद रघुवंशी, उपप्रधान शुभम कुमार, महामंत्रीअंकित कश्यप, कोषाध्यक्ष अजय कुमार, उपकोषाध्यक्ष सोनू कश्यप, प्रचार मंत्री प्रवीण कश्यप, संरक्षक संजीव मित्तल, संरक्षक राकेश कश्यप को बनाया गया। जिसमें आगामी श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव को सफल बनाने के लिए विचार विमर्श किया गया। इस दौरान गुरदीप सरदार, बीटू सरदार, जस्सा सरदार, मंगल, संजय, संजीतपाल, विनेश, विनीत, विजय, सोनू कश्यप आदि उपस्थित रहे।

# माता पार्वती तप व ताड़कासुर अत्याचार की कथा सुनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** गांव चोरीमंडी के शिव मन्दिर में चल रही शिव महापुराण के सोलहवें दिन माता पार्वती तप व तारकासुर के अत्याचारों की कथा सुनाई।

कथा वाचक महात्मा आत्मानन्द गिरि महाराज ने बताया कि तारकासुर एक शक्तिशाली असुर था, जिसने देवताओं को बहुत परेशान किया था। उसे ब्रह्माजी से वरदान प्राप्त था कि उसकी मृत्यु केवल शिव के पुत्र द्वारा ही हो सकती है, और यह सोचकर कि शिव कभी विवाह नहीं करेंगे और उनका कोई पुत्र नहीं होगा, उसने देवताओं पर अत्याचार करना शुरू कर दिया, ओर देवता भी उससे डरने लगे थे। तारकासुर ने देवताओं को हराकर स्वर्ग पर अधिकार कर लिया, यहां तक कि देवराज इंद्र को भी बंदी बना लिया।

तारकासुर के अत्याचारों से त्रस्त होकर देवताओं ने ब्रह्माजी से सहायता मांगी तो ब्रह्मा जी ने बताया कि माता पार्वती की शरण के अलावा अब कोई मार्ग शेष नही है। देवगणों ने माता पार्वती से भगवान शिव के साथ विवाह के लिए विनती की लेकिन भगवान शिव समाधि में लीन थे, तो माता पार्वती ने शिव की कठोर तपस्या करने का निर्णय लेकर माता पार्वती भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए वन में तपस्या करने चली गईं।

तपस्या के दौरान भगवान शिव ने माता पार्वती की परीक्षा लेने के लिए सप्तऋषियों को पार्वती के पास भेजा। उन्होंने पार्वती के पास जाकर उसे यह समझाने का प्रयास किया कि शिव जी औघड़, अमंगल वेषधारी और जटाधारी हैं और वे तुम्हारे लिए उपयुक्त वर नहीं हैं, उनके साथ विवाह करके तुम कभी सुखी नहीं रह सकती। साथ ही माता पार्वती से ध्यान छोड़ने के लिए कहा।

# दो साल बाद भी नहीं बना मकान

**तल्हेडी बुजुर्ग।** क्षेत्र के गांव चन्देना कोली में एक विधवा महिला का कच्चा मकान विगत दो वर्ष पूर्व प्राकृतिक आपदा में धराशाई हो गया था।दो वर्ष बीत जाने के बाद भी पीड़ित महिला सरकारी आवास योजना से वंचित है।

तल्हेडी बुजुर्ग क्षेत्र के गांव चन्देना कोली में एक ऐसा मामला प्रकाश में आया है जिसमें एक विधवा महिला बृजेश देवी पत्नी स्वर्गीय जयकुमार चौधरी का कच्चा मकान विगत दो वर्ष पूर्व प्राकृतिक आपदा में ढह गया था। गौरतलब है कि सिर पर छत ना होने के कारण वह अकेली पीड़िता बेबस व लाचार जीवन कैसे काट रही हैं यह जगजाहिर है।पीड़ित महिला ने अपनी दर्द भरी दास्तां सुनाते हुए कहा कि उसके पति जयकुमार का 6 वर्ष पूर्व निधन हो गया था। उसकी चार पुत्रियां हैं जिनकी शादी हो चुकी है। इसके अलावा उसका कोई मात्र सहारा नहीं है जो किसी तरह अपना गुजर बसर दूसरे लोगों के मकान में रहकर कर रही है।

# रोष मार्च में भारी भागेदारी का आह्वान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अटेवा की बैठक में एक अगस्त को होने वाले रोष मार्च में भारी तादाद में भागेदारी का आहवान किया गया।

सिचाई विभाग में आयोजित बैठक में मंडल अध्यक्ष तालिब हसन ने कहा कि हम सभी को एकजुट होकर साथ देना चाहिए। मंडलीय मंत्री प्रवीण चौधरी ने कहा कि हमें अपने हक के लिए एक जुट होना जरूरी है। जिलाध्यक्ष रजनीश सहगल ने कहा कि हमें अपने बुढ़ापे के सहारे सामाजिक सुरक्षा के लिए मिलकर लड़ना होगा। जिला महामंत्री पंकज सिरोही ने कहा हमे जन जन तक अपनी बात पहुंचानी है। सिंचाई संघ के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का आश्वासन दिया। मिनिस्टीयल सिंचाई संघ के जिलाध्यक्ष देवेंद्र गोसाई ने कहा हमे सभी आंदोलन के लिए अपनी पूरी तैयारी करनी जरूरी है और साथ आने का आश्वासन दिया चतुर्थ श्रेणी संघ के मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार ने कहा हम आपके साथ है।

मंडल अध्यक्ष सिंचाई संघ शमीम अहमद ने कहा हम एक थे एक है और एक रहेंगे जिला संगठन मंत्री अनुज कुमार ने कहा हम तन मन धन से संगठन के साथ है।

आज के कार्यक्रम में जिला मंत्री सिंचाई संघ रविन्द्र चौधरी जिला मीडिया प्रभारी गौरव वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष बलियाखेड़ी ब्रह्मपाल, मोती यादव, विकास धारियां, परविंदर राणा, अजय सिंह, चंद्रपाल, हरेंद्र कुमार, सुनील कुमार, शाबीर अली, मुंशी आदि मौजूद रहे।

# मेजर गौरव शर्मा को याद किया



**नागल।** कारगिल युद्ध के 26 वें शौर्य दिवस पर सीमा पर शहीद जवानों के बलिदानों को याद करते हुए गांव भरतपुर स्थित मेजर गौरव शर्मा के स्मारक स्थल पर जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी मांगेराम द्वारा पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

इस अवसर पर उन्होने कहा कि 26 वर्ष पहले जिस प्रकार से हमारी सेना के जवानों ने देश की सरहदों पर अपने प्राण देकर देश को विजयी दिलाई और कारगिल के द्रास सेक्टर से पाकिस्तान सेना के घुसपैठियों को मुंह तोड़ जवाब देते हुए भगाकर अपना परचम लहराया।मुख्य रूप से सतेंद्र वैदिक, हरीश त्यागी, कपिल डावर, अरुण त्यागी,नरेंद्र पुंडीर, अमित त्यागी, हिमांशु त्यागी,दिनेश चौधरी, संदीप सैनी,नसीम ,राजीव शर्मा, अरविंद त्यागी, राजन शर्मा ,पवित्रा चौधरी, मुकेश महेश्वरी, बबलू सैनी, दीपक त्यागी मौजूद रहे।

# शहीद बिन्दरपाल को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** देशभर में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कारगिल युद्ध में देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए क्षेत्र के गांव बहरामपुर कांसेपुर निवासी शहीद बिन्दरपाल सिंह को भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि दी और उनके परिवार वालो को सम्मानित किया।



कारगिल विजय दिवस के मौके पर तहसील बेहट इलाके के गांव बहरामपुर कांसेपुर पहुंचकर भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने कारगिल शहीद बिंदरपाल सिंह को श्रद्धांजलि दी। उनकी समाधि पर पुष्प अर्पित किए और शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद उन्होंने शहीद के पिता चौधरी रणजीत सिंह, भाई मगनपाल सिंह व कृपाल सिंह को माल्यार्पण कर व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

जिला उपाध्यक्ष एवं डीसीडीएफ के चेयरमैन सोनेंद्र राणा, जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण उर्फ रामू चौधरी व जिला मंत्री सोहन मुखिया ने कहा कि शहीद बिंदरपाल सिंह ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। उनकी शहादत को यह देश कभी भुला नहीं पाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा शहीदों और उनके परिवारों को सम्मान दिया है। इस अवसर पर बेहट मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सैनी, साढ़ौली कदीम मंडल अध्यक्ष सतेंद्र कुमार, चौधरी विक्रम सिंह, बिट्टू चौधरी श्याम सुंदर सैनी आदि मौजूद रहे।

# प्रश्नोत्तरी के विजेता किए सम्मानित




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रेलवे पेंशनर्स समाज एवं सानिया इलेक्ट्रिकल्स के संयुक्त तत्वावधान में संस्था कार्यालय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विजेताओं एवं प्रतिभागियों को पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता का संचालन एडमिन मोहम्मद फैजल द्वारा किया गया एवं मोहम्मद फरहान, सानिया फैजल, शमा अंसारी नें सहयोग किया। आई क्यू हॉस्पिटल के डॉ रोहित एवं मार्केटिंग मैनेजर सुरेंद्र बिरला ने उनके हॉस्पिटल में होने वाली निःशुल्क नेत्र रेटीना परीक्षण की जानकारी दी तथा अधिक से अधिक रेलवे वरिष्ठजनों को सुविधा का लाभ उठाने का आहवान किया। उन्होंने बरसात के इस मौसम में होने वाली आंखों की बीमारियों एवं उनसे बचाव के सुरक्षा टिप्स दिए। संस्थापक आर. सी. शर्मा एवं महामंत्री एन. एस. चौहान ने अतिथियों का अंगवस्त्र पहनाकर एवं संस्था की पत्रिका भेंट कर सम्मान किया तथा उनको संस्था के बारे मे जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जे एन शर्मा ने एवं संचालन मूलचंद रांगड़ा ने किया।

इस दौरान अनिल शर्मा, अजय शर्मा, जे पी शर्मा, स्वतंत्र भारद्वाज, विनोद त्यागी, अजीत राणा, देवेंद्र कुमार, अमरनाथ त्यागी, जयदेव सिंह, विजय तलवार, इकबाल अजीम, आर के धीगड़ा, अरविंद शर्मा, अशोक शर्मा, विजय त्यागी, जुगल, श्रीकृष्ण आर्य, इंद्रजीत कुमार, बलजीत जायसवाल, संजीव छावड़ा, वेद प्रकाश, योध राज, उषा शर्मा आदि मौजूर रहे।

# परीक्षा के लिए डीएम ने दिए दिशा निर्देश

**सहारनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल ने कल होने वाली समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा के लिए जूम मीटिंग के माध्यम से उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम एवं परिवहन विभाग द्वारा बसों की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने निर्देश दिए कि सहारनपुर रेलवे स्टेशन एवं रोडवेज बस स्टैंड के पास से सभी प्रमुख मार्गों पर रोडवेज की बसें अतिरिक्त फेरे लगाएं एवं शहर से बाहर जाने वाले मुख्य मार्गों के लिए यथा गागलहेड़ी एवं नागल, बेहट रोड, नकुड रोड, चिलकाना रोड, सरसावा रोड रामपुर मनिहारान रोड के लिए भी अतिरिक्त बसों की व्यवस्था सुनिश्चित करें। ऑटो और ई-रिक्शा चालकों को भी छात्रों को सुगमतापूर्वक परीक्षा केंद्र पहुंचाने के लिए अवगत करा दिया जाए। परीक्षा को सुरक्षित एवं शुचितापूर्ण संपादित करने हेतु सभी उपजिलाधिकारी, स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए गए। परीक्षा केंद्र पर आयोग के निर्देशों के क्रम में सभी व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि सभी सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, केन्द्र पर्यवेक्षक निर्धारित प्रक्रियानुसार परीक्षा के सफल संचालन एवं परीक्षा को सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्षता एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए लगन, सजगता, आत्मानुशासन एवं समयबद्धता से सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा को पूर्व परीक्षाओं की भांति पूरी पारदर्शिता के साथ नकलविहीन संपन्न करायी जाये। इसकी संवेदनशीलता, शुचिता एवं पारदर्शिता किसी भी स्तर पर भंग न हो, यदि कोई भंग करने का प्रयास करेगा तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। समस्त परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाए। जनपद में काफी संख्या में अभ्यर्थियों का मूवमेंट होगा। किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसलिये अधिकारी सभी तैयारियां पूर्ण कर लें। समीक्षा एवं सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा जनपद में 56 परीक्षा केंद्रों पर संपादित होगी। परीक्षा पूर्वान्ह 09:30 से अपरान्ह 12:30 बजे तक एक सत्र में होगी।

# कक्षा 4 के छात्र की शिक्षक ने की बर्बरता से पिटाई

**नागल।** एक ओर जहां सरकारी प्राथमिक विद्यालयों मे छात्र छात्राओ की संख्या बढाने के लिए सरकार प्रयासरत है वहीं कुछ अध्यापक सरकार के प्रयास को पलीता लगाने मे कसर नही छोड रहे है। ऐसा ही एक वाकया ताजपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में देखने को मिला जहां पर एक सहायक अध्यापक ने ड्रेस न पहनकर आने पर कक्षा चार के एक मासूम छात्र की बर्बरता से पिटाई की। छात्र के पिता ने खंड शिक्षा अधिकारी से मिल शिक्षक के विरुद्ध कडी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

मिली जानकारी के मुताबिक गांव के महिपाल ने बताया कि उसका पुत्र प्रशांत कक्षा चार में पढता है। शनिवार सुबह वह कक्षा में बैठा था तभी कक्षा में आए सहायक अध्यापक सुनील कुमार ने प्रशांत को ड्रेस न पहनकर आने का कारण पूछा। बच्चे द्वारा ड्रेस न सिलने पर तिलमिलाए अध्यापक ने हाथ में ली छडी से प्रशांत की जमकर पिटाई की जिससे उसके शरीर पर नीले निशान बन गए। प्रशांत के रोने पर भी अध्यापक का दिल नहीं पसीजा तथा मारपीट कर घर भेज दिया। घर पहुंचकर प्रशांत ने अपनी मां को अध्यापक द्वारा पिटाई किए जाने की जानकारी दी। काम से घर लौटने पर प्रशांत ने पिता को भी अपनी कमर पर बने पिटाई के निशान दिखाए। घटना से आहत महिपाल प्रशांत को साथ लेकर खंड संसाधन केंद्र पहुंचा तथा अध्यापक द्वारा पिटाई की जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी विजेंद्र कुमार बालियान को दी।

खंड शिक्षा अधिकारी विजेंद्र कुमार बालियान का कहना है कि शिक्षक को नोटिस देते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है।




आणंद। गुजरात में जिला अध्यक्ष प्रशिक्षण शिविर के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

## हवा में टक्कर से बचने के लिए यात्री विमान को नीचे उतरना पड़ा, दो घायल

**लॉस एंजिल्स।** दक्षिणी कैलिफोर्निया से उड़ान भरने वाले साउथवेस्ट के एक विमान को शुक्रवार को संभावित हवा में टक्कर से बचने के लिए नीचे उतरने पर मजबूर किया गया, जिससे दो परिचारक घायल हो गए। साउथवेस्ट फ्लाइट 1496 के चालक दल ने शुक्रवार दोपहर हॉलीवुड बरबैंक हवाई अड्डे से उतरते समय विमान में दो ट्रैफिक अलर्ट देखे, जिसके बाद उन्हें अलर्ट का पालन करने के लिए विमान को चढ़ाना और उतारना पड़ा। साउथवेस्ट एयरलाइंस के एक बयान के अनुसार, उड़ान लास वेगास के लिए रवाना हुई, जहां बिना किसी घटना के उतर गई।

# मालदीव के मामलों में किसी का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं: मुइज्जू

## मालदीव को कुछ संसाधनों और तकनीकी विशेषज्ञता के लिए अन्य देशों पर निर्भर रहना होगा

**माले/नई दिल्ली।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने शनिवार को जोर देकर कहा कि उनकी सरकार की किसी भी देश को अपने मामलों में हस्तक्षेप नहीं करने देने की स्पष्ट नीति है और मालदीव के लोग देश की एक-एक इंच जमीन की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुइज्जू मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस पर मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) और मालदीव पुलिस सेवा (एमपीएस) को संबोधित कर रहे थे।

मालदीव के इतिहास में यह पहला अवसर है जब राष्ट्रपति ने संयुक्त समारोह में दोनों बलों को संबोधित किया हो। मालदीव की दो दिन की राजकीय यात्रा पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समारोह में मुख्य अतिथि थे। पुलिस और रक्षा बलों को सरकार द्वारा दी जाने वाली प्राथमिकता का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति मुइज्जू ने कहा कि इसे लेकर पहले भी कई बार सवाल उठते रहे हैं। मालदीव के विशाल समुद्री क्षेत्र की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि देश की अपेक्षाकृत कम आबादी के बावजूद, मालदीव के लोग स्वयं ही मातृभूमि की रक्षा और सुरक्षा की जिम्मेदारी उठाएंगे। साथ ही उन्होंने माना कि मालदीव को कुछ संसाधनों और तकनीकी विशेषज्ञता के लिए अन्य देशों पर निर्भर रहना होगा, और इस संबंध में उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के साथ सहयोग करने की सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।



■ प्रत्येक मालदीववासी को इस विरासत को संजो कर रखना चाहिए: मालदीव राष्ट्रपति

राष्ट्रपति ने उन राष्ट्रीय नायकों को भी श्रद्धांजलि दी जिनके बलिदान से देश को स्वतंत्रता मिली। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रत्येक मालदीववासी को इस विरासत को संजो कर रखना चाहिए। उन्होंने भावी पीढ़ियों के लाभ के लिए देश की स्वतंत्रता और सुरक्षा को बनाए रखने की साझा जिम्मेदारी पर ज़ोर दिया। मालदीव की स्वतंत्रता के इतिहास की चर्चा करते हुए राष्ट्रपति ने देश की संप्रभुता बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय रक्षा बलों के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) और मालदीव पुलिस सेवा (एमपीएस) को मजबूत और आधुनिक बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

## मालदीव के उपराष्ट्रपति व पूर्व राष्ट्रपति से मिले मोदी

**माले/नई दिल्ली।** मालदीव की दो दिन की यात्रा के अंतिम दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां माले में वहां के उपराष्ट्रपति हुसैन मोहम्मद लतीफ, पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद और संसद के अध्यक्ष अब्दुल रहीम अब्दुल्ला के साथ मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मोदी ने उपराष्ट्रपति के साथ मुलाकात के बाद कहा कि इस दौरान बातचीत भारत-मालदीव मैत्री के प्रमुख स्तंभों पर केन्द्रित रही और उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में दोनों देशों की साझेदारी और अधिक

■ दोनों देशों के संबंधों पर हुई बात

प्रगाढ होगी। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति हुसैन मोहम्मद लतीफ के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। हमारी चर्चा भारत-मालदीव मैत्री के प्रमुख स्तंभों पर केंद्रित रही। हमारे देश बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा आदि क्षेत्रों में मिलकर काम करना जारी रखे हुए हैं। यह हमारे लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी है। हम आने वाले वर्षों में इस साझेदारी को और गहरा करने की आशा करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑस्ट्रेलिया: राजनेता गैरेथ वार्ड दुष्कर्म के दोषी पाए गए

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया में न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) के एक राजनेता को दो युवकों के यौन उत्पीड़न का दोषी पाया गया है। एक जूरी ने अभी भी राज्य संसद के सदस्य गैरेथ वार्ड को अभद्र हमले के तीन मामलों और बलात्कार के एक मामले में दोषी पाया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों पीड़ितों, जिनकी उम्र 18 और 24 वर्ष थी, ने कहा कि 2013 और 2015 के बीच राजनीतिक हलकों के माध्यम से 44 वर्षीय वार्ड से मिलने के बाद उनके साथ वार्ड के घर पर मारपीट की गई थी। वर्ष 2021 में आरोप सामने आने पर वार्ड ने राज्य सरकार के मंत्री और लिबरल पार्टी से इस्तीफा दे दिया, लेकिन संसद छोड़ने से इनकार कर दिया और 2023 में कियामा के सदस्य के रूप में फिर से चुने गए। वार्ड इस साल के अंत में सजा सुनाए जाने के लिए अदालत में पेश होंगे।

### थाईलैंड कंबोडिया संघर्ष का कारण राजनीतिक गलतियां: विशेषज्ञ

**वाशिंगटन।** विशेषज्ञो का कहना है कि थाईलैंड और कंबोडिया के बीच हाल ही में बढ़ा तनाव महज दुर्घटना नहीं है बल्कि यह राजनीतिक गलतियों और राष्ट्रवादी प्रवृत्तियों की सुप्त आग को फिर से भड़काने का परिणाम है। मलेशिया में कुआलालंपुर स्थित मलाया विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय संबध एवं मानवाधिकार मामलों के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. खू यिग हूई ने संवाद एजेंसी स्पुतनिक को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ताज़ा झड़पें लंबे समय से चले आ रहे तनाव और एक नई राजनीतिक चिंगारी का नतीजा हैं। थाईलैंड में शिनावात्रा और कंबोडिया में हुन परिवारो जैसे दो शक्तिशाली पक्षों से जुड़ा एक राजनीतिक नाटक इस मामले को और तूल दे रहा है।

# अमेरिकी कोर्ट से ट्रम्प को फिर बड़ा झटका

## जन्मसिद्ध नागरिकता को खत्म करने की कोशिश पर लगी रोक



■ कई राज्यों ने दी थी आदेश को चुनौती
■ यह आदेश संविधान के 14वें संशोधन के खिलाफ है: लियो सोरोकिन
■ लियो ने यह भी कहा: मामला अंत में सुप्रीम कोर्ट तक जाएगा, लेकिन फिलहाल राष्ट्रपति ट्रम्प का आदेश अमान्य रहेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक संघीय अदालत ने एक बार फिर डोनाल्ड ट्रम्प को बड़ा झटका दिया है। इसके तहत कोर्ट ने ट्रम्प प्रशासन के उस आदेश को रोक दिया है, जिसके जरिए अमेरिका में अवैध या अस्थाई रूप से रह रहे लोगों के बच्चों को जन्मसिद्ध नागरिकता देने से इन्कार किया गया था।

बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक कार्यकारी आदेश के जरिए यह नियम लागू करना चाहा था कि अमेरिका में जन्मे ऐसे बच्चों को नागरिकता न दी जाए जिनके माता-पिता अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे हैं या अस्थाई वीजा पर हैं। ट्रम्प प्रशासन के इस आदेश के खिलाफ कई राज्यों ने अदालत में चुनौती दी थी। उनका कहना था कि यह आदेश न सिर्फ असंवैधानिक है, बल्कि इससे उन्हें उन बच्चों के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य बुनियादी सेवाएं देने में आर्थिक नुकसान भी होगा।

मामले में सुनवाई के दौरान बोस्टन के जिला न्यायाधीश लियो सोरोकिन ने कहा कि यह आदेश संविधान के 14वें संशोधन के खिलाफ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति केवल एक कलम से देश के कानून को नहीं बदल सकते। उन्होंने यह भी कहा कि यह मामला अंत में सुप्रीम कोर्ट तक जाएगा, लेकिन फिलहाल राष्ट्रपति ट्रम्प का आदेश अमान्य रहेगा। बात अगर अमेरिकी संविधान के 14वें संशोधन की करें तो यह अमेरिका का वो संवैधानिक प्रावधान है जो कहता है कि अमेरिका में जन्मा हर व्यक्ति अमेरिकी नागरिक होगा चाहे उसके माता-पिता की कानूनी स्थिति कुछ भी हो। गौरतलब है कि ट्रम्प के इस आदेश के खिलाफ पूरे अमेरिका में चर्चा तेज है। ऐसे में इस मामले में इससे पहले न्यू हैम्पशायर, सैन फ्रांसिस्को और मैरीलैंड की अदालतें भी इस आदेश को असंवैधानिक बता चुकी हैं। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में निचली अदालतों को पूरे देश में रोक लगाने से मना किया था, लेकिन राज्यों और समूहों द्वारा दायर मुकदमों में अभी भी राष्ट्रव्यापी प्रभाव वाले फैसले दिए जा सकते हैं। हालांकि व्हाइट हाउस की ओर से अभी इस फैसले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### ट्रम्प बोले: हमास की वजह से सीजफायर डील टूटी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा में सीजफायर डील पर बातचीत टूटने के लिए हमास को जिम्मेदार ठहराया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ने आगे कहा मुझे लगता है कि हमास मरना चाहता है, और ये बहुत ही बुरी स्थिति है। अब वक्त आ गया है कि ये काम पूरा किया जाए। इससे कुछ हफ्ते पहले ट्रम्प ने कहा था कि गाजा में जल्द सीजफायर और बंधकों की रिहाई के लिए समझौता जल्द हो सकता है। इस हफ्ते ट्रम्प प्रशासन ने दोहा में चल रही बातचीत से अपने वार्ताकारों को वापस बुला लिया था। ट्रम्प ने कहा कि अब जब केवल कुछ ही बंधक बचे हैं, तो हमास की बातचीत में दिलचस्पी कम हो गई है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजरायली बंधकों की रिहाई में हमास सबसे बड़ी रुकावट है। यरूशलम पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने बताया कि इजरायल और अमेरिका अब मिलकर इस संकट से निपटने के लिए रास्ता खोज रहे हैं। नेतन्याहू ने कहा हम अमेरिका के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, ताकि बंधकों को वापस लाया जा सके। हमास के आतंक के शासन को खत्म किया जा सके।

# ईरान में आतंकवादी हमले में आठ लोगों की मौत, 13 घायल

■ हमले में मारे गए लोगों में पांच नागरिक और तीन हमलावर भी शामिल
■ हमले में घायल हुए कुछ लोगों की हालत गंभीर: आईआरजीसी

**तेहरान।** ईरान में सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी दक्षिण-पूर्वी शहर ज़ाहेदान में न्याय विभाग की इमारत पर शनिवार को हुए आतंकवादी हमले में कम से कम आठ लोग मारे गए और अन्य 13 घायल हो गए।

हमले में मारे गए लोगों में पांच नागरिक और तीन हमलावर भी शामिल हैं। अर्ध-सरकारी तस्नीम समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान समर्थित सुन्नी आतंकवादी संगठन जैश अल-जुल्म ने ली है। ईरान ने इसे एक आतंकवादी समूह घोषित किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि न्याय विभाग के परिसर में घुसते ही आतंकवादियों ने वहां मौजूद लोगों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे हताहतों की संख्या और बढ़ने की आशंका जताई गई है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने अपने आधिकारिक समाचार आउटलेट सेपा न्यूज़ पर प्रकाशित एक बयान में कहा कि उसके जवानों ने तीन आतंकवादियों को ढेर कर दिया है। आईआरजीसी ने बताया कि हमले में घायल हुए कुछ लोगों की हालत गंभीर है। सुरक्षा बल ने स्थिति को नियंत्रण कर लिया है। ज़ाहेदान यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज के प्रमुख मोहम्मद-हसन मोहम्मदी ने एक बयान में कहा कि सभी घायलों को पास के अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया है। प्रांतीय अधिकारियों ने लोगों से न्याय विभाग और आसपास के इलाकों से दूर रहने का आह्वान किया है। सुन्नी आतंकवादी संगठन जैश अल-जुल्म ने हाल के वर्षों में ईरानी सुरक्षा बलों और नागरिकों पर कई घातक हमले किए हैं।

# पाक में भारी वर्षा के कारण अब तक 266 लोगों की मौत

■ बारिश से जुड़े हादसों में पाक के पंजाब में सबसे जयादा 144 लोग मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पिछले 30 दिनों के दौरान मूसलाधार बारिश से संबंधित दुर्घटनाओं में 266 लोगों की मौत हो गई और 633 अन्य घायल हो गए। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के कल जारी आंकड़ों में इस आशय की सूचना दी गई।

एनडीएमए की नवीनतम स्थिति रिपोर्ट के अनुसार हालांकि पिछले 24 घंटों में बारिश के कारण कहीं से भी किसी की मृत्यु होने की कोई खबर नहीं है, लेकिन पांच लोगों के घायल होने का मामला सामने आया है। ये आंकड़े 26 जून से 25 जुलाई की अवधि के हैं। रिपोर्ट के मुताबिक बारिश से जुड़े हादसों में पंजाब में सबसे जयादा 144 लोग मारे गए और 493 घायल हुए। उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में 63 लोगों की मौत और 79 अन्य के घायल होने की खबरें हैं। रिपोर्ट के अनुसार सिंध में 25 से लोग मारे गए हैं, जबकि 40 अन्य घायल हुए हैं। बलूचिस्तान में 16 लोगों की मृत्यु होने और चार अन्य के घायल होने की खबर है। गिलगिट-बाल्टिस्तान और इस्लामाबाद में आठ लोग मारे गए, जबकि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में दो लोगों की जानें गईं। एनडीएमए द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार देश भर से प्राप्त इन आंकड़ों में बच्चों की मृत्यु का अनुपात काफी जयादा है। इनमें 126 बच्चों की मृत्यु और 209 अन्य के घायल होने की खबर है।

## साद में यमनी सेना और हूतियों के बीच संघर्ष में 10 सैनिकों की मौत

**अदन, यमन।** उत्तरी प्रांत सादा में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर हूती मिलिशिया द्वारा किए गए बड़े पैमाने के हमले को नाकाम कर दिया गया है। यमन के सरकार समर्थक बलों ने यह जानकारी दी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किए गए एक बयान में बलों ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने सादा प्रांत के उत्तर में अलेब सैन्य मोर्चे पर हूतियों के बड़े पैमाने के हमले को विफल कर दिया। बयान में कहा गया है कि इस संघर्ष में 10 सरकारी सैनिक मारे गए, जबकि दर्जनों दुश्मन लड़ाके मारे गए या घायल हुए। इसमें यह भी कहा गया है कि हूती आतंकवादियों के शव इलाके की घाटियों में बिखरे पड़े मिले और तीन हूती सैन्य वाहन नष्ट हो गए।

# इजरायली हमलों में मारे गए 25 फलस्तीनी

**दीर अल-बलाह।** गाजा पट्टी के दीर अल-बलाह में शनिवार को इजरायली हवाई हमलों और गोलीबारी में 25 लोग मारे गए। इस बीच, अमेरिका और इजरायल ने युद्धविराम वार्ता के लिए भेजी गई टीमों को वापस बुला लिया है और गाजा में फलस्तीनियों को भुखमरी का सामना करना पड़ रहा है।

स्वास्थ्य अधिकारियों और एंबुलेंस सेवा ने यह जानकारी दी। शिफा अस्पताल के कर्मचारियों ने बताया कि ज्यादातर लोग जिकिम क्रासिंग के पास मदद के लिए ट्रकों का इंतजार करते समय मारे गए। इजरायली सेना ने इस घटना पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अस्पताल और एंबुलेंस सेवा ने बताया कि हमलों में गाजा सिटी में चार लोग मारे गए, जो अपार्टमेंट पर थे। यह हमले ऐसे समय हुए हैं जब इजरायल और हमास के बीच

### मदद पाने की कोशिश में कई घायल



युद्धविराम वार्ता रुक गई है। अमेरिका और इजरायल ने अपनी वार्ता टीमों को वापस बुला लिया है, जिससे वार्ता के भविष्य को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उनकी सरकार हमास के साथ युद्धविराम वार्ता के अलावा 'वैकल्पिक विकल्प' पर विचार कर रही है। वहीं, हमास के एक अधिकारी ने कहा कि वार्ताअगले सप्ताह फिर शुरू हो सकती है और उन्होंने इजरायली और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडलों की वापसी को दबाव की रणनीति बताया। मिस्र और कतर ने कहा कि यह वार्ताएं अस्थाई रूप से रुकी हैं और फिर से शुरू होंगी। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि कब शुरू होंगी। ये दोनों देश अमेरिका के साथ मिलकर वार्ता में मध्यस्थता कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र और विशेषज्ञों का कहना है कि बेबस फलस्तीनियों के लिए जल्द युद्धविराम होना जरूरी है। गाजा के फलस्तीनियों को भूखमरी का

■ अमेरिका और इजरायल ने युद्धविराम वार्ता के लिए भेजी गई टीमों को वापस बुलाया

खतरा है और कुपोषण से मरने वालों की संख्या बढ़ रही है। हालांकि, इजरायली सेना का कहना है कि वह बिना किसी रोकटोक के मदद के ट्रकों को गाजा में प्रवेश करने दे रही है। लेकिन संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि इजरायली सैन्य प्रतिबंधों और लूटपाट की घटनाओं के कारण मदद कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कुछ दिन पहले भी जिकिम क्रासिंग पर गोलीबारी हुई थी, जिसमें 79 फलस्तीनियों की मौत हो गई थी, जो उसी क्रासिंग से मदद पाने की कोशिश कर रहे थे। इजरायली सेना ने उस वक्त कहा था कि उसके सैनिकों ने उन हजारों फलस्तीनियों पर गोली चलाई जो खतरा पैदा कर रहे थे।

# थाईलैंड-कंबोडिया संघर्ष में मौत का आंकड़ा 33 हुआ

## कंबोडिया बोला: पड़ोसी देश जानबूझकर जंग बढ़ा रहा, यूएन से संघर्ष रुकवाने की मांग

**बैंकाक/नोम पेन्ह।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच एक हजार साल पुराने दो शिव मंदिरों को लेकर शुरू हुआ संघर्ष तीसरे दिन भी जारी है। इस संघर्ष में अब तक 33 लोगों की मौत हो गई है। कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक लड़ाई में उसके 13 लोगों की मौत हुई है।

इनमें 8 नागरिक और 5 सैनिक शामिल हैं। इसके अलावा 71 लोग घायल हुए हैं। वहीं, थाईलैंड के भी 20 लोग मारे गए हैं। इनमें 14 नागरिक और 6 सैनिक शामिल है। कंबोडिया ने थाईलैंड पर जानबूझकर हमला करने का आरोप लगाया है और कहा है कि थाई सेना उनकी संप्रभुता का उल्लंघन कर रही है। कंबोडियाई प्रधानमंत्री हुन मानेट ने शनिवार को दावा किया कि मलेशिया की मध्यस्थता में 24 जुलाई की रात दोनों ही देश सीजफायर पर समहत हुए थे, लेकिन समझौते पर पहुंचने के

■ मरने वालों में कंबोडिया के आठ नागरिक, पांच सैनिक शामिल व 71 लोग घायल भी हुए

1 घंटे से भी कम वक्त में थाईलैंड ने अपना रुख बदल दिया और समझौते से हट गया। यूएन सुरक्षा परिषद की इमरजेंसी बैठक में कंबोडिया ने जंग को रुकवाने की मांग की है। इस मीटिंग में थाईलैंड ने कंबोडिया पर सीमावर्ती इलाके में बारूदी सुरंगें बिछने का आरोप लगाया। थाई राजदूत ने कहा कि कंबोडिया ने ही हमले शुरू किए। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने न्यूयार्क में बंद कमरे में एक आपात बैठक की। इसमें सभी 15 देशों ने दोनों पक्षों से संयम बरतने और कूटनीतिक समाधान निकालने की अपील की। कंबोडिया के यूएन राजदूत छेआ कीओ ने कहा हम बिना शर्त युद्धविराम चाहते हैं। हमारी कोई आक्रमण की मंशा नहीं है, हम एक छोटा देश हैं, हमारे पास एयरफोर्स तक नहीं है। विवाद को देखते हुए थाईलैंड स्थित भारतीय दूतावास ने एक ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। इसमें भारतीय नागरिकों से थाईलैंड और कंबोडिया सीमा के पास 7 राज्यों में जाने से बचने की अपील की गई है। इनमें उबोन रत्चथानी, सुरिन, सिसाकेत, बुरीराम, सा काओ, चंथाबुरी और ट्राट शामिल हैं। इसके अलावा इमरजेंसी की स्थिति में दूतावास से संपर्क करने के लिए कहा गया है। कंबोडिया ने जंग शुरू होने के बाद पहली बार हताहतों की संख्या बताई है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक अब तक 13 लोगों की मौत हुई है, जिसमें 5 सैनिक हैं। वहीं, 71 घायल हुए हैं, जिसमें 21 सैनिक हैं। सबसे ज्यादा नुकसान ओड्डार मीनचे प्रांत में हुआ है। लड़ाई की वजह से हजारों लोगों को सुरक्षित जगहों पर पलायन करना पड़ा है।

## कंबोडिया ने थाईलैंड के साथ जुड़े संघर्ष क्षेत्रों में उड़ानों पर लगाए प्रतिबंध

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया के नागरिक उड्डयन राज्य सचिवालय (एसएससीए) ने उन क्षेत्रों में सभी उड़ानों को प्रतिबंधित कर दिया है, जहां कंबोडिया और थाईलैंड के बीच संघर्ष चल रहा है। एसएससीए के राज्य सचिव सिन चांसरे वुथा ने एक ऑडियो संदेश में कहा कि सभी हवाई कंपनियों को सूचित कर दिया है कि संघर्ष क्षेत्रों से उड़ान न भरें और कोई भी जहाज समुद्री सतह से 12000 मीटर से कम की ऊंचाई पर न उड़े। पोइपेट शहर, पैलिन प्रांत और सिएम रीप प्रांत के कुछ हिस्सों को भी प्रतिबंधित क्षेत्र में शामिल कर दिया गया है। वुथा ने कहा कि सभी उपाय हवाई संचालन और नागरिकों की सुरक्षा को देखते हुए उठाये गए हैं।

# रूस ने गुप्त ड्रोन संयंत्र को किया सार्वजनिक

**मास्को।** रूस ने अपने ड्रोन संयंत्र और रूस के युद्ध प्रयास में इसके योगदान को सार्वजनिक करने का निर्णय लिया है और ड्रोन उत्पादन सुविधा के अंदर की पहली आधिकारिक झलक सार्वजनिक की है।

यह जानकारी सीएनएन ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में दी। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक अलाबुगा के कारखाने में विशिष्ट काले, त्रिकोणीय ईरानी डिज़ाइन वाले हमलावर ड्रोन (जिन्हें रूसी भाषा में गेरान कहा जाता है) पंक्तियों में लगे हुए हैं जो देश के सबसे बड़े ड्रोन कारखानों में से एक है। यह रूस का मुख्य हमलावर ड्रोन कारखाना है जो यूक्रेनी शहरों पर क्रेमलिन के बढ़ते ड्रोन हमले में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रिपोर्ट के मुताबिक इस बात के भी सबूत हैं कि युवाओं को न केवल अलाबुगा में ड्रोन संयोजन में बल्कि निर्माण कार्य में भी शामिल किया जा रहा है। अलाबुगा के महानिदेशक शगिवालेव ने कहा कि तीन वर्षों से ईरानी-डिज़ाइन किए गए शाहेद ड्रोन का उत्पादन करने वाला अलाबुगा अब पूरी तरह से ईरानी फैंचाइज़ी से पूरी तरह से स्थानीय उत्पादन में स्थानांतरित हो गया है। विज्ञान एवं अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा संस्थान (आईएसआईएस) के प्रमुख और संयुक्त राष्ट्र के पूर्व हथियार निरीक्षक डेविड अलब्राइट ने सीएनएन से कहा कि कारखाने पर से पर्दा उठाने का निर्णय दर्शाता है कि रूसी अधिकारी ड्रोन बनाने की अपनी क्षमता पर अधिक आश्वस्त महसूस कर रहे हैं। अलाबुगा ने 2023 में शाहेद ड्रोन का उत्पादन शुरू किया और अब यह सस्ते संस्करण भी बना रहा है (जिन्हें गेरबेरा के नाम से जाना जाता है)। पिछले अगस्त में यूक्रेन पर रूसी ड्रोन हमलों में तेज़ी आने के साथ ही इस संयंत्र का विस्तार शुरू हो गया था।



■ रूसी अधिकारी ड्रोन बनाने की अपनी क्षमता पर अधिक आश्वस्त महसूस कर रहे हैं

# दर्शकों को खूब पसंद आ रही सैयारा



## नौवें दिन 200 करोड़ क्लब में शामिल हुई सैयारा बॉक्स ऑफिस पर कब्जा कर, बनी 2025 की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म

**मुंबई।** फिल्म सैयारा ने बॉक्स ऑफिस पर कब्जा कर लिया है। 18 जुलाई 2025 को सिनेमाघरों में लगी इस फिल्म ने शानदार ओपनिंग के साथ शुरुआत की। इसके पहले दिन की कमाई और दर्शकों की प्रतिक्रिया से ही अंदाजा हो गया कि यह फिल्म कमाल करने वाली है और ऐसा ही हो रहा है। हर दिन नए रिकॉर्ड बना रही इस फिल्म ने आज शनिवार को नौवें दिन एक और उपलब्धि दर्ज की है। यह 200 करोड़ी बन गई है। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर 21.5 करोड़ रुपये जुटाए। महज चार दिनों में यह 100 करोड़ी बन गई थी। इस फिल्म ने पहले सप्ताह में बॉक्स ऑफिस पर 172.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। कल आठवें दिन इसकी कमाई 18 करोड़ रुपये रही। वहीं, खबर लिखे जाने तक प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक आज शनिवार को फिल्म ने अब तक 11.21 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। वीकएंड पर एक बार फिर दर्शकों की भीड़ इस फिल्म को देखने उमड़ पड़ी है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का टोटल नेट कलेक्शन 201.96 करोड़ रुपए हो गया है। देश के साथ-साथ वर्ल्डवाइड भी फिल्म का जलवा बरकरार है।

यह वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में इस साल की दूसरी सबसे ज्यादा कमाऊ फिल्म बन गई है। वर्ल्डवाइड कमाई के मामले में रेस में सिर्फ विक्की कौशल की फिल्म छावा इससे आगे है। सैयारा ने वर्ल्डवाइड 278.6 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। वहीं, छावा का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 797.34 करोड़ रुपये है। इस साल की बाकी फिल्मों को सैयारा ने धूल चटा दी है। सितारे जमीन पर, हाउसफुल 5, रेड 2 सभी इससे पीछे हैं। फिल्म सैयारा एक रोमांटिक म्यूजिकल लव स्टोरी फिल्म है। यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म के जरिए अहान पांडे और अनीत पड्डा दोनों ने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखे हैं। पहली ही फिल्म से दोनों ने दर्शकों पर जादू कर दिया है। फिल्म सैयारा का बजट करीब 50 करोड़ रुपए है।

## सैयारा की सफलता के बाद पहली बार दिखाई दीं अनीत

**मुंबई।** एक्ट्रेस अनीत पड्डा अपनी पहली ही फिल्म सैयारा से सफलता का स्वाद चख चुकी हैं। फिल्म की सक्सेस के बाद अनीत को पहली बार पब्लिक प्लेस पर देख गया है। 23 जुलाई को अनीत मुंबई में एक सैलून से बाहर देखी गईं, जहां उनका सामना फोटोग्राफरों से हुआ। वायरल वीडियो में अनीत ब्लू डेनिम और मैचिंग शर्ट पहने नजर आ रही हैं। साथ ही उन्होंने ने अपने चेहरे पर मास्क लगा रखा है। सैलून के बाहर फोटोग्राफर और भीड़ को देखकर वह चौंक जाती हैं, जिसके बाद उन्हें तुरंत कार तक ले जाया गया। अनीत न सिर्फ फोटोग्राफरों से बचते दिखीं बल्कि उन्होंने एक फैन की सेल्फी रिक्वेस्ट को भी मना कर दिया। फैन की सेल्फी रिक्वेस्ट मना करने पर सोशल मीडिया पर मिक्स रिएक्शन मिल रहा है। कुछ लोगों ने अनीत को घमंडी कह रहे हैं, तो कुछ ने उनका बचाव किया। एक यूजर ने लिखा- वाह, क्या एटीट्यूड है। वहीं, अनीत के फैन ने उनका बचाव करते हुए लिखा- उस कैमरा और पैपराजी की आदत नहीं है। उसे कुछ समय दीजिए। वहीं, एक यूजर ने लिखा- यशराज ने उन्हें मीडिया से दूरी बनाने के लिए कहा है। अनीत के एक और फैन ने लिखा- यह उसका पहली बार है दोस्तों। उसे इसकी आदत नहीं है। बता दें कि अनीत पड्डा और अहान पांडे ने यशराज फिल्म्स की फिल्म सैयारा से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया है। इस फिल्म को मोहित सूरी ने डायरेक्ट किया है। इस फिल्म के साथ मोहित सूरी ने तीन साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी की है।



# वॉर 2 में कैमियो करेंगी आलिया

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट फिल्म वॉर 2 में कैमियो करती नजर आ सकती हैं। अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी आदित्य चोपड़ा निर्मित फिल्म वॉर 2 में ऋतिक रोशन, एनटीआर जूनियर और कियारा आडवाणी की मुख्य भूमिका है। वॉर 2 का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। चर्चा है कि वॉर 2 में आलिया भट्ट भी नजर आ सकती हैं। कहा जा रहा है कि आलिया इस फिल्म में एजेंट की भूमिका में नजर आने वाली है। आलिया ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म वॉर 2 का ट्रेलर शेयर किया और इसके कैप्शन में लिखा, मजेदार। उन्होंने कैप्शन में लिखा, मेरे नजदीकी सिनेमाघरों में मिलती हूं। इस पोस्ट के सामने आने के बाद से ही मीडिया पर कयास लगाए जा रहे हैं कि आलिया भट्ट फिल्म वॉर 2 में कैमियो करती नजर आ सकती हैं। फिल्म वॉर 2, 14 अगस्त को हिदी, तेलुगु व तमिल में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# महावतार नरसिम्हा ने रिकॉर्ड तोड़ रेटिंग हासिल की

**मुंबई।** होम्बले फिल्म्स और क्लीम प्रोडक्शन्स की फिल्म महावतार नरसिम्हा ने आईएमडीबी और बुक माय शो पर रिकॉर्ड तोड़ रेटिंग हासिल की है।

फिल्म महावतार नरसिम्हा, सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। शानदार दृश्य, बड़ा पैमाना और दिलचस्प कहानी के साथ यह फिल्म एक जबरदस्त कामयाबी के रूप में सामने आई है, जो भारतीय संस्कृति और परंपरा की खूबसूरती को अच्छे तरीके से दिखाती है। महावतार नरसिम्हा एक शानदार सिनेमाई अनुभव से कम नहीं है, जिसकी गूंज पूरे देश में सुनाई दे रही है। फिल्म को मिल रही जबरदस्त सराहना के बीच इसकी रेटिंग्स भी रिकॉर्ड तोड़ रही हैं। बुक माय शो पर 9-8/10, गूगल पर 5/5 और आईएमडीबीपर 9-8/10। यह रेटिंग्स किसी भी भारतीय फिल्म के लिए अब तक की सबसे ऊंची मानी जा रही हैं, जो दर्शकों से मिल रहे अपार प्यार और सम्मान को साफ दिखाती हैं। महावतार नरसिम्हा का निर्देशन अश्विन कुमार ने किया है और इसे शिल्पा धवन, कुशल देसाई और चैतन्य देसाई ने क्लीम प्रोडक्शंस के तहत प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म 3 डी और पांच भारतीय भाषाओं में रिलीज की गई है।

# एक जैसे किरदारों को दोहराने में दिलचस्पी नहींः सिद्धांत

**मुंबई।** अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी का कहना है कि उन्हें कभी भी फिल्मों में एक जैसे किरदार को दोहराने में दिलचस्पी नही रही है। सिद्धांत चतुर्वेदी जल्द ही फिल्म धड़क 2 में तृप्ति डिमरी के साथ नजर आएंगे। वह एक बार फिर एक ऐसी भावनात्मक दुनिया में कदम रख रहे हैं जो उनके लिए अबतक अनछुई रही है। पारंपरिक ढांचे से हटकर किरदार चुनने के लिए पहचाने जाने वाले सिद्धांत ने कहा कि उन्हें कभी खुद को दोहराने में दिलचस्पी नहीं रही। उन्होंने कहा, यदि लोगों को मेरा कोई एक रोल पसंद आया, इसका मतलब यह नहीं कि मैं वही करता रहूं। असली मजा है खुद को बदलने में और हर बार खुद को एक नई चुनौती देने में है। सिद्धांत ने कहा, मैं यहां मार्केट बनाए रखने नहीं, उसे हिलाने आया हूं। मैं अलग-अलग उम्र के लोगों, अलग इलाकों और सोच रखने वाले दर्शकों से जुड़ना चाहता हूं। तभी मैं सिर्फ एक अभिनेता नहीं, एक इंसान के तौर पर भी आगे बढ़ता हूं।

## बॉर्डर 2 की शूटिंग पूरी की

**मुंबई।** मशहूर पंजाबी गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ ने अपनी आने वाली फिल्म बॉर्डर 2 की शूटिंग पूरी कर ली है। जेपी दत्ता निर्देशित वर्ष 1997 में प्रदर्शित फिल्म बार्डर में सनी देओल, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ और अक्षय खन्ना थे। फिल्म बार्डर 2 में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी की अहम भूमिका होगी।



# ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर बैन के बाद एकता ने दी सफाई

## कहाः मेरा और मेरी मां का इस प्लेटफार्म से कोई लेना-देना नहीं है

**मुंबई।** ALTT, Ullu समेत 25 ओटीटी ऐप्स पर बैन लगने के बाद एकता कपूर ने कहा है कि ALTT से उनका और उनकी मां शोभा कपूर का कोई लेना-देना नहीं है। इस मामले को लेकर बयान जारी कर एकता कपूर ने इंस्टाग्राम पर लिखा बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड, जो BSE और NSE में लिस्टेड एक प्रोफेशनल तरीके से चलने वाली मीडिया कंपनी है। हाल ही में ALTT डिजिटल मीडिया एंटरटेनमेंट लिमिटेड (जो पहले इसकी पूरी तरह से अपनी कंपनी थी) के साथ हाल ही में विलय के बाद 20 जून, 2025 से ALTT का संचालन कर रही है। मीडिया में ऐसी खबरें चल रही हैं कि ALTT को सरकार ने बंद कर दिया है, लेकिन इन खबरों के उलट, एकता कपूर और शोभा कपूर का ALTT से अब कोई भी सबंध नहीं है। वे जून 2021 में ही ALTT से अलग हो चुकी हैं। अगर कोई इसके उलट दावा करता है, तो वह गलत है।

मीडिया से अनुरोध है कि सही और सटीक जानकारी ही दी जाए। बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड सभी लागू कानूनों का पूरी तरह पालन करती है और अपना काम सबसे ऊंचे कार्पोरेट नियमों के साथ करती है।




ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782
9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट

THE S.D. DEGREE COLLEGE
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)
JANSATH ROAD, NIRANA, Muzaffarnagar (U.P)
Invite Applications for the
APPOINTMENT OF PRINCIPAL & FACULTIES for
B.A. Hindi, English, History, Political Science, Drawing, Education & Sociology
B.Com. Commerce
B.Sc. Physics, Chemistry, Maths, Zoology, Botany
Eligibility & Salary :- As per University Norms
Interested candidates may send their resume to thesddegree@gmail.com